


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 367 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र शु.1 2081 रविवार, 30 मार्च-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## 'पर्यावरण के प्रति संवेदनशील जीवनशैली अपनाएं'

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोगों से अपील की है कि वे पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवेदनशील जीवनशैली को अपनाएं। राष्ट्रपति ने कहा कि इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण हो सकेगा, बल्कि इससे पर्यावरण ज्यादा जीवंत बनाया जा सकता है। शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पर्यावरण 2025 राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ये बातें कही। राष्ट्रपति ने कहा कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारा नैतिक कर्तव्य है। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि विकास की भारतीय विरासत का आधार 'पोषण है, शोषण नहीं, संरक्षण है, उन्मूलन नहीं'।




# 17 नक्सलियों का एनकाउंटर

> इनमें झीरम कांड का आरोपी भी > 25 लाख का इनामी था > नक्सलियों के शव कंधे पर लादकर लाए जवान



सुकमा, 29 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और सीआरपीएफ के 500-600 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया। मामला केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली का है। मारे गए नक्सलियों में नक्सल संगठन में एसजेड़ सीएम- स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है। बुधरा पर 25 लाख का इनाम घोषित था। बुधरा दरभा घाटी के झीरम कांड में शामिल था। इस वारदात में कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े कांग्रेसी लीडर मारे गए थे।

डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि 17 नक्सलियों के शवों के साथ इंसास, एसएलआर जैसे ऑटोमैटिक वेपंस भी बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में बड़े कैडर्स के भी हैं। पहचान की जा रही है। मुठभेड़ में डीआरजी के 2 जवान भी जख्मी हुए हैं, जो खतरे से बाहर हैं। डीआईजी ने बताया कि ऑपरेशन लगभग खत्म हो गया है। डीआरजी के जवान करीब 10 किलोमीटर पैदल चलकर शवों को कंधे पर लादकर जंगल से लौट रहे हैं। वहीं सीआरपीएफ के जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। इससे पहले 25 मार्च को सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपये के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर समेत 3 नक्सलियों को मार गिराया था। बस्तर रेंज में जवानों ने 2025 में मुठभेड़ में 100 नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। इसमें 20 मार्च से 29 मार्च के बीच, यानी 10 दिन में ही 49 नक्सली मारे गए हैं।

**नक्सलवाद पर एक और प्रहार**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। ऑटोमैटिक हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। शाह ने कहा कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास ही बदलाव लाया जा सकता है। नक्सलियों से हथियार छोड़कर सरेंडर करने की अपील की है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अप्रैल को बस्तर के दंतेवाड़ा जाएंगे। यहां नक्सल ऑपरेशन को लेकर मंत्री और अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे।

**नक्सलवाद जड़ से खत्म करने का काम कर रहे जवान :**

वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलवाद के नासूर को खत्म करने की दिशा में छत्तीसगढ़ के बढ़ते कदम हैं। सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों की मांद में घुसकर उसको जड़ से खत्म करने का काम कर रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है, उनकी बहादुरी को नमन करता हूं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार भी एक गोली नहीं चलाना चाहती। बहुत अच्छी सरेंडर पॉलिसी है। नक्सलियों को सरेंडर करना चाहिए। कई राज्य ऐसे हैं, जहां लोग पहले नक्सली थे, लेकिन सरेंडर कर चुनाव लड़े और चुनाव जीतकर मंत्री बने हैं।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी

> समझौते की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं दोनों देश

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। भारत और अमेरिका के अधिकारियों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत का एक दौर शनिवार को पूरा कर लिया। सरकारी सूत्रों के अनुसार, वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। इस बैठक में अमेरिका के अधिकारियों की टीम का नेतृत्व साउथ और सेंट्रल एशिया के लिए असिस्टेंट अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ब्रेंडन लिंच ने किया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत समझदार व्यक्ति और अच्छे मित्र बताया। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच टैरिफ से जुड़ी बातचीत अच्छे परिणाम देगी। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रंप भारत पर अमेरिकी सामानों पर ऊंचे टैरिफ लगाने का आरोप लगाते रहे हैं। अमेरिका ने कई देशों पर प्रतिशोधी टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जिसमें भारत भी शामिल हो सकता है।

# मालदा में हिंसा-इंटरनेट बंद, 34 गिरफ्तार

> उपद्रवियों ने दुकानें-गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा-कलकत्ता हाईकोर्ट ने रिपोर्ट मांगी

मालदा, 29 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 26 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं।

हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को डीएम और एसपी से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा प्रभावितों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था। कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। इस दौरान भीड़ ने दुकानों, घरों और गाड़ियों में तोड़फोड़ और लूट की।

**पुलिस ने लाठीचार्ज की, आंसू गैस छोड़े :**

स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे। नारेबाजी कर रहे लोग अचानक हिंसक हो गए और दुकानों, घरों में तोड़-फोड़ की, सामान लूटा और सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे।

मालदा पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे शांति बनाए रखें। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के अफवाह या गलत सूचना पर ध्यान न दें। कुछ लोगों के द्वारा जानबूझकर हिंसा भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। अफवाह की कोई भी जानकारी दिखे या सुनें तो पुलिस को जानकारी दें।

# सेना-आतंकियों के बीच फिर एनकाउंटर

> सुरक्षाबलों ने 4-5 आतंकियों को घेरा, 3 दिन में दो आतंकी ढेर, 4 जवान शहीद

कठुआ, 29 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सोफियान जंगल इलाके में तीसरे दिन फिर से सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है।

सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन को तेज कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, सोफियान जंगल इलाके में 4 से 5 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, जिसके दौरान फायरिंग शुरू हो गई। 27 मार्च से चल रहे एनकाउंटर में अब तक 2 आतंकी मारे गए। इसके अलावा सुरक्षाबलों के चार जवान शहीद हुए हैं और तीन अन्य घायल हैं। डीजीपी नलिन प्रभात ने बताया- आतंकवादियों के खात्मे तक ऑपरेशन जारी रहेगा। 28 मार्च को ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के जवान तारिक अहमद, जसवंत सिंह, जगबीर सिंह और बलविंदर सिंह की गोली लगने से मौत हो गई थी। वहीं, डीएसपी धीरज सिंह समेत तीन जवानों का इलाज जारी है।

डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी मुठभेड़ में घायल पुलिसकर्मियों का हालचाल जानने के लिए जम्मू मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षाबलों को करीब 5 आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी।

# 'बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ये अस्वीकार्य'

> प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट के जज सख्त



नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के जज विक्रम नाथ ने प्रदूषण को चिंता जाहिर करते हुए कहा कि, जहां बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ऐसा माहौल अस्वीकार्य है। विज्ञान भवन में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन-2025 के उद्घाटन सत्र के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने यह भी कहा कि ऐसे समाधान तलाशने की आवश्यकता है जो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें और सरकार की नीतियों को हरित प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बता दें कि, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थीं।

**प्रदूषण के खिलाफ हमें साथ आना चाहिए :**

इस मौके पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा, भारत की राजधानी में नियमित रूप से उच्च स्तर का प्रदूषण होता है। मेरा मानना है कि हम सभी इस बात से सहमत हो सकते हैं कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना स्वीकार्य नहीं है, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए मास्क की आवश्यकता हो या कम उम्र में श्वसन संबंधी बीमारियों की चिंता हो। उन्होंने कहा, यह कार्रवाई के लिए एक तत्काल आह्वान है, एक संकेत है कि हमें उत्सर्जन को विनियमित करने, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में निवेश करने और टिकाऊ परिवहन विकल्पों के बारे में सोचने के लिए एक साथ आना चाहिए, जो हमारे द्वारा सांस लेने वाली हवा से समझौता किए बिना आर्थिक प्रगति की अनुमति देता है।

**पवित्र और प्राचीन नदियां अपशिष्ट से भरी हुई हैं**

उन्होंने जल प्रदूषण को एक अन्य प्रमुख चिंता के रूप में चिन्हित किया, उन्होंने कहा कि कई पवित्र और प्राचीन नदियां अनुपचारित अपशिष्ट से भरी हुई हैं। जब मैं इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी यादों और चिंता का मिश्रण महसूस होता है... पुरानी यादों के लिए कि ये जल कितने जीवंत और शुद्ध थे और हमारी असमर्थता के लिए चिंता कि हम उन्हें उनके प्राकृतिक गौरव में संरक्षित कर सकें। औद्योगिक अपशिष्ट का उपचार करना, सीवेज अवसंरचना को बढ़ाना और स्थानीय समुदायों को नदी के किनारों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक कदम हैं।

## 'बैंकों को लूट का कलेक्शन एजेंट बना रही सरकार'

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। एटीएम से धन निकासी शुल्क बढ़ाने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने बैंकों को लूट का कलेक्शन एजेंट बना दिया है। बैंकों की ओर से लगाए गए शुल्कों को सूची साझा करते हुए खड़गे ने कहा कि दर्दनाक मूल्य वृद्धि और बेलगाम लूट भाजपा का मंत्र है। खड़गे ने एक्स पर लिखा कि दुर्भाग्यवश मोदी सरकार ने हमारे बैंकों को कलेक्शन एजेंट बना दिया है। एटीएम से पैसे निकालने का शुल्क महंगा होगा। बैंक लूटने वाले कलेक्शन एजेंट बनकर रह गए हैं। मोदी सरकार ने 2018 से 2024 के बीच बचत खातों और जन धन खातों से न्यूनतम शेष राशि न रखने के कारण कम से कम 43,500 करोड़ रुपये निकाले हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को लूटने के लिए बैंकों द्वारा लगाए जाने वाले अन्य शुल्क हैं।

# 'भाई-भतीजावाद और कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को संकट में डाला'

> राहुल गांधी ने भाजपा पर साधा निशाना



नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक निजी बैंक के कुछ कर्मचारियों से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने भाजपा पर बंकिंग क्षेत्र को संकट में डालने जैसा गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के भाई-भतीजावाद और नियामक कुप्रबंधन ने भारत के बैंकिंग क्षेत्र को संकट में डाल दिया है, जिसके चलते जूनियर कर्मचारियों को तनाव और तनावपूर्ण कार्य स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

**भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप**

साथ ही राहुल गांधी ने भाजपा पर अपने अरबपति मित्रों के लिए 16 लाख करोड़ रुपये के ऋण माफ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस आर्थिक कुप्रबंधन की कीमत हजारों ईमानदार कामकाजी पेशेवरों को चुकानी पड़ रही है। उन्होंने आईसीआईसीआई बैंक के पूर्व कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ अपनी बैठक का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें कर्मचारी बता रहे थे कि बैंक में कुप्रबंधन के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ा।

**कर्मचारियों के लिए लड़ने का किया आह्वान :**

राहुल गांधी ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी इन कामकाजी पेशेवरों के अधिकारों के लिए लड़ेगी और उनके कार्यस्थल पर अतरिक्त तनाव को समाप्त करने की कोशिश करेगी। साथ ही राहुल गांधी ने उन लोगों से भी आग्रह किया जिन्होंने इसी तरह के अन्याय का सामना किया है। राहुल गांधी ने कहा कि वैसे लोग मुझे संदेश भेजे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आईसीआईसीआई बैंक के 782 पूर्व कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने संसद में उनसे मुलाकात की।

उन्होंने कर्मचारियों की कहानियों में कार्यस्थल पर उत्पीड़न, जबरी स्थानांतरण, एनपीए उल्लंघकों को अनैतिक तरीके से ऋण देने का खुलासा करने के बाद प्रतिशोध और बिना उचित प्रक्रिया के बर्खास्तगी जैसी समस्याओं का खुलासा हुआ। राहुल गांधी ने ये भी बताया कि ऐसे दो मामलों में तो इन घटनाओं के कारण आत्महत्या तक हो गई। साथ ही राहुल गांधी ने कहा कि कर्मचारियों ने बताया कि इस तरह की अन्यायपूर्ण प्रथाएं केवल आईसीआईसीआई बैंक तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि ये निजी क्षेत्र के बैंकों में भी एक व्यापक प्रवृत्ति बन चुकी हैं, जो अधिक से अधिक लाभ कमाने के दबाव से प्रेरित हैं।




# भूकंप में मृतकों का आंकड़ा 1644 तक पहुंचा

> 3400 से अधिक घायल, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

बैंकॉक, 29 मार्च (एजेंसियां)। म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप में लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में आए भूकंप के बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1644 तक पहुंच गया है। वहीं 3400 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। इसके साथ ही म्यांमार में रेस्क्यू ऑपरेशन बड़े पैमाने पर जारी है। बता दें कि, 28 फरवरी को म्यांमार लगातार छह भूकंप के झटकों से थर्रा गया था और ये सिलसिला आज भी बरकरार रहा है। कल से लेकर आज तक म्यांमार में कुल 16 बार भूकंप के झटके लगे हैं।

**म्यांमार में उच्च स्तर पर भूकंप का खतरा**

यूरेशियन और इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेटों के बीच टकराव के कारण, म्यांमार में भूकंपीय खतरा उच्च स्तर पर है। अंतर्राष्ट्रीय भूकंपीय केंद्र की तरफ से बताए गए भूकंप मापदंडों के अनुसार, 1990 से 2019 तक हर साल म्यांमार और उसके आसपास के इलाकों में 3.0 से अधिक या उसके बराबर परिमाण वाली लगभग 140 घटनाएं हुई हैं। जिससे प्रमाणित होता है कि, म्यांमार मध्यम और बड़ी तीव्रता वाले भूकंपों के खतरों के प्रति संवेदनशील है, जिसमें इसकी लंबी तटरेखा के साथ सुनामी के खतरे भी शामिल हैं। सागाइंग फॉल्ट सागाइंग, मांडले, बागो और यांगून के लिए भूकंपीय खतरे को बढ़ाता है, जो म्यांमार की आबादी का 46 प्रतिशत हिस्सा है।

भारत संकट के समय म्यांमार के साथ खड़ा है। 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत भारत ने भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों के लिए 15 टन सामग्री, 80 सदस्यीय एनडीआरएफ की टीम और एक फील्ड अस्पताल को मदद के लिए भेजा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार के जनरल से भी बातचीत की है। पीएम मोदी सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा, म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।\

## म्यांमार में भूकंप से मची तबाही के बीच सेना ने नागरिकों पर बरसाए बम

नेपीडा, 29 मार्च (एजेंसियां)। भूकंप से मची तबाही के बीच भी म्यांमार की सेना अपने ही लोगों पर एयरस्ट्राइक और ड्रोन हमले कर रही है। म्यांमार की सेना, जिसे जुंटा कहा जाता है, वो अभी भी बेरहमी से लोगों को मार रही है।

दरअसल, म्यांमार में फरवरी 2021 में सेना ने देश की सरकार का तख्तापलट कर दिया था। उसके बाद से म्यांमार गृहयुद्ध की आग में जल रहा है, जिसमें सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। सेना और आम लोग आमने सामने हैं। देश में कई विद्रोही गुटों का निर्माण हुआ है, जिन्होंने लगातार सेना के साथ मुकाबला किया है। जिसकी वजह से म्यांमार लगातार गृहयुद्ध की आग में जलता आया है। लेकिन किसी प्राकृतिक आपदा के वक्त लोगों पर बमबारी करना क्रूरता की सभी हदों को पार करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि म्यांमार में भूकंप के बाद भी सैन्य परिषद ने हवाई हमले और ड्रोन हमलों को जारी रखा है।

# भारत मदद के लिए आगे आया, यांगून पहुंची राहत सामग्री

> पीएम मोदी ने म्यांमार के जनरल से की बात




नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। भूकंप से प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए भारत आगे आया है। भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत राहत सामग्री भेजी है। वायुसेना का विमान सी-130 जे करीब 15 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंच गया है। इसमें टेंट, कंबल, स्लीपिंग बैग, खाने के पैकेट, स्वच्छता किट, जनरेटर और आवश्यक दवाएं भेजी गईं हैं। वहीं पीएम मोदी ने म्यांमार के जनरल से बात की है।

म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार को आए भूकंप ने भयंकर तबाही मचाई। अकेले म्यांमार में भूकंप में एक हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सैकड़ों लोग लापता हैं। वहीं इस भूकंप में अभी तक 1500 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। भारत ने भी पड़ोसी देश म्यांमार की मदद का एलान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार की हर संभव सहायता करने की बात कही थी।

**पीएम मोदी ने म्यांमार के जनरल से की बात :**

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा कि भारत भीषण भूकंप से प्रभावित म्यांमार के लोगों की सहायता के लिए आगे आकर कार्य कर रहा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत टेंट, कंबल, स्लीपिंग बैग, भोजन के पैकेट, स्वच्छता किट, जनरेटर और आवश्यक दवाओं सहित 15 टन राहत सामग्री की हमारी पहली खेप यांगून पहुंच गई है।

# भ्रामक खबरों को लेकर फडणवीस सरकार का फैसला

## > विभागों को दिए त्वरित प्रतिक्रिया देने के निर्देश



मुंबई, 29 मार्च (एजेंसियां)। भ्रामक खबरों से खराब होने वाली छवि को सुधारने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य के सामान्य प्रशासनिक विभाग (जीएडी) ने सरकार के कामकाज के बारे में गलत सूचना और भ्रामक सामग्री को लेकर विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं। गलत या भ्रामक खबरों को लेकर विभागों को त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया है।

पिछले दिनों सीएम देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई बैठक में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाने के लिए एक प्रोटोकॉल स्थापित किया गया। इसके तहत संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं या कार्यक्रमों के बारे में गलत खबरों की पहचान करना और जवाब देने के लिए कहा गया। अब इसे लेकर आधिकारिक आदेश जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि यदि सरकार ऐसी खबरों/घटनाओं की गंभीरता पर विचार करती है और उन पर त्वरित प्रतिक्रिया देती है, तो इससे जनता के मन में सरकार की छवि को बढ़ाने में मदद मिलती है। सरकार ने पाया कि राज्य सरकार के विभाग कामकाज के बारे में विभिन्न मीडिया में प्रकाशित निराधार/भ्रामक समाचारों पर त्वरित प्रतिक्रिया नहीं देते हैं।

पत्र में कहा गया है कि सरकारी विभागों से अपेक्षा की जाती है कि वे प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित भ्रामक या गलत समाचार पर क्रमशः 12 घंटे और दो घंटे के भीतर स्पष्टीकरण जारी करें। इसके अलावा उनको ऐसे समाचारों पर सुधार या स्पष्टीकरण के लिए मीडिया घरानों से संपर्क करने का काम सौंपा गया है। परिपत्र में कहा गया है कि दो फरवरी 2025 को कैबिनेट बैठक के दौरान फडणवीस द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सरकार सभी मंत्रिस्तरीय विभागों के लिए एक विस्तृत सूचनात्मक प्रारूप तैयार करने के मुद्दे पर विचार कर रही थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विभिन्न लोकप्रिय मीडिया में प्रकाशित राज्य सरकार के कामकाज/कार्यप्रणाली के संबंध में प्रतिक्रिया योग्य समाचारों के बारे में तथ्यात्मक जानकारी संबंधित विभाग से तुरंत उपलब्ध हो। इसमें कहा गया है कि सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय विभागों से प्राप्त फीडबैक/तथ्य पत्रों का अनुसरण संबंधित प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को करेगा, ताकि उन्हें यथाशीघ्र प्रसारित किया जा सके। यदि सरकार उचित तरीके से और निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर उन खबरों पर प्रतिक्रिया देती है, जो प्रतिक्रिया के योग्य हैं और मीडिया में प्रकाशित होती हैं, तो इससे जनता को सरकार की योजनाओं और नीतियों के बारे में तथ्यात्मक और सकारात्मक जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# 26/11 हमला : बलिदानी तुकाराम ओंबले के सम्मान में महाराष्ट्र

**सरकार का ऐतिहासिक कदम, बनेगा भव्य स्मारक**

मुंबई, 29 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने 26/11 के आतंकी हमले में शहीद हुए मुंबई पुलिस के सब-इंस्पेक्टर तुकाराम ओंबले के सम्मान में एक स्मारक बनाने का निर्णय लिया है। यह स्मारक सतारा जिले में उनके पैतृक गांव केदांबे में बनाया जाएगा, जहां तुकाराम ओंबले का जन्म हुआ था। महाराष्ट्र सरकार ने इस स्मारक के निर्माण के लिए 13.46 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। इस मंजूरी के बाद, स्वीकृत राशि की पहली किस्त 2.70 करोड़ रुपये शुक्रवार को जिला प्रशासन को प्रदान कर दी गई है। बता दें कि यह स्मारक तुकाराम ओंबले की वीरता और बलिदान को सम्मानित करने के लिए बनाया जाएगा, जिन्होंने 26/11 के हमले के दौरान आतंकवादियों से मुकाबला करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

एक नजर ओंबले के बलिदान पर 26/11/2008 का वो काला दिन जब समुद्र के रास्ते पाकिस्तान से आए 10 आतंकवादियों द्वारा देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में खूनी खेल खेला गया था। इस हमले में कई निर्दोष मारे गए थे। इन आतंकवादियों में सबसे खूंखार आतंकवादी अजमल कसाब था, जिसने रक्तपात का ऐसा खूनी खेल खेला जिससे पूरी दुनिया सन्न रह गई थी। कसाब उन आतंकी हमले में अकेला ऐसा पाकिस्तानी आतंकी था जिसे जिंदा पकड़ा गया था। इस हमले का मास्टर माइंड आतंकी कसाब को जिंदा पकड़ने के लिए काफी कोशिशें की गई थी लेकिन बार-बार वह चकमा दे रहा था। आखिर में मुंबई पुलिस में बतौर सहायक इंस्पेक्टर तैनात रहे तुकाराम ओंबले ने सिर्फ एक लाठी के सहारे उसे पकड़ लिया।

# आरजी कर मामला : सीबीआई ने जमा की स्टेटस रिपोर्ट

**बताया-नहीं हुआ सामूहिक दुष्कर्म, एक ही शख्स ने किया घिनौना काम**



कोलकाता, 29 मार्च (एजेंसियां)। आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में शुक्रवार को सीबीआई ने कलकत्ता हाईकोर्ट में केस डायरी पेश की और स्टेटस रिपोर्ट भी जमा की। इस दौरान न्यायाधीश के सवाल के जवाब में सीबीआई ने बताया कि जूनियर डॉक्टर के साथ सामूहिक दुष्कर्म नहीं हुआ, बल्कि एक ही व्यक्ति ने यह घिनौना काम किया। कोर्ट के निर्देश के तहत शुक्रवार को सीबीआई ने हाईकोर्ट में केस डायरी पेश की। इसके साथ ही जांच एजेंसी ने स्टेटस रिपोर्ट भी जमा की। उसी रिपोर्ट में प्रमाणों का हवाला देते हुए सीबीआई ने बताया कि यह दुष्कर्म की घटना थी। सुनावई के दौरान सीबीआई ने बताया कि पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म नहीं हुआ था। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक विभाग की जांच में सामने आया कि केवल एक व्यक्ति ने यह घिनौना काम किया था। न्यायाधीश तीर्थंकर घोष ने कहा, मैं जानना चाहता हूं, अगर सामूहिक दुष्कर्म हुआ है, तो क्या जांच में किसी का नाम आया है।

इस पर सीबीआई ने बताया कि सभी प्रमाणों को डीएनए परीक्षण के लिए फॉरेंसिक को भेजा गया था। 14 डॉक्टरों की टीम ने काम किया था। उन्होंने बताया कि केवल एक व्यक्ति इस अपराध में शामिल था। सीबीआई के वकील ने यह भी बताया कि अस्पताल से जुड़े सभी नर्स और डॉक्टरों से पूछताछ की गई है। इसके बाद न्यायाधीश ने पूछा, अगर ऐसा है, तो अब सीबीआई क्या कर रही है। सीबीआई ने कहा, हम देख रहे हैं कि क्या कोई बड़ा षड्यंत्र है और क्या प्रमाणों को नष्ट किया गया है। फोन कॉल डिटेल्स सब देखी जा रही हैं। न्यायाधीश ने सवाल किया, षड्यंत्र का मतलब क्या। इस पर सीबीआई ने कहा, इसका मतलब है, पोस्ट ऑफेंस कंडक्ट।

# सरदार पटेल की 6 बीघा जमीन हड़पी

## > 3 दोषियों को 2 साल की जेल > धोखाधड़ी के खुलासे के 13 साल बाद फैसला



नडियाद, 29 मार्च (एजेंसियां)। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की गुजरात के खेड़ा जिले गाडवा गांव में पुरखों की जमीन फर्जीवाड़ा कर हड़पने के मामले में 3 दोषियों को 2 साल कैद की सजा सुनाई गई है। महेमदाबाद कोर्ट के जज विशाल त्रिवेद्री की अदालत ने भूपेन्द्रभाई देसाईभाई डाभी, देसाईभाई जेहाभाई डाभी और प्रतापभाई शकराभाई चौहान को 2 साल कैद की सजा दी है। हालांकि, ट्रायल के दौरान हीराभाई डाभी की मौत हो चुकी है। केस दर्ज होने के करीब 13 साल बाद कोर्ट का फैसला आया। आरोपियों ने 2008 में भी राजस्व रिकॉर्ड में धांधली के जरिए नाम बदलवाने का प्रयास किया था, जो असफल रहा।

**गाडवा गांव स्थित सरदार पटेल के नाम की 6 बीघा जमीन का मामला**

खेड़ा जिले के गाडवा गांव में करीब 6 बीघा भूमि जमीन राजस्व रिकॉर्ड में मालिक-कब्जेदार गुजरात प्रांतीय समिति (गुप्रास) और देश के पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का नाम है। राजस्व रिकॉर्ड में 1930-31 से साल 2004 तक था, रिकॉर्ड दुरस्त रहा। 2004 में दस्तावेज के कंप्यूटरीकरण के दौरान कब्जेदार के रूप में नाम 'गुप्रास के प्रमुख वल्लभभाई झवेरभाई पटेल' के नाम के बदले सिर्फ 'वल्लभभाई झवेरभाई' दर्ज हो गया तथा 'गुप्रास के प्रमुख' शब्द निकल गया। यहीं से जालसाज सक्रिय हो गए। कठलाल के अराल गांव निवासी भूपेन्द्र डाभी ने गांव के ही हीराभाई कलाभाई डाभी को बतौर वल्लभभाई झवेरभाई की जाली पहचान के साथ पेश कर साल 2004-05 अंगूठा लगवाया।

**यह है पूरा मामला**

1935 से खेड़ा जिले के गाडवा गांव में यह जमीन श्री गुजरात प्रांत समिति के प्रमुख वल्लभ भाई झवरभाई पटेल के नाम पर थी। 1951 से 2009-10 तक के रिकॉर्ड में इसका मालिक वल्लभ भाई पटेल को बताया गया। 2010 में सरकारी रिकॉर्ड के कंप्यूटरीकरण में वल्लभ भाई पटेल के नाम के आगे से 'श्री गुजरात प्रांत समिति प्रमुख' शब्द हट गए। इसका फायदा उठाकर ठगों ने बैंक से लोन लेने के लिए आवेदन लगाया। जांच में यह घोटाला सामने आया।

# लुधियाना में जहरीली गैस का टैंकर पलटा

## > कार्बन डाई ऑक्साइड रिसाव से हड़कंप मचा > संतुलन बिगड़ने से हादसा > ड्राइवर कूदा

लुधियाना, 29 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के लुधियाना में रात साढ़े 12 बजे बस स्टेंड नजदीक एलीवेटेड पुल पर कार्बन डाई आक्साईड गैस ($CO_2$) से भरा टैंकर अचानक पलट गया। टैंकर किन हालातों में पलटा यह अभी जांच का विषय है। पता चला है कि ड्राइवर से स्टेयरिंग का संतुलन बिगड़ गया जिस कारण अचानक से टैंकर बेकाबू होकर पलट गया। टैंकर चला रहे ड्राइवर ने छलांग लगाकर जान बचाई। ड्राइवर की भी अभी पहचान नहीं पो पाई। टैंकर गिरने के कारण अचानक से गैस रिसाव होने लगा। बस स्टेंड नजदीक काफी इलाके को पुलिस ने बंद किया हुआ था। ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंच जेसीबी बुलाई जिसकी मदद से टैंकर को सड़क से हटाया।

**ड्राइवर मंटू बोला-टायर का पिन टूट गया जिस कारण संतुलन बिगड़ा**

ड्राइवर मंटू ने कहा कि वह बठिंडा से टैंकर लेकर आया था। उसने शेरपुर में टैंकर अनलोड करना था। पुल पर अचानक टैंकर के टायर का पिन टूट गया जिस कारण स्टेयरिंग का संतुलन बिगड़ गया। हादसे में उसकी आंख के नजदीक चोट आई है। राहगीरों की मदद से उसे टैंकर से बाहर निकाला गया। उसने तुरंत पुलिस और टैंकर के मालिक को फोन कर सूचित कर दिया था।

**एएसआई जसवंत बोले...**

घटना स्थल पर पहुंच सबसे पहले ट्रैफिक को रोका गया। गनीमत रही कि टैंकर टक्कर खाकर पलट गया अन्यथा पुल के नीचे यदि गिरता तो ज्यादा नुक्सान हो जाना था। फिलहाल ड्राइवर को प्राथमिक उपचार दिया गया है। जेसीबी क्रेन की मदद से टैंकर को सड़क से हटा दिया है। ड्राइवर का पता नोट कर लिया है। इस मामले की जांच जारी है।

# गंगा नदी में प्रदूषण का मामला : एनजीटी के बिहार सरकार पर आर्थिक दंड लगाने के आदेश पर रोक

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें एनजीटी ने बिहार सरकार पर 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया था। एनजीटी ने बिहार सरकार द्वारा उसके निर्देशों का पालन नहीं करने से नाराज होकर यह दंड लगाया था। हालांकि एनजीटी के इस निर्देश के खिलाफ बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की, जहां सुप्रीम कोर्ट ने अगले आदेश तक आर्थिक दंड के भुगतान पर रोक लगा दी है।

गंगा में प्रदूषण रोकने के मुद्दे पर एनजीटी राज्यवार सुनवाई कर रहा है। इसमें वे सभी राज्य और जिले शामिल हैं, जहां से गंगा और उसकी सहायक नदियां होकर गुजरती हैं। इसी के तहत एनजीटी ने बिहार सरकार को निर्देश दिया था कि वे राज्य में गंगा नदी के दाखिल होने वाले पॉइंट और राज्य से बाहर निकलने वाले पॉइंट से सैंपल लेकर उनकी रिपोर्ट पेश करे। साथ ही राज्य में जहां-जहां सहायक नदियां गंगा नदी में मिलती हैं, वहां से भी सैंपल लेकर उनकी जांच रिपोर्ट एनजीटी में पेश करें। हालांकि निर्देश के बावजूद ऐसा नहीं किया गया, जिससे नाराज होकर एनजीटी ने बिहार सरकार पर 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगा दिया था।

# राहुल गांधी के 'आरएसएस मजाक' वाले बयान पर नकवी भड़के

## कहा-वह परिवार के घोंसले से बाहर नहीं निकल पाएंगे



नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'कांग्रेस के सामने भाजपा-आरएसएस मजाक' वाले बयान पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि वह परिवार के घोंसले और पप्पू की सोच से बाहर नहीं निकल पाएंगे। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, राहुल गांधी की एक ही प्रॉब्लम है, वो आज भी डेमोक्रेसी को डायनेस्टी का डिज्नीलैंड समझते हैं। जब तक यह डेमोक्रेसी का डिज्नीलैंड समझते रहेंगे, तब तक यह परिवार के घोंसले और पप्पू की सोच से बाहर नहीं निकल पाएंगे। उन्होंने असदुद्दीन ओवैसी पर भी निशाना साधा। नकवी ने कहा, कुछ लोग सांप्रदायिकता के कुएं में षड्यंत्र का कॉकरोच ढूंढ रहे हैं और वे लोग समाज में सांप्रदायिक कॉकरोच के जरिए बिखराव और टकराव करना चाहते हैं। ये लोग वही हैं, जो वक्फ एक्ट को 'एक्ट ऑफ गवर्नमेंट' की बजाय 'एक्ट ऑफ गॉड' बताने में लगे हुए हैं।

मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि इस एक्ट को संसद ने बनाया है और इसमें संसदीय सुधार किया जा रहा है। मगर वे उसे आसमानी किताब बता रहे हैं। वक्फ के सिस्टम को लेकर भ्रम, भय और दुष्प्रचार का माहौल बनाया जा रहा है। उनका मकसद एक ही है कि देश में बिखराव और टकराव पैदा किया जा सके। इस देश में न इस्लाम खतरे में है और न ही किसी का ईमान खतरे में है। ये बात बिल्कुल सही है कि वक्फ माफिया और बेईमान वक्फ के संशोधन से खतरे में हैं। मुख्तार अब्बास नकवी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले का जिक्र करते हुए कहा, बांग्लादेश में जिस तरीके से अल्पसंख्यकों के साथ जुल्म हो रहा है, जिस तरीके से हिंदुओं पर क्राइम बढ़ रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज और देश के लिए शुभ संकेत नहीं है।

# नेपाल में कर्फ्यू हटा हिंसा के बाद 51 राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

काठमांडू, 29 मार्च (एजेंसियां)। नेपाल के बानेश्वर-टिंकुने और आसपास के इलाकों में शनिवार को तनाव कम होने के बाद कर्फ्यू हटा लिया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अब तक 51 लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया गया है, जिनमें अधिकतर शीर्ष राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारी हैं। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा, महासचिव धवल शमशेर राणा, स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिम्बू, संतोष तमांग और कुछ अन्य नेता शामिल हैं। नेपाल की पुलिस ने काठमांडू के तिनकुने में हुए राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के बाद गिरफ्तारियां तेज कर कर दी हैं। राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में शुक्रवार को लोगों की मौत हुई, निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और



आगजनी की गई। नेपाल के गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने काठमांडू पोस्ट को बताया, शुक्रवार की आगजनी, बर्बरता, हत्याओं के कारण राजतंत्रवादियों के प्रति जनता की सहानुभूति और समर्थन में काफी कमी आई। अधिकारी ने कहा, शुक्रवार की हिंसा के बाद विभिन्न हिंदू समर्थक और राजतंत्र समर्थक समूहों के बीच गहरे मतभेद की आशंका है। लेकिन, हम उनकी गतिविधियों को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे।

बता दें शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से कर्फ्यू लगाया गया था, क्योंकि सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई थी और 45 अन्य घायल हो गए थे। प्रदर्शनकारी नेपाल में समाप्त राजशाही की बहाली की मांग कर रहे थे। नेपाली समाचार आउटलेट अन्नपूर्णा एक्सप्रेस के मुताबिक तिनकुने में उस समय तनाव बढ़ गया जब लोगों ने सुरक्षा बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। जवाब में सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। बाद में, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए गोलियां चलाईं। सोशल मीडिया फुटेज में प्रदर्शनकारियों को पुलिस की बंदूकें जब्त करते और हिंसक हमले करते हुए दिख रख रहे हैं। नेपाल के गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को हिंसक प्रदर्शनों में शामिल लोगों को कड़ी चेतावनी जारी की और जोर देकर कहा कि उन्हें उनके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा।

# खबरें जरा हटके

## दो औरतों पर आया दिल, सब रहने लगे साथ, फिर शादी की आई बात तो छपवाया ऐसा वेडिंग कार्ड

**देखकर चौंक गए सभी**



कहते हैं शादी दो दिलों का मेल होता है, जिसमें दो लोग जन्म-जन्म तक एक दूसरे का साथ निभाने का वचन देते हैं. लेकिन क्या हो अगर किसी का एक नहीं, बल्कि दो लोगों पर दिल आ जाए और वह दोनों से ही शादी करने की ठान लें. सुनने यह बात बड़ी अनोखी मालूम पड़ती है, लेकिन सच है. यह अनोखी कहानी तेलंगाना के कोमाराम भीम आसिफाबाद जिले में देखने को मिली, जिसने पूरे इलाके में सनसनी मचा दी. यहां के गुमनूर गांव के रहने वाले सूर्यदेव ने न सिर्फ दो महिलाओं से एक साथ प्यार किया, बल्कि दोनों को एक ही मंडप में दुल्हन भी बना लिया. इस अनोखी शादी की खबर जब गांव में फैली तो लोगों ने माथा पीट लिया, हालांकि अंत में सबको यह रिश्ता कबूल करना ही पड़ा. गांव के रहने वाले सूर्यदेव को लाल देवी और झलकारी देवी से प्यार हो गया. शुरुआत में तो यह एक आम प्रेम कहानी की तरह ही थी, लेकिन धीरे-धीरे मामला दिलचस्प मोड़ लेने लगा. तीनों ने एक साथ रहने का फैसला किया और परिवारवालों को अपनी अनोखी लव स्टोरी के बारे में बताया. हालांकि, शुरुआत में गांव के बुजुर्ग और परिवारवाले इस रिश्ते को लेकर असमंजस में थे, लेकिन जब उन्होंने देखा कि तीनों अपनी जिद पर अड़े हैं, तो आखिरकार सबको मानना ही पड़ा.

**शादी का न्योता देखकर चौंक गए लोग**

सबसे ज्यादा हैरानी तब हुई जब सूर्यदेव ने शादी के कार्ड छपवाए. आमतौर पर शादी के कार्ड पर एक दूल्हे और एक दुल्हन का नाम होता है, लेकिन इस कार्ड पर दूल्हे के साथ दो दुल्हनों के नाम छपे थे. यह देख हर कोई हैरान रह गया. गांववालों को यकीन नहीं हुआ कि यह शादी सच में होने वाली है. लेकिन जब शादी का दिन आया, तो पूरे रीति-रिवाज के साथ यह अनोखा विवाह संपन्न हुआ. शादी के दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज सुनाई दी, और रिश्तेदारों के साथ पूरा गांव इस अनोखे विवाह का गवाह बना. हालांकि, हिंदू विवाह अधिनियम के तहत भारत में एक से अधिक शादी करना अवैध है, फिर भी इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं. इससे पहले 2021 में तेलंगाना के आदिलाबाद और 2022 में झारखंड के लोहरदगा में भी ऐसी ही शादियां देखने को मिली थीं.

## बिना सिर के 18 महीने तक जिंदा रहा मुर्गा, लोग मानते हैं चमत्कार



क्या आप इस बात पर यकीन कर पाएंगे कि कोई भी इंसान या जीव बिना सिर के भी जिंदा रह सकता है? लेकिन हम आपको बता दें कि, आज से तकरीबन 80 साल पहले ऐसा करिश्मा हो चुका है. सुनने में अजीब लगता है, लेकिन यह सच है. अमेरिका के कोलोराडो में एक मुर्गे ने बिना सिर के पूरे 18 महीने तक जीवित रहकर इतिहास रच दिया. इस अनोखे मुर्गे का नाम था 'माइक', जिसे लोग आज भी 'हेडलैस चिकन' के नाम से जानते हैं जिसने दुनिया भर में सुर्खियां बटोरीं. यह कहानी 1945 के सितंबर में कोलोराडो के एक फार्म में शुरू होती है. जहां लॉयड ओल्सन और उनकी पत्नी क्लारा ने मुर्गों को मारने का काम करते थे.

उन्होंने कई मुर्गों को काटा, लेकिन उनमें से एक सिर कटने के बावजूद भी जिंदा रहा और टहलता रहा. यह नजारा देखकर ओल्सन परिवार चौंक गया. लेकिन ऐसा संभव कैसे हुआ चलिए जानते हैं. दरअसल, वैज्ञानिकों के मुताबिक, मुर्गे का दिमाग पीछे की ओर स्थित होता है. जब ओल्सन ने माइक का सिर काटा, तब उसका थोड़ा सा दिमाग और गले का हिस्सा सुरक्षित बच गया, जिससे वह जिंदा रह सका. किस्मत से, ब्लड फ्लो भी जल्दी रुक गया, जिससे वह ज्यादा खून बहने से नहीं मरा. ओल्सन ने माइक की उसकी देखभाल शुरू कर दी. उसे नली से पानी और खाना देता. यहां तक कि माइक की सांस लेने की नली में जमा म्यूकस निकालने के लिए एक सिरिंज का इस्तेमाल किया जाता था. माइक का चमत्कार जब आसपास के लोगों को पता चला, तो यह खबर अखबारों में छपने लगी. जल्द ही माइक एक सेलिब्रिटी बन गया और उसे अमेरिका के कई शहरों में घुमाया जाने लगा. इतना ही नहीं माइक को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आने लगे. वह अमेरिका के अलग-अलग शहरों में घूमता रहा और खबरों में सुर्खियां बटोरता रहा. ओल्सन परिवार ने इस अनोखे मुर्गे की बदौलत काफी पैसे कमाए और अपनी जिंदगी बेहतर बना ली.

## धन्य है यह कुत्ता! नोटों की गड्डी बनी कुत्ते की टॉफी, मालिक के उड़ गए होश



कुत्ते को सबसे वफादार साथी माना जाता है. लेकिन क्या हो जब यह प्यारा पालतू दोस्त आपको लाखों का झटका दे दे? अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में एक ऐसा ही अजीबोगरीब मामला सामने आया, जहां एक पालतू कुत्ते ने खेल-खेल में अपने मालिक के होश उड़ा दिये. सोचिए, आपकी मेहनत की कमाई को कोई टॉफी समझकर चबा जाए, तो कैसा लगेगा? यही हुआ कैरी लॉ और उनके पार्टनर क्लेटन के साथ, जब उनके पालतू कुत्ते ने 4,000 डॉलर (लगभग 3.32 लाख रुपये) के नोटों की गड्डी खा ली. यह घटना सुनने में भले ही मजेदार लगे, लेकिन कैरी और क्लेटन के लिए किसी झटके से कम नहीं थी. कैरी लॉ और क्लेटन के पास सात साल का एक प्यारा सा पालतू कुत्ता है, जिसका नाम सेसिल है. वे दोनों इसे अपने परिवार के सदस्य की तरह प्यार करते हैं. लेकिन पिछले महीने जो हुआ, उसने उनकी जिंदगी में हलचल मचा दी. कैरी ने बताया कि उन्होंने एक बेहद जरूरी काम के लिए 4,000 डॉलर घर पर संभालकर रखे थे. यह रकम किचन काउंटर पर एक लिफाफे में रखी थी. लेकिन उन्हें क्या पता था कि कुछ ही देर में उनका भरोसेमंद पालतू दोस्त इसे अपना खाना समझकर चबा जाएगा. घटना के दिन कैरी और क्लेटन अपने घर के दूसरे कमरे में थे. तभी अचानक क्लेटन ने ज़ोर से चिल्लाते हुए कहा, 'सेसिल ने पैसे खा लिए.' पहले तो कैरी को यकीन ही नहीं हुआ, लेकिन जब उन्होंने अपनी आंखों से देखा तो उनके होश उड़ गए. पूरा लिफाफा फटा हुआ था और इधर-उधर चबाए हुए नोटों के छोटे-छोटे टुकड़े बिखरे हुए थे.

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद






## जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए संपर्क सड़कें विकसित करें : रेवंत रेड्डी

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को शहर के भीतर सुविधाजनक यात्रा की बढ़ती सार्वजनिक मांग को पूरा करने के लिए हैदराबाद में संपर्क सड़कें बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने हैदराबाद में और हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) की सीमाओं के भीतर हैदराबाद सड़क विकास निगम (एचआरडीसीएल) द्वारा प्रबंधित किए जा रहे संपर्क सड़क नेटवर्क के चल रहे निर्माण और विस्तार की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान रेवंत रेड्डी ने प्रस्तावित 49 सड़कों के निर्माण और विस्तार के संबंध में विभिन्न सिफारिशें प्रदान कीं। उन्होंने अधिकारियों को निवासियों के लिए सुगम यात्रा की सुविधा के लिए विभिन्न क्षेत्रों के बीच सड़क संपर्क बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि संपर्क सड़क नेटवर्क के विकास में सार्वजनिक हितों को प्राथमिकता दी



जानी चाहिए और नई सड़कों के निर्माण और मौजूदा सड़कों के विस्तार के दौरान भविष्य की जरूरतों पर विचार करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संपर्क सड़कों के निर्माण से न केवल यात्रियों की मुश्किलें कम होंगी, बल्कि उनकी यात्रा का समय भी कम होगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भूमि अधिग्रहण को अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, भले ही भूमि से जुड़ी लागत कितनी भी अधिक क्यों न हो। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, राज्य सरकार के सलाहकार (इंफ्रास्ट्रक्चर) श्रीनिवास राजू, राज्य की मुख्य सचिव शांति कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. शेषाद्रि, चंद्रशेखर रेड्डी, सीएम के विशेष सचिव अजित रेड्डी, एचएमडीए आयुक्त सरफराज अहमद, नगर प्रशासक और शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव दाना किशोर और अन्य मौजूद थे।






### CLASSIFIEDS

#### SHOP FOR SALE

MAIN ROAD SHOP AT BADI-CHOWDI BESIDE SRI MURUGAN GHEE STORE FOR SALE CONT: 9246298398 AND 200 SQ.YDS, INDEPENDENT HOUSE FOR SALE AT CHAPPAL BAZAR, KACHIGUDA, LANE BESIDE CHAPPAL BAZAR, BIG GANESH MANDAPAM. CONT: 9246298398.


**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।










# रेप केस में आसाराम को मिली अंतरिम जमानत

> पीड़िता के पिता ने कहा-वकील और डॉक्टर दोनों ने धोखा दिया > मेरे परिवार पर हो सकता है हमला




शाहजहांपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)। रेप के दोषी आसाराम को तीन महीने की अंतरिम जमानत मिल गई है। शाहजहांपुर में पीड़िता के पिता ने अपने वकील और आसाराम का मेडिकल कराने वाले डाक्टरों पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा-आपत्ति लगाने के लिए वकील से कहा कि लेकिन वो टहलाते रहे, उनके वकील प्रलोभन में आ गए हैं। पिता ने कहा-लंबी लड़ाई लड़ने के बाद अब परिवार में मायूसी है। उन्होंने कहा कि अगला कदम करीबियों से बात करके उठाएंगे।

आसाराम पर रेप का केस दर्ज कराने वाली नाबालिग पीड़िता शाहजहांपुर जिले की रहने वाली है। आसाराम पैरोल पर बाहर थे, जिसको को कुछ ही दिनों में फिर से जेल जाना था। इस बीच आसाराम दोबारा जमानत पाने के लिए कोशिश में लगा था। इधर उसकी फिर से जमानत अर्जी पर आपत्ति लगाने के लिए पीड़िता के पिता लगातार अपने वकील से संपर्क करते रहे। लेकिन उनके वकील ने आपत्ति दाखिल नहीं की। पीड़िता के पिता को जानकारी मिली कि आसाराम को तीन महीने की अंतरिम जमानत मिल गई है। जिसके बाद उनके परिवार में मायूसी छा गई। भास्कर रिपोर्टर ने पीड़िता के पिता से फोन पर बात की।

**वकील ने अपील दाखिल नहीं की, वह आसाराम के प्रभाव में**

पीड़िता के पिता ने बताया- हमने अपने वकील से अपील करने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने अपील नहीं की। हम वकील के भरोसे बैठे रहे। सभी कागज भी दस्तखत कराकर भेज दिए थे। उनको 15 दिन पहले कागज मिल भी गए थे। फिर वकील टहलाते रहे। पहले कहा कि अपील कर दी है फिर कहा कि अब अपील वापस लेना पड़ेगी। वकील आसाराम के प्रभाव में है। हमारे अनुसार काम नहीं कर रहा है।

पीड़िता के पिता ने कहा- आसाराम जब पैरोल पर बाहर आया था तभी उनके समर्थकों ने कहे दिया कि आसाराम अब जेल नही जाएंगे। उन लोगों की बात अब सत्य साबित हो रही है। आसाराम अपनी मनमर्जी के फैसले ले रहा है। पहले इसे सात दिन की पैरोल मिली फिर पांच दिन बढ़वा ली। उसके बाद आसाराम ने ढाई महीने की अंतरिम जमानत ले ली और अब तीन महीने की। ये ऐसे ही करता रहेगा। अब ये बाहर रहेगा अंदर नही जाएगा।

**पैसे वाले का बोलबाला**

पैसे वाले का बोलबाला है। मेरे वकील भी मेरे अनुसार पैरवी नहीं करते वो भी हमसे झूठ बोलते हैं। हम अपने वकील से दो महीने से कहे रहे हैं ये कोर्ट की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है। मेरी हाइकोर्ट में अपील कर दीजिए। लेकिन वकील ने अपील नही की। वकील बहानेबाजी करता रहा। अब हम बहुत निराश और हताश हैं।

**कोर्ट इसके ऊपर मेहरबान**

आगे अब क्या करेंगे लग रहा है कि पैसे का बोलबाला है। अब उसी के अनुसार चलेगा। कोर्ट ने तो फैसला सुनाया था कि उसको आखिरी सांस तक जेल में रहना है। लेकिन कोर्ट इसके ऊपर मेहरबान हो गई। इसको कोई बीमारी नही है ये तो सिर्फ बीमारियों का बहाना कर रहा है। 2015 में भी आसाराम ने बीमारियों का बहाना बनाया था। बहुत सारी बीमारियों के इसके पर्चे बनवा लिए। वो कोर्ट को पेश किए। तब सुप्रीम कोर्ट ने आठ डाक्टर का पैनल बनाने के निर्देश दिए थे। तब एम्स के आठ डाक्टर के पैनल ने रिपोर्ट दी थी। जिसमे कहा गया था कि इसको कोई बिमारी नही है। छोटी मोटी बीमारियां बताई थीं जो ठीक हो सकती है। तभी इसकी बेल खारिज हुई थी। तब उसकी चाल नहीं चल पाई, लेकिन अब उसकी चाल चल गई है। अब जैसा ये चाहता है वैसे फैसले लेगा।

**कभी भी मेरे परिवार पर अटैक करा सकता है आसाराम**

पिता ने कहा कि अब हमे कहीं से उम्मीद की किरण नजर नही आती है। हमारे परिवार को तो खतरा है। ये कभी भी मेरे परिवार पर अटैक करा सकता है। हमारे परिवार को खत्म करा सकता है। अब हम सिर्फ भगवान के भरोसे है।

# एयरफोर्स अफसर की हत्या

## खिड़की खट-खटाई, खोलते ही सीने में गोली मारी पत्नी-बेटा और नौकरानी घर में ही थे



प्रयागराज, 29 मार्च (एजेंसियां)। प्रयागराज में एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर (वर्क) एसएन मिश्रा (50) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह घर में सोए हुए थे। तड़के 3 बजे हमलावरों ने खिड़की खटखटाकर अफसर को जगाया। जैसे ही उन्होंने खिड़की खोली। हमलावरों ने सीने में गोली मार दी। आवाज सुनकर दूसरे कमरे से परिजन भागकर पहुंचे। तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। तुरंत उन्हें मिलिट्री हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वारदात की सूचना पर एयरफोर्स और पुलिस के सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने कमरे की जांच की। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पूरी वारदात हाई सिक्योरिटी वाले बमरौली इलाके में सेंट्रल एयर कमांड कैंपस के अंदर बनी कॉलोनी में हुई। कैंपस में नार्थ जोन में चीफ इंजीनियर का आवास है। फिलहाल, आसपास का एरिया सील कर दिया है।

वारदात के वक्त पत्नी, बेटा और नौकरानी घर में थीं पुलिस के मुताबिक, सेंट्रल एयर कमांड के नॉर्थ जोन के प्रभारी एसएन मिश्रा बिहार के सासाराम जिले के रहने वाले थे। 2 साल पहले ही ट्रांसफर होकर प्रयागराज आए थे। यहां पत्नी और 2 बच्चों के साथ रहते थे। उनकी नौकरी के 22 साल पूरे हो चुके थे। वारदात के वक्त पत्नी प्रीति मिश्रा, बेटा और नौकरानी घर में थीं। बेटा क्लास 10th की पढ़ाई कर रहा है, जबकि बेटी लखनऊ से एमबीबीएस कर रही है।

**डीआईजी बोले-गेट से नहीं आए हमलावर**

प्रयागराज डीआईजी अजय पाल शर्मा ने बताया-हमलावर गेट से आते हुए नजर नहीं आए हैं। आशंका है कि बाउंड्री वाल को क्रॉस कर आए और वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस सूत्रों का कहना है कि सीसीटीवी में कैंपस में कोई बाहरी शख्स अंदर आता नजर नहीं आया है।

डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया-फोरेंसिक टीम को कई साक्ष्य मिले हैं। घटनास्थल के आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। हम उसकी जांच-पड़ताल कर रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध शख्स नजर आया है। पुलिस उसकी जांच कर रही है।

**3 एंगल पर पुलिस और एयरफोर्स की जांच**

> चीफ इंजीनियर की किसी से पारिवारिक या निजी रंजिश।

> एयरफोर्स में करोड़ों के सिविल वर्क होते हैं। किसी ठेकेदार या टेंडर को लेकर कोई ताजा मामला तो नहीं था।

> चीफ इंजीनियर के मोबाइल की जांच कर रही है। साथ ही, ऑफिस स्टाफ को लेकर भी जानकारी जुटा रही है।

# सरकारी वकील से मुस्कान बोली मुझे साहिल से मिला दीजिए

**कहा-जमानत दिलवा दें, मैं साहिल के साथ रहना चाहती हूं, जेल में वकील ने पूछे 15 सवाल**



मेरठ, 29 मार्च (एजेंसियां)। मेरठ जेल में बंद सौरभ हत्याकांड के आरोपी मुस्कान और साहिल से सरकारी वकील ने मुलाकात की। एडवोकेट रेखा जैन और उनके पैनल के 3 अन्य वकील शुक्रवार शाम दोनों आरोपियों से अलग-अलग बैरक में उनसे केस के बारे में जानकारी ली। मुस्कान ने वकील से गुजारिश की कि जेल में मेरी और साहिल की मुलाकात करवा दीजिए। फिर हमें जमानत दिलवा दें, ताकि बाहर आकर हम साथ रह सकें। इस पर वकील ने पूछा- क्या तुम दोनों ने कोर्ट मैरिज की है? अगर शादी का प्रमाण पेश कर सकती हो तो जेल मैन्युअल के मुताबिक, 15 दिन में एक बार पति-पत्नी की मुलाकात कराई जा सकती है। इस पर मुस्कान शादी का सबूत नहीं पेश कर सकी।

जेल पहुंची एडवोकेट ने सबसे पहले दोनों को अपना परिचय दिया। एडवोकेट ने कहा- मैं रेखा जैन, मुझे काउंसिल ने मुस्कान और साहिल के केस की पैरवी करने के लिए नामित किया है। क्या आप दोनों मुझे अपने एडवोकेट के तौर पर स्वीकार करते हैं। मैं आपके केस की पैरवी करूं, इसकी स्वीकृति के लिए वकालतनामे पर साइन करिए।

# यूपी में मंत्री बोले-सपा सांसद मुगलों की नाजायज औलाद

## अखिलेश को एक घाव हो जाए तो शैया पर लेट जाएंगे; ठाकुरों ने हमेशा देश बचाया



अलीगढ़, 29 मार्च (एजेंसियां)। योगी सरकार में राज्यमंत्री ठाकुर रघुराज सिंह ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन पर निशाना साधा। कहा- जो लोग ठाकुरों और रणबांकुरों के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। वह मुगलों की नाजायज औलादें हैं। मंत्री ने कहा-ये लोग मुगलों से पैदा हुई क्रॉस ब्रीड हैं। यह लोग अपने बाप को बाप नहीं कहते हैं। ठाकुर रणबांकुरों ने हमेशा देश को बचाया है। अपनी सीमाओं की रक्षा की है। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रघुराज सिंह ने शुक्रवार को अलीगढ़ में मीडिया से बातचीत में ये बातें कहीं।

सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में कहा था-भाजपा वालों का तकिया कलाम हो गया कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है? बाबर को कौन लाया? बाबर को भारत में इब्राहीम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था। मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो तुम (हिंदू) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। यह हिंदुस्तान में तय हो जाना चाहिए। बाबर की आलोचना करते हैं, राणा सांगा की नहीं। देश की आजादी की लड़ाई में इन्होंने अंग्रेजों की गुलामी की थी। हिंदुस्तान का मुसलमान बाबर को अपना आदर्श नहीं मानता है। वो मोहम्मद साहब और सूफी परंपरा को आदर्श मानता है।

**जो मुगलों को गुणगान करते हैं, वो गद्दार**

जो देश का खाते हैं और मुगलों का गाते हैं। ऐसे लोग बेईमान हैं, देश के गद्दार हैं। मुगलों के समय भी देश में गद्दार थे और अंग्रेजों के समय में भी गद्दार रहे हैं। ऐसे लोग अब भी हैं। खुद को राज्यसभा सांसद कहने वाले रामजीलाल सुमन को बिल्कुल भी शर्म नहीं है। हमारी जो संस्कृति बची हुई है, केवल रणबांकुरों के कारण बची है। ऐसे गद्दारों के कारण देश 25 बार कटा और बंटा, लेकिन ठाकुरों ने हमेशा इसकी रक्षा की।

**अखिलेश सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए**

अखिलेश यादव के पिता वास्तविक नेता थे। अखिलेश सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए और विदेश में पढ़े हैं, इसलिए उन्हें हिन्दुस्तान की धरती का कोई ज्ञान नहीं है।

**अखिलेश को एक घाव लग जाए तो शैया पर पड़ जाएंगे**

राजा-महाराजा और राजपूतों ने लड़ाई लड़कर देश को बचाया है। राणा सांगा को 80 घाव लगे थे। इसके बाद भी देश के लिए लड़ते रहे। अगर अखिलेश को एक घाव लग जाए तो शैया पर पड़ जाएंगे। ठाकुर अब बिल्कुल इनका साथ नहीं देंगे। इनके ठाकुर प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो जाएगी।

**गभाना के राज परिवार से आते हैं राज्यमंत्री**

रघुराज प्रताप सिंह अलीगढ़ के भाजपा जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। बीजेपी सरकार में 2 बार से लगातार दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री हैं। अलीगढ़ के गभाना तहसील के मूलरूप से रहने वाले हैं। वह गभाना के राज परिवार से आते हैं।

# आजम खान से जेल में मिलने पहुंचे बेटे अब्दुल्ला

**मिठाई और नए कपड़े दिए, मीडिया के सवालों पर कहा- ईद मुबारक**

सीतापुर, 29 मार्च (एजेंसियां)। सीतापुर जेल में बंद पिता आजम खान से बेटे अब्दुल्ला ने 19 महीने बाद मुलाकात की। बेटे ने 1 घंटे 42 मिनट तक उनसे बातचीत की । उन्हें ईद का सामान (नए कपड़े और मिठाइयां) दिया। जेल से बाहर निकलने पर मीडिया कर्मियों ने अब्दुल्ला से पूछा-क्या आप कपड़े और खाने-पीने का सामान लेकर आए थे? जवाब में उन्होंने सिर्फ ईद की बधाई दी और कार में बैठकर चले गए। शनिवार दोपहर 12 बजे अब्दुल्ला निजी कार से सीतापुर जेल पहुंचे। उन्होंने विजिटर रजिस्टर में साइन किया। इसके बाद उन्हें जेल में एंट्री दी गई। अब्दुल्ला के साथ रामपुर के पूर्व विधायक यूसुफ मलिक और सपा नेता मोहम्मद सलीम भी थे। इससे पहले, 1 महीने पहले पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अदीब ने आजम खान से मुलाकात की थी। 25 फरवरी को पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम हरदोई जेल से रिहा हुए थे। वह दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में 16 महीने से जेल में बंद थे। अक्टूबर, 2023 में कोर्ट ने उन्हें 7 साल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उन्हें हरदोई जेल भेज दिया गया था। आजम खान 19 महीने से सीतापुर की जेल में बंद हैं। उन पर जमीन कब्जाने से लेकर बकरी और किताब चोरी तक के 100 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। इसमें 9 मामलों में फैसला भी आ चुका है। जिसमें 6 में सजा सुनाई गई है और 3 में बरी हो चुके हैं। आजम खान पर 2019 में ताबड़तोड़ 84 मामले दर्ज हुए थे। इसमें से ज्यादातर मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं।

# आगरा में फिर हंगामा : सपा सांसद का पुतला फूंकने के दौरान पुलिस से झड़प

**> भिड़ गए एबीवीपी के सदस्य**



आगरा, 29 मार्च (एजेंसियां)। राणा सांगा पर विवादित बयान के बाद आगरा में बवाल मचा हुआ है। करणी सेना द्वारा सपा सांसद के घर पर हुए हमले के बाद शनिवार को फिर से मामला गर्मा गया। सांसद आवास से कुछ ही कदमों की दूरी पर प्रदर्शन के लिए जुटे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं से पुलिस की झड़प हो गई। पुलिस ने बैरियर लगाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे लोग बैरियर सहित पुलिस को धकेलते चले गए। इस दौरान पुलिस भी सरेंडर नजर आई।

**एमजी रोड हुआ जाम**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी ने शनिवार को राजा मंडी कार्यालय से सेंट जॉन्स चौराहे तक सपा सांसद द्वारा राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान को लेकर जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान एमजी रोड जमा हो गया। कार्यकर्ता बीच चौराहे पर हंगामा करने लगे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। कार्यकर्ता पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। पुलिस के बैरियर भी इस दौरान काम नहीं आए।

**पुलिसकर्मियों से झड़प**

पुलिस द्वारा हो रहे विरोध के बीच कुछ कार्यकर्ता इस कदर भड़क गए कि भूल गए कि सामने वर्दी वाले हैं। उनके द्वारा पुलिसकर्मियों से भी अभद्रता कर दी गई। हालांकि किसी तरह से मामले के समय रहते संभाल लिया गया। इसके बाद एबीवीपी ने यहां सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। उनके मार्ग से हटने के बाद एमजीरोड पर यातायात सुचारू हो सका।

# 12 जिलों के कप्तान और कमिश्नर बदलेंगे

## ईद-रामनवमी के बाद होंगे आईपीएस के ट्रांसफर कई को नई जिम्मेदारी मिलेगी

लखनऊ, 29 मार्च (एजेंसियां)। यूपी में ईद-रामनवमी के बाद बड़े पैमाने पर आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर किए जाएंगे। मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार के रिटायरमेंट से पहले बड़े बदलाव की बात कही जा रही है। इसमें कम से कम 12 जिलों के पुलिस कप्तान और पुलिस कमिश्नर को नई जिम्मेदारी दी जा सकती है। जिन जिलों के पुलिस कप्तानों का बदला जाना तय है उसमें मुजफ्फरनगर, मथुरा, फरुखाबाद और झांसी है। यहां के एसएसपी अब डीआईजी हो चुके हैं। ऐसे में इन्हें डीआईजी रैंक में जल्द ही नई जिम्मेदारी दी जाएगी।

**त्योहारों से पहले बड़े बदलाव के पक्ष में नहीं हैं सीएम**

दरअसल, 30 मार्च से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं, जो 6 अप्रैल तक चलेंगे। 6 अप्रैल को रामनवमी है। वहीं 28 मार्च को अलविदा जुमा और 31 मार्च या 1 अप्रैल को ईद पड़ सकती है। ऐसे में सीएम नहीं चाहते कि फील्ड के अफसरों में इससे पहले कोई बदलाव किया जाए। यानी अप्रैल के दूसरे हफ्ते में बड़े पैमाने पर बदलाव किया जा सकता है।

## झांसी में हिंदू संगठन के नेता को बदमाशों ने पीटा

झांसी, 29 मार्च (एजेंसियां)। झांसी में हिंदू संगठन के नेता पर कार सवार बदमाशों ने हमला कर दिया। पहले कार से उनकी स्कूटी को टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद मारपीट की, फिर कार में डालकर सुनसान जगह पर ले गए। वहां लात-घूंसे, हॉकी, डंडे से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। एक महिला ने उनको अस्पताल पहुंचाया। उनके शरीर पर करीब 25 चोटें मिली हैं। घटना की सूचना मिलते ही समर्थक हॉस्पिटल पहुंच गए। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। सूचना पर 4 थानों की पुलिस फोर्स पहुंची। देर रात पुलिस अफसरों ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। घटना रात सीपरी बाजार में राठौड़ अस्पताल के पास की है।

# बलिया प्रकरण : 'भाजपा सरकार में पुलिस निरंकुश'

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले-हाईकोर्ट के जज से कराई जाए जांच




लखनऊ, 29 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बलिया में युवती की मौत से लोगों में आक्रोश है। शनिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पीड़ित परिजन से मिलने उनके गांव पहुंचे। उन्होंने घरवालों से बात करके घटना की जानकारी ली। घरवाले बेटी की हत्या करने की बात करने की बात कह रहे हैं। वहीं पुलिस इसे आत्महत्या बता रही है। अजय राय ने कहा कि सरकार के दबाव में पुलिस विभिन्न स्थानों पर हुई हत्याओं को आत्महत्या करार दे रही है। कई मामलों में पकड़कर थाने ले जाए गए लोगों को पीट कर मार दिया जा रहा है।

ऐसा जघन्य अपराध किसी भी सरकार के कार्यकाल में नहीं हुआ। बलिया और बस्ती प्रकरण की हाईकोर्ट के जज से जांच कराई जाए। कांग्रेस इन परिवारों को न्याय मिलने तक संघर्ष करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि सुबह जब वह सराय गुलाब राय गांव पहुंचे तो वहां सन्नाटा पसरा था। जिस युवती की हत्या कर शव घर के सामने पेड़ पर लटका दिया गया था, उस परिवार से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि युवती के हाथ पीछे बंधे थे। पुलिस इसे आत्महत्या बता रही है। लेकिन, जब हाथ बंधे थे तो आत्महत्या कैसे हो सकती है? भाजपा सरकार में पुलिस निरंकुश हो गई है। इस परिवार को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस संघर्ष करेगी। राय ने कहा कि हमारी मांग है कि पूरे मामले में हाईकोर्ट के जज से जांच कराई जाए। गांव के चौकीदार के घर यह घटना हुई है। जो व्यक्ति करीब 14 साल से पुलिस के साथ काम कर रहा है, उसे ही उसके ही थाने की पुलिस न्याय नहीं दिला रही है। यह पूरे प्रदेश के चौकीदारों का अपमान है। ऐसी ही एक घटना बस्ती में हुई है।

# नोएडा के बंगले में मॉडल्स का न्यूड शो

## लाइव कैम पर अश्लील कंटेंट अपलोड कराते, 15.66 करोड़ की फॉरेन फंडिंग मिली

नोएडा, 29 मार्च (एजेंसियां)। नोएडा का एक शानदार बंगला...अंदर स्टूडियो, जहां मॉडल्स न्यूड शो होता मिला। 28 मार्च को नोएडा के सेक्टर 105 में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम ने ऑनलाइन पोर्न कंटेंट अपलोड होते हुए पकड़ा। 22 करोड़ रुपए की फॉरेन फंडिंग का पीछा करती हुई ईडी इस बंगले तक पहुंची थी, मगर यहां न्यूड शो रिकॉर्ड होता मिला। सामने आया कि ऑनलाइन पोर्नोग्राफी का बड़ा रैकेट चलाया जा रहा था। पूछताछ में पता चला कि उज्जवल किशोर और नीलू श्रीवास्तव ने 'सब-डिजी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड' नाम की कंपनी 5 साल पहले बनाई थी। कंपनी के डायरेक्टर उज्जवल हैं। घर से ही कारोबार की आड़ में वह एडल्ट वेबकैम स्टूडियो चला रहे थे।

फेसबुक और ट्विटर पर विज्ञापन देकर मॉडल्स की भर्ती की जाती थी, जो लाइव कैम पर अश्लील कंटेंट अपलोड करती थीं। एडल्ट वीडियो से होने वाली कमाई का 25% हिस्सा मॉडल्स को दिया जाता था। ईडी की टीम ने जब छापेमारी की तो कुछ मॉडल्स भी वहां शो करती मिलीं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनसे भी पूछताछ की है और बयान दर्ज किए हैं। अब तक की जांच में 15.66 करोड़ रुपए की फॉरेन फंडिंग मिली है।

**फ्लैट के ऊपरी हिस्से में बनाया हाई-टेक सेटअप**

दरअसल, ईडी ने जब नोएडा के फ्लैट पर छापा मारा, तो वहां एक प्रोफेशनल वेबकैम स्टूडियो मिला। यहां फ्लैट के ऊपरी हिस्से को एक हाई-टेक सेटअप में बदला गया था, जहां से ऑनलाइन कंटेंट अपलोड किया जाता था। उज्जवल किशोर ने ईडी को बताया कि उन्होंने साइप्रस की एक कंपनी 'टेक्नियस लिमिटेड' से समझौता किया था। टेक्नियस लिमिटेड 'एक्स हैम्सटर' और 'स्ट्रिपचैट' जैसी पोर्न वेबसाइट चलाती है। नोएडा में देसी पोर्न बनाकर यह कपल विदेशी वेबसाइट को भेजता था और बदले में वहां से उन्हें मोटी रकम अकाउंट में भेजी जाती थी। सामने आया कि कस्टमर का पैसा सबसे पहले इस ऑनलाइन पोर्नोग्राफी रैकेट चलाने वाले लोगों के पास क्रिप्टो करेंसी के जरिए जाता था। उसके बाद ये पैसा उज्जवल के पास पहुंचता था। इधर सब-डिजी के खाते में लगातार विदेश से मोटी रकम आ रही थी। कंपनी की ओर भारत सरकार को बताया जाता था कि वह विज्ञापन, मार्केट रिसर्च और पब्लिक ओपिनियन पोल जैसे कारोबार में शामिल है।

फेमा नियमों के उल्लंघन का शक होने पर पर ईडी ने जब इसकी जांच शुरू की तो पूरा खेल सामने आ गया। ईडी के मुताबिक, सब-डिजी कंपनी और इसके डायरेक्टर्स के अकाउंट्स में विदेशों से 15.66 करोड़ रुपए आने का पता चला है। इसके अलावा नीदरलैंड्स में भी एक अकाउंट का पता चला है जिसमें 7 करोड़ रुपए भेजे गए थे। इस रकम को इंटरनेशनल डेबिट कार्ड्स के जरिए भारत में कैश निकाला जा चुका है। इस तरह अब तक 22 करोड़ से अधिक कमाई का पता चल चुका है। घर के एक कमरे से 8 लाख रुपए कैश भी बरामद हुआ है।

# बरेली में मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

**चार बोगियां पटरी से उतरी, इफको फैक्टरी जा रही थी ट्रेन**

बरेली, 29 मार्च (एजेंसियां)। बरेली के आंवला क्षेत्र में देर रात मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। विशातरगंज से इफको खाद फैक्टरी जा रही मालगाड़ी की चार बोगियां पटरी से उतर गईं, जिससे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे में खलबली मच गई। रेलवे की टीम मौके पर पहुंची। रेलवे ट्रैक को दुरुस्त करने का काम शुरू किया। शनिवार सुबह मुरादाबाद से एडीआरएम पारितोष गौतम, एडीईएन चंदौसी संजीव सक्सेना और इफको के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात दो बजकर 14 मिनट पर विशारतगंज रेलवे स्टेशन से मालगाड़ी इफको फैक्टरी के लिए रवाना हुई थी। किलोमीटर संख्या छह के पास दो बजकर 35 मिनट पर दुर्घटना हो गई। मालगाड़ी में कुल 42 बोगी थीं, जिनमें से चार बोगी पटरी से उतर गईं। काफी दूर तक रेल पटरी भी उखड़ गई। मालगाड़ी की सभी बोगी खाली थी। ट्रेन फैक्टरी से खाद लेने जा रही थी। बताया जा रहा है कि ट्रैक दुरुस्त होने से वक्त लग सकता है। राहत की बात यह है कि इस ट्रैक पर सवारी गाड़ियां नहीं चलती है।

# कॉमेडियन कुणाल कामरा पर 3 नए केस दर्ज

> मुंबई पुलिस 2 बार समन जारी कर चुकी > मद्रास हाईकोर्ट ने 7 अप्रैल तक अग्रिम जमानत दी



मुंबई, 29 मार्च (एजेंसियां)। स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में तीन नए केस दर्ज किए गए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं। मुंबई पुलिस की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के एक होटल व्यवसायी और बिजनेसमैन ने किए हैं।

मुंबई पुलिस कामरा को दो समन जारी कर चुकी है। उन्हें 31 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है। महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति ने 27 मार्च को उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस स्वीकार कर लिया है। आगे की कार्यवाही के लिए मामला विशेषाधिकार हनन समिति को भेज दिया गया है। हालांकि, शुक्रवार को मद्रास हाईकोर्ट से 7 अप्रैल तक अग्रिम जमानत मिल गई। कुणाल ने याचिका में कहा था कि वह तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के रहने वाले हैं। अगर मुंबई वापस आएंगे तो मुंबई पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। शिवसेना के कार्यकर्ताओं से उन्हें जान का खतरा है। दरअसल, कुणाल कामरा ने एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया था। इसके खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

गुरुवार को वीडियो में मिस्टर इंडिया फिल्म के गाने पर पैरोडी बनाने की वजह से कुणाल को टी-सीरीज ने कॉपीराइट नोटिस भेजा। कुणाल ने X पर यह जानकारी दी। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसते हुए कहते हैं मुझको हवा हवाई... गाने र पैरोडी सॉन्ग गाया था।

## शिंदे को गद्दार कहने से शुरू हुआ विवाद

36 वर्षीय स्टैंड-अप कॉमेडियन ने अपने शो में शिंदे के राजनीतिक करियर पर कटाक्ष किया था। कामरा ने फिल्म 'दिल तो पागल है' के एक गाने की पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया। उन्होंने गाने के जरिए शिवसेना और एनसीपी में विभाजन को लेकर भी मजाकिया लहजे में कमेंट किया था।

कामरा का वीडियो सामने आने के बाद 23 मार्च की रात शिवसेना शिंदे गुट के समर्थकों ने मुंबई के खार इलाके में हैबिटेट कॉमेडी क्लब में जमकर तोड़फोड़ की। शिंदे ने कहा, 'इसी व्यक्ति (कामरा) ने सुप्रीम कोर्ट, प्रधानमंत्री, अर्नब गोस्वामी और कुछ उद्योगपतियों पर टिप्पणी की थी। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है। यह किसी के लिए काम करना है।' इस बीच तोड़फोड़ की घटना को लेकर कुणाल कामरा ने कहा- वह शिंदे के बारे में अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए माफी नहीं मांगेंगे और मुंबई में उस स्थान पर तोड़फोड़ की आलोचना की, जहां कॉमेडी शो रिकॉर्ड किया गया था।

# नागपुर दौरे पर मोहन भागवत से मिलेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नागपुर दौरे पर जाने वाले है, जिसको लेकर शहर में तैयारी तेज हो चुकी है। संभावना है कि पीएम मोदी अपने नागपुर दौरे पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात करने वाले है। इस मुलाकात को लेकर आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने अपना बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि जब भी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिलते हैं, तो वे देश और आरएसएस के बेहतर कार्यों पर चर्चा करते हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी 30 मार्च को महाराष्ट्र के नागपुर का दौरा करेंगे जहां वे आरएसएस के स्मृति मंदिर, दीक्षाभूमि, माधव नेत्रालय और सोलर इंडस्ट्रियल एक्सप्लोसिव्स का दौरा करने वाले है। सुनील अंबेकर ने कहा कि ये बात साफ है कि मोहन भागवत और पीएम मोदी देश के मुद्दों पर बात करते हैं और करते रहेंगे।

# एक देश एक चुनाव : 'दूसरे धर्मों के लोगों को मतदान से दूर रखने की कोशिश'

## शिवसेना (यूबीटी) ने भाजपा पर साधा निशाना



मुंबई, 29 मार्च (एजेंसियां)। 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार और विपक्षी दलों में आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज है। इसी बीच शिवसेना यूबीटी ने एक बार फिर इस प्रस्ताव पर केंद्र सरकार का घेराव किया है। यूबीटी ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार एक साथ चुनाव कराने की आड़ में मतदाता सूची से अन्य धर्मों क लोगों को बाहर करने के प्रयास में है, ताकि अंत में कुछ खास वोटर्स को ही मतदान का अधिकार मिल सके। बता दें कि शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना में प्रकाशित संपादकीय में ये भी कहा गया कि भाजपा की योजना है कि देश में केवल एक ही पार्टी सत्ता में हो और एक पार्टी, एक चुनाव उनका अंतिम लक्ष्य है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र**

शिवसेना यूबीटी के संपादकीय में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भी जिक्र किया गया। इसमें कहा गया कि जहां ट्रंप अमेरिकी चुनावों में अश्वेत, लैटिनो और अप्रवासियों को मतदान से रोकने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं भारत में भाजपा द्वारा अन्य धर्मों के लोगों को मतदाता सूची से बाहर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही इस संपादकीय में ट्रंप द्वारा अमेरिकी चुनाव सुधारों के लिए किए गए हस्ताक्षरित आदेश का भी हवाला दिया गया, जिसमें नागरिकता के प्रमाण को मतदान पंजीकरण के लिए अनिवार्य किया गया है।

**भारत-अमेरिकी की लोकतंत्र की जड़े कमजोर**

शिवसेना (यूबीटी) ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, और अमेरिका सबसे मजबूत लोकतंत्र है, लेकिन दोनों देशों में लोकतंत्र की जड़ें कमजोर हैं। संपादकीय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रंप को लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति विश्वासहीन बताया गया। साथ ही मुखपत्र में ट्रंप को श्वेत मोदी करार दिया गया।

इसके अलावा, संपादकीय में यह भी कहा गया कि मोदी और भाजपा का उद्देश्य केवल एक ही पार्टी को सत्ता में बनाए रखना है, और एक पार्टी, एक चुनाव का प्रस्ताव इसके तहत ही पेश किया गया है।

# जम्मू-कश्मीर वालों ने विदेशों से कमाकर घर भेजे 4,000 करोड़

## अमेरिका से आ रहा सबसे ज्यादा रेमिटेंस

जम्मू, 29 मार्च (एजेंसियां)। दूसरे देशों में जाकर कमा रहे जम्मू-कश्मीर वालों ने साल 2023-24 में घरवालों को करीब 4,000 करोड़ रुपये भेजे। यह रकम देशभर में आए कुल रेमिटेंस का 0.4 फीसदी है। साल 2020-21 के मुकाबले इसमें करीब 100 फीसदी का इजाफा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी किए गए आंकडों में यह जानकारी सामने आई है। रेमिटेंस प्राप्त करने के मामले में जम्मू-कश्मीर हिमाचल प्रदेश, असम और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से आगे है।

2023-24 में देश को रेमिटेंस के रूप में कुल 118.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त हुए। इसमें जम्मू-कश्मीर का हिस्सा 0.4 फीसदी है। पूरे साल में डॉलर के मुकाबले रुपये की दर का औसत लगाएं तो यह राशि करीब 4,000 करोड़ रुपये बैठती है। साल 2020-21 में देश में 87 बिलियन अमेरिकी डॉलर रेमिटेंस के रूप में मिले। इसमें जम्मू-कश्मीर का हिस्सा 0.3 फीसदी था। रुपये की दर के औसत से यह राशि करीब 2,000 करोड़ रुपये है। इस हिसाब से तीन वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आने वाले रेमिटेंस में करीब 100 फीसदी का इजाफा हुआ है। वहीं, 2016-17 में प्रदेश की देश में आए रेमिटेंस में 0.2 फीसदी हिस्सेदारी थी। रेमिटेंस प्राप्त करने में दक्षिण के राज्य आगेदेश में आए रेमिटेंस में हिस्सेदारी की बात करें तो सबसे ज्यादा राशि महाराष्ट्र को मिली। महाराष्ट्र को कुल रेमिटेंस की 20.5 फीसदी राशि प्राप्त हुई। इसके बाद केरल को 19.7 फीसदी, तमिलनाडु को 10.4 फीसदी, तेलंगाना को 8.1 फीसदी और आंध्र प्रदेश को 4.4 फीसदी राशि प्राप्त हुई। इसी तरह उन देशों की बात करें जहां से देश में सबसे ज्यादा रेमिटेंस आया तो इस मामले में अमेरिका सबसे ऊपर है।

# गौहाटी उच्च न्यायालय परिसर स्थानांतरण पर बढ़ रहा विरोध, असम में महाधिवक्ता ने दिया इस्तीफा




गुवाहाटी, 29 मार्च (एजेंसियां)। असम सरकार द्वारा गौहाटी उच्च न्यायालय परिसर के स्थानांतरण के फैसले को लेकर गौहाटी उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन (जीएचसीबीए) जबरदस्त विरोध कर रहा है। इसी बीच असम के महाधिवक्ता देवजीत सैकिया ने गौहाटी उच्च न्यायालय परिसर को स्थानांतरित करने के सरकार के फैसले पर असहमति जताते हुए गौहाटी उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन (जीएचसीबीए) से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि सैकिया ने अपने इस्तीफे को लेकर असम सरकार का ये फैसला यह कदम वकीलों और न्याय वितरण प्रणाली के व्यापक हित में है।

**जीएचसीबीए का विरोध**

बता दें कि जीएचसीबीए उच्च न्यायालय परिसर को गुवाहाटी शहर के केंद्र से ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी तट पर रंगमहल में स्थानांतरित करने का विरोध कर रहा है। मामले में बार एसोसिएशन का कहना है कि यह स्थानांतरण निर्णय एकतरफा है। साथ ही इससे कानूनी कार्यवाही की कुशलता में रुकावट आ सकती है, साथ ही वकीलों और वादियों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। सैकिया ने इस विरोध के बावजूद सरकार और उच्च न्यायालय के निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि परिसर का स्थानांतरण कानूनी बिरादरी के लिए बेहतर और अच्छा माहौल प्रदान करेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान परिसर में कई बुनियादी ढांचे की कमियां हैं, जिसके बाद इसके नए स्तान पर जाने से वो कमियां दूर हो सकेंगी।

**क्यों हो रहा विरोध, समझिए**

गौरतलब है कि गौहाटी उच्च न्यायालय वर्तमान में उज़ान बाज़ार क्षेत्र में स्थित है, जहां एक ऐतिहासिक इमारत के साथ-साथ एक आधुनिक बहुमंजिला भवन भी है। असम सरकार ब्रह्मपुत्र के रिवरफ्रंट को विकसित करने के लिए उच्च न्यायालय की ज़मीन का अधिग्रहण करना चाहती है।

# पंजाब यूनिवर्सिटी में हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा के कार्यक्रम में छात्र की हत्या

चंडीगढ़, 29 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब विश्वविद्यालय में एबीवीपी की ओर से स्किट्रोन कार्यक्रम में हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा की स्टार नाइट के दौरान एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया था। घायल युवक को पीजीआई में दाखिल करवाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, वारदात मुख्य स्टेज के पीछे ही हुई थी।

म्यूजिक के शोर की वजह से पता नहीं चल पाया। हालांकि मौके पर कई स्टूडेंट्स ने शोर मचाया था लेकिन म्यूजिक की आवाज की वजह से पुलिस को भी काफी लेट पता चला। घायल छात्र की पहचान आदित्य ठाकुर के तौर पर हुई है, जो मूल रूप से हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था। वह यूआईईटी में सेकंड ईयर का स्टूडेंट था। पंजाबी गायक गुरदास मान की स्टार नाइट रद्द होने के विरोध में स्टूडेंट काउंसिल की भूख हड़ताल चल रही थी।

# 'केंद्र संसद में चर्चा को रोक रहा'

## प्रियंका का आरोप-विपक्ष की आवाज दबाई जा रही



वायनाड, 29 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र संसद में चर्चा को रोक रहा है। विपक्ष की आवाज दबाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर किया जा रहा है। प्रियंका गांधी ने वायनाड में संवाददाताओं से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का दृष्टिकोण किसी भी तरह से चर्चा को टालना है, इसके लिए विभिन्न हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। विपक्ष की आवाज को कथित रूप से दबाने के सवालों का जवाब देते हुए सांसद ने कहा कि सरकार ने संसद में चर्चा को रोका है। सांसद ने कहा, 'मैंने संसद के पिछले कुछ सत्रों में देखा है कि उनकी (केंद्र सरकार) की नीति किसी भी तरह से चर्चा को टालने की है। चाहे वह विपक्ष द्वारा विरोध किए जाने वाले किसी मुद्दे को उठाना हो, या फिर विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति न देना हो।'

**सरकार खुद ही प्रक्रिया में व्यवधान डाल रही**

प्रियंका गांधी ने आगे आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से काम करने से रोक रहा है। उन्होंने कहा कि यह सांसदों के लिए 'बहुत दुखद' है। उन्होंने दावा किया, 'विपक्ष पर अक्सर संसद में व्यवधान डालने का आरोप लगाया जाता है, लेकिन इस सरकार में यही प्रक्रिया देखने को मिल रही है।

# कर्नाटक में डिजिटल अरेस्ट बुजुर्ग दंपती ने की आत्महत्या

## ठगों ने दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन 50 लाख रुपये ठगे-सुसाइड नोट से हुआ खुलासा

बेंगलुरु, 29 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेलगावी में एक बुजुर्ग दंपती ने डिजिटल अरेस्ट में 50 लाख रुपए की साइबर ठगी होने के बाद आत्महत्या कर ली। 83 साल के दियांगो नजारत ने गला काटकर जबकि उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) ने जहर खाकर खुदकुशी की। पुलिस के मुताबिक, ठगों ने बुजुर्ग दंपती से वीडियो कॉल पर संपर्क किया और खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताया।

उन्होंने दंपती को झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख रुपए ठग लिए। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेद ने बताया कि पुलिस बैंक खातों की जांच कर रही है और ठगों की ओर से वसूली गई कुल रकम का पता लगाया जा रहा है। यह एक गंभीर मामला है और इसकी जांच की जा रही है।

**क्या है पूरा मामला**

ठगों ने खुद को दिल्ली के टेलीकॉम विभाग और क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर बुजुर्ग दंपति को कॉल किया। उन्होंने दावा किया कि उनके नाम पर फर्जी सिम कार्ड जारी किया गया है, जो अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। पहले सुमित बिर्रा नामक ठग ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताकर धमकाया और फिर अनिल यादव नाम के शख्स से कॉल ट्रांसफर कर दिया, जिसने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताया। ठगों ने मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से उनकी संपत्ति और वित्तीय जानकारी मांग ली। पहले ठगों ने दंपती न डर और घबराहट में आकर, दियांगो ने ठगों को 50 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी धमकियां मिलती रहीं और और ज्यादा पैसों की मांग की गई।

**आत्महत्या से पहले छोड़ा सुसाइड नोट**

बुजुर्ग दंपती लगातार मिल रही धमकियों और ठगी की वजह से मानसिक रूप से टूट गए और उन्होंने घर में आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने ठगी की सारी जानकारी दी है। शुरुआत में पुलिस को हत्या का संदेह हुआ, लेकिन जब दंपती का सुसाइड नोट और मोबाइल फोन रिकॉर्ड खंगाले गए, तो साइबर ठगी का मामला सामने आया।

**दंपती की कोई संतान या करीबी परिजन नहीं**

बुजुर्ग दंपति महाराष्ट्र सचिवालय में कार्यरत रह चुके थे और सेवानिवृत्त जीवन जी रहे थे। उनकी कोई संतान या करीबी रिश्तेदार नहीं थे। वे डर और शर्मिंदगी के कारण किसी को अपनी परेशानी नहीं बता सके।

# इसरो की एक और उपलब्धि : भविष्य की सैटेलाइट्स के लिए प्लाज्मा थ्रस्टर का सफल परीक्षण

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी (इसरो) ने एक और उपलब्धि हासिल की है। दरअसल इसरो ने स्टेशनली प्लाज्मा थ्रस्टर का सफल परीक्षण किया है। 300 मिली न्यूटन के प्लाज्मा थ्रस्टर ने एक हजार घंटे का परीक्षण पूरा कर लिया है। ये प्लाज्मा थ्रस्टर सैटेलाइट्स के इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन में इस्तेमाल करने के लिए विकसित किए गए हैं। इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम अभी मौजूदा केमिकल प्रोपल्शन सिस्टम की जगह लेंगे और भविष्य की सैटेलाइट्स में इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम का ही इस्तेमाल होगा।

**प्लाज्मा थ्रस्टर से संचार उपग्रहों की क्षमता बढ़ जाएगी**

प्लाज्मा थ्रस्टर के इस्तेमाल से संचार उपग्रहों की ट्रांसपोंडर क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी और इससे मिशन में लगने वाली लागत भी कम होगी। ये थ्रस्टर प्रोपेलेंट के तौर पर शेनन का इस्तेमाल करेंगे। इसरो ने एक बयान जारी कर बताया कि परीक्षण के दौरान थ्रस्टर का पूरी क्षमता 5.4 किलोवॉट का इस्तेमाल किया गया। इसरो ने बताया है कि उन्होंने सेमीक्रायोजेनिक इंजन विकसित करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। सेमीक्रायोजेनिक इंजन या फिर लिक्विड ऑक्सीजन/कीरोसेन इंजन में 2000 किलोन्यूटन हाई थ्रस्ट है, जो इंजन को एलवीएम-3 को लॉन्च करने की ताकत देगा। इसरो ने बताया कि सेमीक्रायोजेनिक इंजन विकसित करने में यह उल्लेखनीय प्रगति है। तमिलनाडु स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स में इसे विकसित किया जा रहा है।

# भूकंप उत्पन्न करने के लिए फॉल्ट जोन वाली चट्टानें जिम्मेदार



नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। भूकंप आमतौर पर उन स्थानों पर आते हैं जहां महाद्वीपीय प्लेटों के बीच दरारें होती हैं। इन दरारों पर जब एक टेक्टोनिक प्लेट दूसरी के नीचे धंसती है तो वहां तनाव उत्पन्न होता है, जिसे फॉल्ट स्ट्रेस कहा जाता है। जब यह तनाव अपनी सीमा पार कर जाता है तो प्लेटें अचानक खिसकती हैं और आपस में टकराती हैं जिससे भूकंप उत्पन्न होता है।

शोधकर्ताओं का लंबे समय से मानना था कि यह टेक्टोनिक तनाव ही भूकंप का मुख्य कारण है। हालांकि फॉल्ट ज़ोन में मौजूद चट्टानों के गुण भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चट्टानों की संरचना और उनकी व्यवस्था भूकंप की तीव्रता और प्रभाव को प्रभावित कर सकती है। मिशिगन विश्वविद्यालय द्वारा जापान के एक छोटे से क्षेत्र पर किए गए अध्ययन से यह पता चला है कि फॉल्ट जोन में चट्टानों के गुण भूकंप की उत्पत्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोधकर्ताओं ने जापान के पूर्वी भाग, के आंकड़ों का विश्लेषण किया। यह क्षेत्र उन जगहों में से एक है जहां फिलीपीन सागर प्लेट, उत्तरी अमेरिकी प्लेट और प्रशांत प्लेट के बीच स्थित है। इस क्षेत्र में आने वाले भूकंप आमतौर पर छोटे होते हैं और 60 से 70 किलोमीटर की गहराई पर उत्पन्न होते हैं। टोक्यो में महसूस किए जाने वाले आधे से अधिक भूकंप इसी क्षेत्र से आते हैं। शोधकर्ताओं ने यह भी देखा कि फॉल्ट लाइन के साथ चट्टानों की संरचना अपेक्षाकृत पतली होती है और खनिजों की परतें अलग-अलग स्तरों पर व्यवस्थित रहती हैं। साइंस एडवांसेज पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन से पता चलता है कि चट्टानों के गुण और दोष समान रूप से भूकंप की उत्पत्ति में योगदान देते हैं। सबडक्शन जोन के सक्रिय क्षेत्रों की पहचान करके, जहां भूकंप की संभावना अधिक होती है, एक बेहतर भूकंप चेतावनी प्रणाली विकसित की जा सकती है। वैज्ञानिकों ने चट्टानों के लोचदार गुणों का भी विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि जब फॉल्ट जोन की चट्टानों को किसी एक दिशा में दबाया जाता है तो वे दूसरी दिशा में बहुत अधिक विकृत नहीं होतीं। इसका मतलब है कि चट्टानें एक दिशा में दूसरी दिशा की तुलना में अधिक मजबूती रखती हैं।

शोधकर्ताओं का मानना है कि फॉल्ट जोन की आंतरिक संरचना को समझना बेहद आवश्यक है, क्योंकि इससे यह पता लगाने में मदद मिल सकती है कि भूकंप कब और कैसे आते हैं। यह अध्ययन भूकंप की उत्पत्ति और संभावित चेतावनी प्रणालियों के विकास में एक नई दिशा प्रदान कर सकता है, जिससे भविष्य में भूकंप से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा।

# बंगाल छोड़कर सभी राज्यों में आयुष्मान लागू

## एफटीए : ब्रिटेन में चमड़ा, कपड़ा और आभूषण के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने संसद को बताया कि 26 मार्च तक पश्चिम बंगाल को छोड़कर, देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल कर लिया गया है। नड्डा ने कहा कि आयुष्मान योजना की शुरुआत से लेकर एक मार्च, 2025 तक इसके तहत 8.9 करोड़ से अधिक मरीज अस्पताल में भर्ती हुए। लिखित जवाब में नड्डा ने लोकसभा को बताया कि 20 मार्च तक इस योजना के तहत आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लाभार्थी परिवारों के लिए क्रमशः 10.21 लाख, 14.47 लाख और 14.76 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक मार्च, 2025 तक 13,866 निजी और 17,091 सार्वजनिक अस्पतालों सहित 30,957 अस्पतालों को इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया है।

**> बोन मैरो का भी उपचार**

नड्डा ने कहा कि आयुष्मान की समीक्षा और सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं, ताकि नई बीमारियों को इस योजना के तहत कवर किया जा सके। उन्होंने कहा, हाल में इस योजना के तहत अस्थि-मज्जा (बोन मैरो) प्रत्यारोपण को भी शामिल किया है। नड्डा ने कहा कि देशभर के एम्स में उपलब्ध कराई जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, भले ही वहां मरीजों की भारी भीड़ हो। उन्होंने कहा कि एम्स एक ब्रांड है और इसे बनाए रखना होगा। पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू ने एक एम्स स्थापित किया और पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने छह। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 एम्स स्थापित किए हैं। नड्डा ने लोकसभा में कहा कि सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 62 करोड़ लोगों को कवर किया है।



**> इस्पात, एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के प्रभाव पर बारीक नजर**

सरकार ने शुक्रवार को संसद को बताया गया कि अमेरिका ने इस्पात और एल्युमीनियम पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया है। सरकार इसके प्रभाव का मूल्यांकन कर रही है। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि अमेरिका की ओर से सभी देशों से इस्पात और एल्युमीनियम के आयात पर बिना किसी छूट के ये शुल्क लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब तक अमेरिका ने भारत पर किसी तरह का पारस्परिक शुल्क नहीं लगाया गया है। मंत्री ने बताया कि भारत पारस्परिक रूप से लाभकारी और निष्पक्ष तरीके से द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने और व्यापक बनाने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है।

ब्रिटेन के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते से चमड़ा, कपड़ा, आभूषण, समुद्री और प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने शुक्रवार को राज्यसभा में बताया कि इस समझौते से आईटी/आईटीईएस जैसे सेवा क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाने की काफी संभावनाएं हैं। ब्रिटेन के साथ वार्ता में दोनों पक्षों का लक्ष्य एक निष्पक्ष और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौता करना है। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता 13 जनवरी, 2022 को शुरू हुई थी। अब तक 14 दौर की वार्ता हो चुकी है।

**> अमेरिका में हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की कई घटनाएं आई सामने**

सरकार ने शुक्रवार को संसद को बताया कि हाल के वर्षों में अमेरिका में हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाने और उनपर भारत विरोधी नारे लिखने के कई मामले सामने आए हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, अमेरिका में मंदिरों और पूजा स्थलों पर हमले और अपवित्रता की सभी घटनाओं को राजनयिक माध्यमों से तुरंत अमेरिकी सरकार के समक्ष उठाया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित मंदिर प्रबंधन प्राधिकारियों और सामुदायिक संघों ने भी स्थानीय कानून प्रवर्तन प्राधिकारियों के समक्ष इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने की मांग की है। सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि पिछले पांच वर्षों में भारत से फलों के निर्यात में 47.5% की वृद्धि हुई है। प्रश्नकाल के दौरान वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों से निर्यात बढ़ाने में मदद मिली। संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया को फलों के निर्यात में क्रमशः 27 प्रतिशत और छह प्रतिशत की वृद्धि करने में मदद मिली है। भारत से निर्यात किए जाने वाले प्रमुख फलों में आम, अंगूर, केला, सेब, अनानास, अनार और तरबूज शामिल हैं।

# ज्ञान और हुनर की साधना का पर्व : चैत्र नवरात्रि



अतुल कुमार

नवरात्रि प्रमुख त्यौहारों में एक है । साल में दो बार चैत्र और शारदीय नवरात्रि के रूप में इसे मनाया जाता है . चैत्र नवरात्रि में सिद्धि ,साधना , और समर्पण की स्तुति होती है .विद्या , हुनर और कला की देवी माता हैं . यह नालेज ,स्किल और एक्स्पर्टाइस का युग है . जब ए आई ( आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस ) और मनुष्य की बौद्धिक क्षमताओं के बीच द्वंद मचा हो ,मशीनें और टेक्नालाजी ट्रेडिशनल वर्क स्टाइल को चैलेंज कर रही हों और लाइफ स्टाइल में मशीनों का इस्तेमाल बड रहा हो तब इस प्रश्न का उठना स्वाभाविक है कि मानवीय क्षमताओं की क्या उपयोगिता रह जायेगी ? आज आधुनिक टेक्नालाजी , मशीन और बौद्धिक क्षमताओं के अस्तित्व पर चिंतन और डिबेट हो रहे हैं तब .इंसान और तकनीक के बीच के अंतर को समझना होगा . इन सारे बदलावों के पीछे मनुष्य की गहरी सोच और ज्ञान ही तो है ! इसी चिंतन, शक्ति ,हुनर और ज्ञान की देवी मां दुर्गा हैं जो शक्ति की महादेवी हैं तो साधना की आराध्य देवी हैं तब मनुष्य को मिले ईश्वरीय वरदानों और क्षमताओं के सम्मुख सारी चिंताएं अर्थहीन दिखायी देती हैं क्यों कि शरीर रूपी संरचना में उन शक्तियों का वास है जो ज्ञान से मिलता है इसलिये नालेज और स्किल पर जितना इंनवेस्ट करेंगे उतने अधिक डिविडेंटस मिलेंगे .

ज्ञानार्जन साधना से आता है इसी साधना की चैत्र नवरात्र में पूजा अर्चना होती है जिससे साधक के ह्रदय और मस्तिष्क का विकास हो. ध्यान रहे ! ह्रदय के बिना अध्यात्म ने शिक्षा को व्यर्थ माना इसलिये कहा गया " पढाई दिल लगा कर करो और हिसाब किताब दिमाग से " .विद्या ,बुद्धि धन और इनसे अलग जो भी शक्तियां हैं उन सबकी देवी मां दुर्गा को माना गया . अत; कहा गया " दुर्गति नाशिनी दुर्गे जय जय , काल विनाशिनी काली जय जय ,उमा रमा ब्रह्माणी जय जय राधा रुक्मिणी सीता जय जय " देवी सरस्वती के रूप में विद्या ,मां लक्ष्मी के रूप में धन और वहीं दुष्ट शक्तियों के नाश के लिये मां काली की आराधना की जाती है . इन शक्तियों की दात्री मां दुर्गा हैं . बौद्धिक ज्ञान की शक्ति उन्हीं के पास है . शास्त्रानुसार एक बार वायु देवता को इतना अभिमान हो गया कि जिसे चाहे उडा सकता हूं ,अग्नि को यह अकड कि जिसे चाहो जला सकती हूं तो जल को यह ईगो कि जिसे चाहो डुबो सकता हूं कि भावना पैदा हुई इसको देख माता ने एक तिनके को उनके सम्मुख रखा और कहा इसे हटा ,जला और डुबो कर बताओ सभी ने अपनी अपनी शक्तियों का उपयोग किया लेकिन कोई भी उसे हटा नहीं पाया और तिनके से पूछने लगे कि इतनी अदम्य शक्ति तुमको कैसे मिली लंबे अनुनय और विनय के बाद मां दुर्गा प्रकट हुईं और कहा तुम्हारी बुद्धि और चिंतन शक्ति की दात्री मैं हूं लेकिन तुम्हारे घमंड के कारण तुमसे उन शक्तियों को वापस लेना पडा जिससे तुमको तुम्हारी हैसियत का पता लगे . शक्तियों को पा विनम्र और दयालु बनो न कि अभिमानी . ध्यान रखो ! जहां अभिमान होगा वहां मेरा वास नहीं होगा . तीनों ने मां के चरणों में गिर क्षमा मांगी . क्षमा कर मां अंतर्ध्यान हो गयीं . यह प्रसंग आज के संदर्भो में अधिक प्रासंगिक है क्यों कि ईगो एक महामारी की तरह फैल रहा है और उस दंभ में लोग अपनत्व को खो रहे हैं तब मां दुर्गा की साधना का महत्व ज़्यादा है . दुर्गा शब्द दुर्गम से बना है जिसका तात्पर्य निडरता से है चाहे जैसी भी परिस्थितियां आ जाए विनम्रता और



संकल्पों को नहीं छोडना ही अंदरूनी शक्तियों का परिचायक है . यह " मल्टि टास्किंग " एक साथ कई कार्य करने का युग है मां दुर्गा के आठ हाथ हैं जो अपनी क्षमताओं को विकसित करने की प्रेरणा देते हैं "मल्टि टास्किंग" से न केवल समय की बचत होगी बल्कि इससे बौद्धिक ,मानसिक और शारीरिक शक्ति बढेगी और मस्तिष्क फिज़ूल की बातों में नहीं उलझेगा . सोचिये ! वर्तमान में जहां लीडरशिप क्वालिटीस को बडाने की चर्चाएं हो रही हैं तब यह कितनी महत्वपूर्ण बात है . परिस्थितियों के अनुकूल खुद को बदलने की क्षमता का पर्व नवरात्रि है इन नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग अलग रूपों की पूजा होती है इसके पीछे मैनेजमेंट की सामान्य सीख छिपी है लीडर और वर्कफोर्स को अपने व्यक्तित्व और व्यवहार में समयानुसार परिस्थितियों को देख बदलाव के लिये तैयार रहना चाहिये . उन्हीं के अनुसार स्वर ,शैली ,रुख ,तरीके भागीदारी और भूमिकाओं में चेंज लाना चाहिये। नवरात्रि का त्यौहार साल में दो बार छः मास के अंतराल पर मनाया जाता है हर त्यौहार साल में एक बार लेकिन नवरात्रि दो बार मनायी जाती है एक चैत्र और दूसरी शारदीय नवरात्रि जिसमें शक्ति की आराधना होती है। यह इसलिये कि मनुष्य के शरीर ,मन ,बुद्धि और सत्व की शुद्धि हो सके . अतः यह शुद्धिकरण का पर्व है ताकि मनुष्य को नव ऊर्जा , नव चिंतन और नव विचार मिलें और वह निग़ेटिविटी से दूर रहे . सोचिये ! भारतीय अध्यात्म ने मानव हित को कितनी गहराई तक सोच इस विधान को बनाया .क्रोध , मद , मत्सर लोभ और काम जितनी भी निगेटिव प्रवृतियां हैं उनका हनन करने तथा हर दिन की ज़िंदगी में मन फंसा रहता है रुटीन लाइफ से हट ज़िंदगी के मकसद ,आदर्श और अंदरूनी स्वास्थ्य को चुस्त और निखारने के लिये यह उत्सव मनाया जाता है. " चैत्र " का अर्थ है नव वर्षारंभ इसलिये नव वर्ष का आगमन नौ दिनों के लिये अंतर्मुखी होना है जिसमें प्रार्थना ,ध्यान और जाप का समावेश है .इसको बसंत नवरात्रि भी कहते हैं .पुराणों के अनुसार नवरात्रि पर्व महिषासुर के वध से जुडा है बताया जाता है कि जब महिषासुर का आतंक बड गया तब देवताओं ने माता पार्वती से रक्षा का अनुरोध किया इसके बाद माता पार्वती ने अपने अंश से नौ रूप प्रकट किये देवताओं ने अपने अपने शस्त्र दे कर इन रूपों को शक्तिशाली बनाया फिर मां दुर्गा ने महिषासुर को ललकारा पूरे नौ दिनों तक युद्ध चलने के बाद मां ने महिषासुर का वध किया . वह धान्य की देवी भी हैं शास्त्रानुसार सृष्टि की सबसे पहली फसल जौ है अत; नवरात्रि में देवी की उपासना में मिट्टी में जौ बोयी जाती है . मान्यता है कि यह जौ जितनी हरी भरी होगी उतनी ही तेज़ी से व्यक्ति को सुख समृद्धि और खुशहाली मिलेगी . चैत्र नवरात्रि के पहले दिन नव वर्ष की शुरुआत होती है जिसे प्रतिपदा कहते हैं . यह इसलिये कि इसी दिन मां जगदंबा ने ब्रह्मा को सृष्टि रचने के काम को सौंपा इसी दिन को सारे संसार के आरंभ का दिन भी माना गया इसी दिन माता ने देवी देवताओं को काम बांटे और इसी दिन सभी ने अपना काम संभाला और सृष्टि संचालित करने के लिये माता से आशीर्वाद मांगा . इसलिये चैत्र नवरात्रि से नव वर्ष की शुरुआत होती है . माता जगदंबा के आशीर्वाद से ब्रह्मा ने सृष्टि रची और उन्हीं की कृपा से यह काम पूरा भी हुआ इसलिये सृष्टि की शुरुआत से नौ दिनों तक माता के नौ स्वरूपों " प्रथम शैलपुत्री / द्वितीयं ब्रह्मचारिणी / तृतीय चंद्रघंटेती / कूष्मांडेति चतुर्थकम / पंचमंम स्कंद्मातेति / षष्ठम कात्यायनीति / सप्तम कालरात्रीति / महागौरीति चाष्टम / नवम सिद्धिदात्री / च नवदुर्गा प्रकीर्तितः उक्तान्येतानि नामानि ब्रहमणैव महात्मनः // की इस श्लोकानुसार स्तुति होती है . वास्तव में यह पर्व आत्मबल और आत्मशुद्धि को बढाने का अवसर प्रदान करता है जिससे आध्यात्मिक शक्ति बढती है जीवन के प्रति सोचने समझने का नज़रिया बदलता है क्यों कि यह ज्ञान और हुनर की साधना का पर्व है ।

# काव्य कुंज

## संजीवनी



संजीव ठाकुर
रायपुर

क्यों किरदार की तरह महकते नहीं।
क्यों गुलाबों की तरह महकते नहीं,
क्यूं चिड़ियों की तरह चहकते नहीं।
दफ्न हो रही है तमन्ना ए आरज़ू,
क्यूँ कलियों की तरह खिलते नहीं।
मर जायेगा आशिक़ तनहा होकर,
क्यूँ किरदार की तरह महकते नहीं।
फीकी पड़ गई शायद हमारी चाहत,
क्यो ख्यालों की तरह लहकते नहीं।
आशाओं सी फीकी आशाएं हमारी,
क्यों सूरज की तरह दमकते नहीं।
मुश्किलें तो पैदा करेगा जमाना,
क्यों स्वप्नों का जाल बुनते नहीं।
पहलू में सुकून के पल गुजार लो,
क्यों मिलन की तरह मिलते नहीं।

## आचार - विचार



गजानन पाण्डेय

मन में है लोभ
नीयत में खोट
प्रेम है न अपनापन
स्व - केन्द्रित व्यवहार है
घट रहा शिष्टाचार है ।
मन में गहराया
सोच का अंधकार
तब कैसे रुके भ्रष्टाचार
कैसे सुधरे आचार - विचार ?

## अभिनंदनम माँ अभिनंदनम



कुमुद बाला, हैदराबाद

त्रिनेत्र सुभाल शोभिता, रक्त मुंड भयंकरी
गलेर मुंड भूषिता , सुशोभिता
चरा चरी
निशा समूल नाशिनी , त्रिशूल
हस्ते धारिणी
मुंडमाल भस्म भूषणा , जिहवा
रक्त चंडिनी
मम ह्रदय निवास कुरु , माँ जगतनन्दिनी
श्यामिता-शोभना-श्यामला माँ
वैजयंती अंग भूषिता, त्रिलोक मातृका
व्याघ्र वाहन रंजीता, विकराल देविका
आकुल-व्याकुल-यांत्रिका-तरंगिता-तांत्रिका
शास्त्रा-सुगंधा-शास्त्रिका-वेदिका-वंशिका
मम ह्रदय निवास कुरु माँ अनुरंजिनी
आयुषी-आनंदी-वत्सला माँ
त्रिमूर्ति-त्रिमुखी-तृषा-त्रिनेत्रा त्रिशूलवंदिनी
मनवासिनी-भुजपाशिनी-मृगया- मृदुभाषिणी
कामिनी- मनभाविनी- हर्षवन्दिनी-मृदुहासिनी
सहगामिनी-मनमोहिनी-मधुरा-हर्षनन्दिनी
मम ह्रदय निवास कुरु माँ मधुनंदिनी
बहुला-स्वरूपा-महामाया माँ

## हम.... तुम...

हम....तुम......अलग कहाँ....?
ईश्वर भक्त मैं...तुम अल्लाह के बन्दे हो।
पहनावा मात्र हैं अलग अलग...
ज़िंदगी का मसला बस एक हो।
मैं पगड़ी बांधता हूँ...तुम इमामा
पहनते हो।
मैं ईश भक्ति में लीन.. तुम नमाज
पढ़ते हो।
मैं हाथ जोड़ता हूँ...तुम गले मिलते हो।
मैं संध्या आरती में...तुम रोजे खोलते हो।
मैं पुरुषोत्तम राम.. तुम दयालु रहीम हो।
मेरी बोली...तुम्हारी जुबान एक हैं।
हम...तुम...अलग कहाँ...?
सर्वश्रेष्ठ हैं ईश्वर...परवारदिगार नेक हैं।
सिर पर पल्लू...हमारे संस्कार हैं...
हिजाब में सुरक्षित तुम्हारी संस्कृति हैं।
हर त्यौहार में मेरे...संग ईद तुम्हारी हैं।
एक घर दीवाली...तो कहीं ईद निराली हैं।
नसों में प्रवाहित लहू एक जैसा फिर भी..
मैं हिन्दू.. तू मुस्लिम मात्र एक बीमारी हैं।
हम...तुम...अलग कहाँ...?
ये चुनिंदा सियासतों की खुमारी हैं..?



डॉ डी डी देसाई

## आया देखो ग्रोक

एलन मास्क ने दुनिया में
लाया अपना ग्रोक।
भारत में अपनी धूम मचाया
जब से आया ग्रोक।
बड़े बड़े नेताओं की
होश उड़ा दी ग्रोक ।
गोदीमीडिया की
नींद उड़ा दी ग्रोक ।
हर सवाल का सही जवाब
दे रहा अब ग्रोक ।
सच्चाई से सबको
रुबरु करवा रहा ग्रोक ।
नेताओं की नींद हराम
कर रहा है ग्रोक ।
भारत में जन जन को
भा रहा है ग्रोक।
दुनिया भर में धूम
खूब मचा रहा ग्रोक।
आगे आगे देखो क्या क्या
गजब ढा रहा ग्रोक।

बद्री प्रसाद वर्मा अनजान

## तन्हा

ज़िंदगी की जद्दोजहद में मैं भी जहान में खो गया
परिन्दों के उड़ते ही दरख़्त फिर से तन्हा हो गया
खूबसूरत साथ निभाया था उजाले में साये ने मेरा
चौतरफा होते ही अंधेरा मैं फिर से तन्हा हो गया
घर था जो कल तक वो मकान में तब्दील हो गया
पुरखों की बस्ती में रहते हुए मैं अनजाना हो गया
अपनों ही के लफ़्ज़ों के सहारे ऐसा काम हो गया
घर के आंगन में उनसे दीवारों का बंटवारा हो गया
वक़्त का तकाजा ही है 'सुधीर' क्या से क्या हो गया
कल तक था जो दरवाजा आज वह कोना हो गया

\- सुधीर केवलिया

## जीवन के सफर में

मैं अकेला नहीं हूँ,
जीवन के सफर में,
प्रकृति साथ है,
पेड़ पौधे, रास्ते,
जो मेरे कदमों को,
दिशा देते, और
वे पत्थर जो संघर्ष ,
का एहसास देते,
टकराकर जब गिरता,
और संभलकर चलता,
तो अनुभव का पेज,
मेरे जीवन के सफर,
में जुड जाता,
अगली बार सभी पत्थर,
जोड देते बहुत कुछ,
मेरे व्यक्तित्व में,
और कहते रहते,
कि चलते रहो,
सुख-दुख के पलों के साथ,
रुकना नहीं है जीवन कि डगर में,
मुस्कराते चलते जाना,
जीवन के सफर में ।

संजय कुमार भंवरा
हैदराबाद

## जय मां दुर्गा



रेनू अग्रवाल

हे आदि शक्ति तुम्हे प्रणाम।
नौ रूपों में है तेरा नाम।
तुझसे सृष्टि शक्ति है पाती,
नारी का है तुमसे सम्मान।
पहला रूप शैल पुत्री कहते।
दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी है।
तीसरा रूप चंद्र घंटा कहाए,
चौथा रूप कुष्मांडा बुलाते।
पांचवीं माता स्कंद माता है।
छठी कात्यायनी माता है।
सातवीं कालरात्रि माता है।
आठवीं माता महा गौरी है।
नवमी माता सिद्धि दात्रि है।
इन नौ रूपों से सृष्टि चलाए।
मां दस हाथों में हथियार लगाए।
सबको ममता से नहलाए।
मां तेरे रूप निराले।
देती बेटों को निवाले।
सुहाग देती कुंवारियों को,
शिव गौरी को अपनाए।
वैसे तेरे रूप अनेक है।
करती तुम काम नेक है।
चंड मुड संहारे,
चामुंडा कहलाती।
मां तुम राक्षसों से बचाती।
तेरी महिमा अगाध अनंत है।
जिसको गा सके न संत है।
तेरी महिमा है निराली,
कैसे गाउं मेरी बुद्धि मंद है।

## बदलाव



डॉ टी महादेव राव

आदमी को काट कर
सांप मर गया
उसका सारा विष बेअसर गया
अब आदमी सांप से
हो गया खतरनाक
जहर में
सभ्यता संस्कृति आए प्रगति
सारी बातें धरी की धरी रह गईं
मानवता का महल था आदमी
बदल गया है
असभ्यता के
खंडहर में
जब से सारे विषाक्त कण
भर गए है मन और बदन में
अलाव सा जलता आदमी
बन गया
ग्रीष्म का सूरज
दोपहर में
संवेदना अनुभूति कोरे रह गए
भावनाओं के नाव
कबके बह गए ईर्ष्या क्रोध स्वार्थ से
भरा हुआ आदमी
बदल गया
भागते दौड़ते व्यस्त शहर में

## तारीखों में....



दर्शन सिंह
हैदराबाद

लक्ष्मण रेखा के अंदर रहे,
ढेर सारा सत्कार मिलता है
बहारों का ताज भाल पर सजता है
जी आया नू, वाह जी वाह, बल्ले
बल्ले
लाल कार्पेट, तालियों से स्वागत
किया जाता है
निशाना क्या चुका, खतपतवार में जगह बनाई
तारीखों में ऐसे भी मंजर हमने देखे हैं
लम्हों ने खता की थी, और सदियों ने सजा पाई
कभी कभार अनजाने,अति उत्साहित हो जाते हैं
चाटुकारिता की परिभाषा समझ नहीं पाते हैं
बंद मुट्ठी लाख दी खुल गई ते खाक दी
फिर क्या देखते ही देखते तिरस्कृत हो जाते हैं
जब तक समझते, ताउम्र नहीं हुई तुरपाई
तारीखों में..
रावण छह दर्शन और चारों वेदों का ज्ञाता था
ब्रह्मा जी की घोर तपस्या,
मृत्यु को मंजी के पांवों से बांधा था
यह और बात है
विभीषण द्वारा मृत्यु राज बताने पर
रावण जीवन से हाथ धो बैठा था
खैर जो भी हो
एक चूक माता सीता का अपहरण,
प्रकांड विद्वान रावण ने प्रभुता गवाई
तारीखों में...

## सुबह - रात



टी तारासिंह
हैदराबाद

सुबह- रात का इंतजार करे
रात - सुबह का इंतजार करे
ये है भाई - बहन अनबिछडे
एक है उजाला तो दूसरा है अंधेरा ।
मिलते नही हो कभी एक दूसरे से
फिर भी करते हो बेमिसाल प्यार
तुम्हारे कालचक्र से दुनिया चले
पहले पहल सूरज की किरण से
इन्सान जागे
सुबह के दिन भर के काम मे व्यस्त रहे
शाम को काम निपटा कर घर पहुंचे
रात मे थक हार कर चैन की नींद करे
ये सिलसिला है इन्सान के जिंदगी का
भाई न मिले बहन से
बहन न मिले भाई से
यही है सौरमंडल की सच्चाई ।।

## "हुनर"



हेमंत सुराना,
उदयपुर

अपने दिल की बात सुनो ,
करने की फिर कुछ ठानो
छिपे हुनर को पहचानो ,
अपनी क्षमता को पहचानो
कुछ कर गुजरने का हौसला है,
हर राह को फतह करते जाना है
जज्बात उम्मीदों से भरा है ,
मौज में आगे ही बढ़ते जाना है
अपने हौसले के बल पर,
अपना हुनर दिखा देंगे
भले ही कोई जगह ना दे हमको,
हम अपनी जगह खुद बना लेंगे
अपना हुनर अपने ही अंदर ढूंढेंगे,
यश कीर्ति खुद दौड़े चले आएंगे
हुनर को मिलेगा जब प्रोत्साहन,
जर्रे जर्रे में खुशी के फूल खिलेंगे,
जर्रे जर्रे में खुशी के फूल खिलेंगे ।

## परीक्षा जीवन का



कमलेश झा
भागलपुर बिहार

परीक्षा तो जीवन का हिस्सा ,हर पल हर छण का बस किस्सा ।
जीवन पथ पर चलने का , गढ़ता जाता आगे का रिश्ता।।
कभी सुख की दो घड़ी, तो कभी दुख
की बौछार।
कभी मिले फूल यहां , तो कभी चुभे
कांटे हजार ।
जब ठोकर लग गिरते हैं, तब कला
उठने की सीखते हैं।
हार हार कर जीवन में ,ग़म में भी
हंस कर जीते हैं ।
धैर्य का कवच बांध कर , मेहनत कस का बनाना पहचान।
सच के पथ पर चलने जाना,करते जाना नव उत्थान।
जीवन की इस परीक्षा का ,कोई अंत नहीं होता।
संघर्ष भरी इस जीवन पथ पर, थाम थाम पग रखा जाता ।।
तो मत घबराना इस परीक्षा से ,जीवन की कसौटी बड़ी ।
हर एक परीक्षा तुम्हें बनाती, आग तपाकर कुंदन कड़ी ।
हर मोड़ पर, हर डगर पर, जीवन लेता है परीक्षा।
कभी हँसी के, कभी आँसू के, देत जाता है शिक्षा।
धूप-छाँव का खेल निराला, कभी छाया, कभी उजाला।
जो अडिग रहे मुश्किल में भी,वही असली है मतवाला।

## गधे ही गधे हैं

इधर भी गधे हैं
उधर भी गधे हैं
जिधर देखता हूं
गधे ही गधे है
गधे हंस रहे हैं
आदमी रो रहा है
हिंदुस्थान में यह क्या हो रहा है।
घोडों को मिलती नहीं है घास देखों
गधे खा रहे हैं
च्यवन प्रास देखो

-योगेश जादौन

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# बैंकॉक के भारतीय बोले- ऐसा डरावना दृश्य कभी नहीं देखा

मैं लंच करने घर आया था। तभी मेरा सिर घूमने लगा। मुझे लगा चक्कर आ रहा है। कुछ ही सेकेंड में समझ आ गया कि ये चक्कर नहीं, भूकंप है। बिल्डिंग हिल रही थी। मैं थर्ड फ्लोर से तुरंत नीचे भागा। मैं जहां रहता हूं, वहां रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5 थी। जितनी तेज झटके लगे, वो वाकई भयानक अनुभव है।' सुखनिदान सिंह थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक से करीब 800 किमी नॉर्थ में चियानमई सिटी में रहते हैं। ये शहर म्यांमार बॉर्डर से सटा है। सुखनिदान डॉक्टर हैं और थाईलैंड में रिसर्च का काम करते हैं। सुखनिदान बात करते वक्त तक घर के पास एक पार्क में बैठे थे। यहीं बिल्डिंग के बाकी लोगों को भी रुकने के लिए कहा गया था। म्यांमार में 28 मार्च की सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 देशों में महसूस किए गए। सबसे ज्यादा असर म्यांमार और थाईलैंड में हुआ है। सुखनिदान सिंह आगे बताते हैं, 'मैं ही नहीं, बिल्डिंग में मौजूद हर किसी के चेहरे पर भूकंप के बाद का डर देखा जा सकता था। नीचे से भागते हुए बिल्डिंग क्रैक होने और टूटने-फूटने की आवाजें आ रही थीं। ऐसा लग रहा था कि बिल्डिंग क्रैक हो चुकी है। मैं इतना डर गया था कि नीचे भागते हुए सीढ़ियों पर ही गिर गया। 'लोकल प्रशासन ने बताया कि बिल्डिंग के अंदर वापस नहीं जाना है। अभी ऑफ्टर शॉक आ सकते हैं।'

आयमान नासिर पिछले 28 साल से बैंकॉक में रह रहे हैं। वो ज्वैलरी के कारोबार से जुड़े हैं। नासिर कहते हैं, 'मैं मस्जिद में था। अचानक लगा कि कुछ हिल रहा है। अभी रोजे चल रहे हैं, तो मुझे लगा कि ये कमजोरी की वजह से है। झटके तेज हुए तो समझ आया कि ये भूकंप के झटके हैं। मस्जिद के बाहर निकला तो देखा ऊंची-ऊंची इमारतें हिल रही थीं। एक बिल्डिंग मेरी आंखों के सामने गिर गई। पास ही मौजूद एक बिल्डिंग के टॉप फ्लोर से पूल का पानी छलक रहा था। ये सब करीब 5 मिनट तक चलता रहा। आयमान यहां से बैंकॉक के लटसन और सेंट लुईस हॉस्पिटल पहुंचे। यहां भूकंप के डर की वजह से हॉस्पिटल में एडमिट सभी मरीजों को बाहर निकाला जा रहा था। हॉस्पिटल के बाहर की सड़क स्ट्रेचर लगाए गए और उस पर मरीजों को लिटाया गया। हॉस्पिटल स्टाफ से लेकर पेशेंट तक सभी डरे हुए थे। आयमान बताते हैं, 'मेरे घर के पास एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग धराशायी हो गई। भूकंप की वजह से कुछ और इमारतों को भी नुकसान हुआ है। इसमें जानमाल के भी काफी नुकसान की आशंका है, लेकिन अब तक आंकड़ा साफ नहीं है। भूकंप के बाद से दफ्तर और दुकानें बंद हैं। दिल्ली की पत्रलेखा पेशे से जर्नलिस्ट हैं। अभी अपने पार्टनर के साथ बैंकॉक में रह रही हैं। वे शहर के ठीक बीचों-बीच रहती हैं। पत्रलेखा बताती हैं, 'भूकंप आया, तब मैं घर पर अकेली थी। मैं देर से सोकर उठी। नाश्ता करके बैठी ही थी कि दोपहर करीब 1 बजे कुछ हिलने जैसा महसूस हुआ। मुझे वर्टिगो (चक्कर आना, डिजिनेस) की दिक्कत है। इसलिए लगा कि ये उसी की वजह से है। झटके तेज होते गए, तो मुझे यकीन हो गया कि ये भूकंप ही है।'

## थाईलैंड के मुकाबले म्यांमार में भूकंप का खतरा ज्यादा



**म्यांमार के सागाइंग फॉल्ट के पास 1930 से 1956 के बीच 6 भूकंप आए**

**रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7 थी, ये फॉल्ट देश के बीच से होकर गुजरता है**

**थाईलैंड भूकंप जोन नहीं है, यहां महसूस किए गए झटके म्यांमार में आए भूकंप का असर हैं**

'पिछले कई साल से यहां कभी भूकंप नहीं आया। न ही ये सीस्मिक जोन में है, जहां भूकंप आने की आशंका हो। इसलिए मुझे यकीन नहीं हो रहा था। शायद इसीलिए थाईलैंड में भूकंप की स्थिति से निपटने के लिए कोई इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। भूकंप के झटके तेज हो गए, तो मैं चल भी नहीं पा रही थी। मैं दीवार का सहारा लेते हुए ग्राउंड फ्लोर की तरफ आगे बढ़ी।'

पत्रलेखा की तरह ही उनकी बिल्डिंग में रहने वाले सभी लोग नीचे गार्डन में इकट्ठे हो गए। वो कहती हैं, 'पार्क में जाने के बाद पता चला कि ये म्यामांर में आए भूकंप का असर है। यहां सरकार ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। स्कूल और दफ्तर बंद कर दिए गए हैं। तभी फोन पर अचानक से इसके मैसेज, वीडियो और फोटोज आने लगे। देखते ही देखते पास में एक बड़ा पब्लिक पार्क लोगों से भर गया। जो जहां था, वो वहीं रुक गया। पूरा ट्रैफिक डेढ़ घंटे के लिए रुक गया। मेरे घर के आस-पास कुछ इमारतों को नुकसान हुआ है, लेकिन किसी की मौत की खबर नहीं है। मैसेज और फोन से ही पता चला है कि बैंकॉक में एक अंडर कंस्ट्रक्शन इमारत गिर गई है, जिसमें 30 से ज्यादा मजदूर फंसे हुए हैं।'

पत्रलेखा बताती हैं, 'बैंकॉक एक वर्टिकल शहर है। यहां ऊंची-ऊंची इमारतें हैं। बहुत कम इलाके में बहुत ज्यादा आबादी रहती है। अगर इतनी ऊंची इमारतें होंगी, तो भूकंप के झटकों का असर ज्यादा होना तय है। हालांकि, यहां लोग अनुशासन में रहते हैं। भूकंप जैसे हालात में भी लोगों ने संजीदगी से बर्ताव किया। लोग इमारतों से निकलकर पार्क में आ गए और एक दूसरे का हिम्मत देते रहे।'

बुजुर्गों को व्हीलचेयर की मदद से बाहर निकाला गया। छोटे बच्चों को उनके पेरेंट्स लेकर आए। हमें करीब 2 घंटे तक पार्क में ही रुके रहने की सलाह दी गई। हर किसी की सबसे बड़ी चिंता थी कि कहीं भूकंप के बाद आफ्टर शॉक ना आएं, इसलिए कोई रिस्क नहीं लेना चाहता था। 'मैंने दिल्ली में भी भूकंप देखे हैं। हमें भूकंप के झटके महसूस करने की आदत है। इस बार बैंकॉक में जैसे झटके महसूस किए, वो काफी तेज और डरावने थे। दिल्ली में हम भूकंप के लिए मेंटली तैयार भी होते हैं, क्योंकि वहां हल्के झटके लगते रहते हैं। थाईलैंड में कई साल से भूकंप नहीं आया, इसलिए ये ज्यादा खौफनाफ था।




उत्तराखंड के देहरादून में रहने वाले अभिषेक फैमिली के साथ थाईलैंड घूमने आए हैं। वे कहते हैं, 'मैंने पूरी जिंदगी में ऐसे झटके महसूस नहीं किए। मैं अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कमरे में बैठा था। तभी कमरे में रखे सामान हिलने लगे। हम सीढ़ी से उतरकर नीचे भागे। करीब एक घंटे तक आपाधापी का स्थिति रही। उसके बाद हालात काबू में आने शुरू हुए। हमारी आज शाम की फ्लाइट थी। हमने टैक्सी भी बुक कर रखी थी, वो भी नहीं आई। यहां पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट मेट्रो और बस बंद हैं। हमें बताया गया कि रात तक हालात बेहतर हो सकते हैं। पिछले 6 घंटे से हम अपने कमरे में ही बैठे हुए हैं और डर की वजह से बाहर नहीं निकल रहे।

**म्यांमार के मांडले शहर की इमारतें तबाह**

थाईलैंड भूकंप जोन नहीं है। यहां महसूस किए गए सभी झटके पड़ोसी देश म्यांमार में आए भूकंप का असर है। म्यांमार में भूकंप की वजह से ऐतिहासिक शाही महल मांडले पैलेस के कुछ हिस्सों को नुकसान हुआ है। वहीं, सागाइंग क्षेत्र के सागाइंग टाउनशिप में एक पुल भूकंप में पूरी तरह तबाह हो गया। राजधानी नेपीता के अलावा क्यौकसे, प्यिन ऊ ल्विन और श्वेबो में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इन शहरों की आबादी 50 हजार से ज्यादा है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में 10 हजार से 1 लाख मौतें तक हो सकती हैं।

म्यांमार में धरती की सतह के नीचे की चट्टानों में मौजूद एक बहुत बड़ी दरार है, जो देश के कई हिस्सों से होकर गुजरती है। ये दरार म्यांमार के सागाइंग शहर के पास से गुजरती है इसलिए इसका नाम सागाइंग फॉल्ट पड़ा। यह म्यांमार में उत्तर से दक्षिण की तरफ 1200 किमी तक फैली हुई है। इसे 'स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट' कहते हैं, जिसका मतलब है कि इसके दोनों तरफ की चट्टानें एक-दूसरे के बगल से हॉरिजॉन्टल दिशा में खिसकती हैं, ऊपर-नीचे नहीं। इसे आप ऐसे समझ सकते हैं जैसे दो किताबें टेबल पर रखी हों और उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ स्लाइड किया जाए। यह दरार अंडमान सागर से लेकर हिमालय की तलहटी तक जाती है और पृथ्वी की टेक्टॉनिक प्लेट्स के हिलने-डुलने से बनी है। भारतीय प्लेट उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रही है, जिससे सागाइंग फॉल्ट पर दबाव पड़ता है और चट्टानें बगल में सरकती हैं।

म्यांमार में कई बड़े भूकंप इसी सागाइंग फॉल्ट की वजह से आए हैं। इससे पहले 2012 में 6.8 तीव्रता का भूकंप आ चुका है। सागाइंग फॉल्ट के पास 1930 से 1956 के बीच 7 तीव्रता वाले 6 से ज्यादा भूकंप आए थे।

# मनमाने ढंग से किराया वसूल रहीं एयरलाइंस

महंगे हवाई किराए का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठा। विपक्षी सांसदों ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा का सरकार का नारा विफल हुआ है। हवाई चप्पल में हवाई जहाज...यह सब हवा बाजी हैं। सदस्यों ने आरोप लगाते हुए कहा कि एयरलाइंस डायनेमिक फेयर सिस्टम के नाम पर लोगों से मनमाने ढंग से किराया वसूल रहीं हैं। खासतौर से फेस्टिव सीजन में। महाकुंभ के दौरान तो बहुत अधिक एयर फेयर हो गए थे। इसका खामियाजा देश के गरीब, मध्यम और प्रवासी मजदूरों को महंगी दरों पर टिकट खरीदने के रूप में भुगतना पड़ रहा है। टिकटों की अपर लिमिट तय करनी चाहिए। ताकि एयरलाइंस एक सीमा के उपर किराए ना बढ़ा सकें।

हालांकि, प्राइवेट मेंबर बिल के तहत महंगे हवाई किराए पर हुई चर्चा के दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदस्यों द्वारा हवाई अड्डों पर महंगे खाने-पीने के बीच सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू से कहा कि वह ऐसी व्यवस्था कराएं कि देश के प्रत्येक एयरपोर्ट पर लोगों को निशुल्क पीने का पानी मिल सके। इससे कम से कम निकट भविष्य में यह तो होता दिखाई दे रहा है कि लोगों को हवाई अड्डों पर पीने का पानी तो फ्री में मिलने लगेगा।

कांग्रेस के डीन कुरियाकोस ने कहा कि हवाई किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी की ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए। साथ ही सरकार को विमानन संबंधी संसदीय समिति की उस सिफारिश पर भी अमल करना चाहिए। जिसमें बिना वजह किराया बढ़ाने पर एयरलाइंस पर जुर्माने की बात कही गई थी। समाजवादी पार्टी के आनंद भदौरिया ने कहा कि 'हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा' का सरकार का नारा विफल साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज का हवाई किराया इतना ज्यादा था कि आम आदमी विमान से यात्रा करने के बारे में सोच भी नहीं सकता था।

**आपदा में अवसर**

भदौरिया ने कहा कि 1994 से पहले हवाई किराए पर सरकार का पूर्ण नियंत्रण था, लेकिन बाद में कानून में बदलाव के बाद नियंत्रण विमानन कंपनियों का हो गया। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि 2019 से 2024 के बीच भारत घरेलू विमानन बाजार में हवाई किरायों में 43 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। महुआ ने कहा कि सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि हवाई सुविधा किफायती रहे। निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि यह सरकार 'आपदा में अवसर' ढूंढती है और वह देखती है कि लोगों की जेब से कैसे पैसे निकाले जाएं। कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने कहा कि 'हवाई चप्पल के साथ हवाई यात्रा' की बात सिर्फ हवाबाजी है।

**'एआई का प्रकोप टिकटिंग...'**

बीजेपी सांसद राजीव प्रताप रूड़ी ने कहा कि विमान यात्राओं का भाड़ा अधिक होने के पीछे अनेक कारक हैं। जब तक छोटे शहरों में अवसंरचना का विकास नहीं होता किराया कम नहीं होगा। रूड़ी ने कुछ ही मिनट के अंतर पर एयर फेयर बढ़ने के लिए एआई को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि एआई का प्रकोप टिकटिंग पर आ गया है। जो टिकट अभी 7000 रुपए में मिल रहा है। वही दोबारा बुक करने पर नौ हजार या इससे अधिक का हो जाता है। इस दिशा में सरकार को ध्यान देना चाहिए।

चर्चा के दौरान एविएशन टरबाइन फ्यूल एटीएफ पर विभिन्न राज्यों द्वारा लिए गए रहे महंगे वैट का भी मामला सामने आया। इस मामले में आंकड़ों पर गौर करें तो पता लगता है कि एटीएफ पर देश के सभी 36 राज्यों में सबसे अधिक 29 फीसदी वैट बिहार और तमिलनाडु राज्य ले रहे हैं। जबकि इनके बाद दिल्ली 25 फीसदी और असम 23.65 फीसदी वैट के रूप में ले रहा है। तेलंगाना पहले एक फीसदी वैट ले रहा था। जिसने इसे 16 फीसदी कर दिया।

मामले में मंत्रालय से दिल्ली समेत तमाम राज्यों को पत्र लिखकर कम से कम वैट लेने या फिर जीरो या एक फीसदी वैट लेने का आग्रह किया गया है। ताकि वैट कम लेने से किराए कम हो सकें। अभी 12 राज्य ऐसे हैं, जो एटीएफ पर एक फीसदी वैट ले रहे हैं। लक्ष्यद्वीप और मेघालय राज्य जीरो फीसदी वैट ले रहे हैं। बाकी कर्नाटक 18, गोवा 15, महाराष्ट्र 18 और पश्चिम बंगाल भी 20 फीसदी वैट ले रहा है। इनके अलावा बचे राज्य पांच फीसदी तक वैट ले रहे हैं। मामले में डीजीसीए ने तमाम एयरलाइंस से उनके दो साल के टिकट डाटा भी मांगे हैं। ताकि किरायों में उतार-चढ़ाव की स्टडी की जा सके।

## केरल की मुख्य सचिव की पोस्ट से छिड़ी बहस

'जब मैं चार साल की थी, मैंने अपनी मां से पूछा था कि क्या वह मुझे फिर से गर्भ में रख सकती हैं और काले से गोरा और खूबसूरत बना सकती हैं?' ये बात केरल की मुख्य सचिव सारदा मुरलीधरन ने एक फेसबुक पोस्ट में कही। दरअसल, किसी ने सारदा के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए उनके रंग पर कमेंट किया था। सारदा ने कहा- यह स्वीकार करना जरूरी है कि कालापन ऐसी चीज है जो मूल्यवान और सुंदर है।

सारदा 31 अगस्त 2024 को अपने पति वी वेणु के रिटायरमेंट के बाद चीफ सेक्रेटरी बनीं थीं। वे 1990 बैच की आईएएस ऑफिसर हैं और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की डायरेक्टर जनरल भी रही हैं। सुंदरता आखिर है क्या, इसमें शरीर के रंग और बनावट की क्या भूमिका और समय के साथ कैसे बदलते हैं खूबसूरती के पैमाने; जानेंगे इसकी पडताल करती रिपोर्ट।

हिंदू परंपरा में पुरुषों की सुंदरता का प्रतीक भगवान 'कृष्ण' को माना जाता है। वो श्याम वर्ण के थे। वाल्मीकि रामायण के मुताबिक भगवान राम का रंग भी सांवला था और वो बेहद सुंदर माने जाते हैं। मध्यकाल में भारत आए कई यात्रियों ने भी इस बात को लिखा है। 1292 में भारत आए इतालवी व्यापारी मार्को पोलो ने अपनी किताब 'द ट्रैवल्स' में लिखा है कि यहां सबसे काले इंसान को सबसे ज्यादा सम्मान मिलता है। ये लोग अपने देवताओं और मूर्तियों को काला और शैतानों को बर्फ की तरह सफेद दिखाते हैं।

16वीं शताब्दी के बाद मुगल शासन के दौरान, भारत के लोगों में गोरे रंग की ओर आकर्षण बढ़ा। मुगल शासक और उनके दरबार में सेंट्रल एशिया और फारसी मूल के लोग थे, जिनकी त्वचा अपेक्षाकृत गोरी थी। उनकी कला, साहित्य और जीवनशैली ने गोरेपन को शाही और अमीर वर्ग से जोड़ा। यह प्रभाव धीरे-धीरे समाज में फैलने लगा।

भारत में ब्रिटिश हुकूमत आई तो उसने काले-गोरे में भयंकर विभाजन शुरू कर दिया। क्योंकि सभी अंग्रेज गोरे थे, इसलिए उन्होंने गोरे रंग को बेहतर बताया और काले रंग को गुलामी, अज्ञानता और हीनता से जोड़ दिया। उनकी देखा-देखी भारत के उच्च वर्ग ने भी इस विचार को अपना लिया, क्योंकि वो अंग्रेजी शासकों के करीब रहना चाहते थे। इस दौरान गोरे रंग को लेकर एक मानसिकता बनी, जो आज भी कायम है। आजादी के बाद, यह धारणा और मजबूत हुई। खासकर फिल्म उद्योग और विज्ञापनों के जरिए। 1978 में 'फेयर एंड लवली' जैसी क्रीम की शुरुआत ने गोरेपन को बड़ा बिजनेस बना दिया। बॉलीवुड ने भी गोरे कलाकारों को खूबसूरत बताया गया, जिससे आम लोगों में यह

# खूबसूरती आखिर होती क्या है ?




चाहत बढ़ी। 'द इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंडियन साइकोलॉजी' ने दिल्ली-एनसीआर में 18 से 30 साल के 100 युवाओं पर स्टडी की। इस रिसर्च में पता चला कि लोग अपने रंग के हिसाब से ही सुंदरता की पसंद तय करते हैं। हालांकि, इसमें गोरे रंग की ओर झुकाव ज्यादा दिखा। कहा जाता है कि सुंदरता देखने वाले की आंखों में होती है। सुंदरता की कोई एक परिभाषा नहीं है। दुनिया में सुंदरता से जुड़ी अलग-अलग थ्योरीज हैं। इसमें एक थ्योरी रिप्रोडक्शन यानी प्रजनन की बायोलॉजी से जुड़ी है। विकासवादी जीवविज्ञानी मानते हैं कि कोई महिला या पुरुष प्रजनन और बच्चे पैदा करने के लिए प्राकृतिक रूप से जितना सक्षम और उपयोगी है, वो उतनी ही आकर्षक और सुंदर लग सकती है। इसी वजह से महिलाओं में सुंदरता के लिए सुडौल स्तन, लंबे बाल, सुराही जैसी गर्दन, चेहरे की सिमेट्री, बड़ा पेल्विक जैसे पैरामीटर इवॉल्व हुए हैं। इसी तरह पुरुषों में लंबा कद, गठीला शरीर, भारी आवाज, घने काले बाल और चेहरे की सिमेट्री जैसे पैमाने इवॉल्व हुए। इस थ्योरी के मुताबिक सुडौल स्तनों का मतलब महिला शारीरिक तौर पर मजबूत है और वो अपने बच्चों को पर्याप्त पोषण दे सकती है। बाल लंबे हैं या आवाज सुरीली होने का मतलब है कि उसमें हॉर्मोनल डेवलपमेंट बेहतर तरीके से हुआ है। बड़े पेल्विस एरिया का मतलब है कि महिला अपने गर्भ में स्वस्थ बच्चे को आराम से रख सकती है। इसी तरह लंबा कद, गठीला शरीर, भारी आवाज, घने काले बाल वाले पुरुषों की प्रजनन क्षमता अच्छी होने की संभावना ज्यादा होती है और वो स्वस्थ नस्ल पैदा कर सकते हैं। चेहरे की लंबाई, चौड़ाई, आंखों की दूरी, नाक का आकार और होठों की स्थिति अगर एक सिमेट्री में है यानी शख्स में कोई विकार नहीं है। ये भी सुंदरता का पैमाना है। सुंदरता मापने के लिए इस तरह गोल्डन सिमेट्री फेस थ्योरी का इस्तेमाल होता है। यानी आपके चेहरे को बीच से एक-दूसरे पर पलटा जाए तो आकार बराबर रहे।

खूबसूरती के कुछ पैमाने और मानक लगातार बदलते रहते हैं। यह बदलाव समाज के सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक और तकनीकी बदलावों के साथ होता रहा है। पुराने समय में मिस्र में काले रंग को सकारात्मक रूप में देखा जाता था और पतली आकृति को बेहतर माना जाता था। ग्रीस और रोम में कसा हुआ शरीर और चमकदार त्वचा को खूबसूरती की निशानी माना जाता था। महिलाओं में हल्के यानी सांवले रंग की त्वचा को अपर क्लास और गहरे रंग को लोअर क्लास से जोड़ा जाता था। मध्यकाल की शुरुआत से खूबसूरती का पैमाना धार्मिक मान्यताओं से जुड़ गया। ईसाई धर्म में साधारण और मासूम दिखने वाली महिलाओं को अच्छा माना जाता था। महिलाओं में निखरी हुई त्वचा को खूबसूरत और पतली दिखने वाली महिलाओं को बदसूरत कहा जाता था।

विक्टोरियन काल यानी 18वीं सदी के शुरू होने पर खूबसूरती का पैमाना बदलकर ठहराव, सादगी और सभ्यता हो गया। उस समय महिलाओं को फुल स्कर्ट्स, कसे हुए कोरसेट्स और लंबी चादरों में देखा जाता था। 20वीं सदी में हॉलीवुड फिल्मों का खूबसूरती पर बड़ा असर पड़ा। अभिनेत्री मार्लिन मुनरो, ऑड्री हेपबर्न और ब्रिजिट बार्डोट जैसी हस्तियों ने स्टाइल और सुंदरता के पैमाने गढ़े। इस दौरान पतला शरीर, हल्का रंग और आकर्षक चेहरे को खूबसूरत माना गया।

अब 21वीं सदी में सिर्फ चेहरा या शरीर नहीं, आत्मविश्वास और खुशी भी सुंदरता का हिस्सा है। मानसिक शांति को भी अहमियत दी जाती है। टीवी, फिल्मों और सोशल मीडिया में हर तरह के लोग दिखते हैं। हर उम्र, रंग और आकार को पसंद किया जाता है। आईआईएफटी की एसोसिएट फैकल्टी सपना परमार का कहना है, 'भारत में खूबसूरती का पैमाना कभी भी किसी का कलर नहीं रहा है। यह वेस्टर्न कल्चर का दिया हुआ है। आज के समय में इसमें सबसे बड़ा योगदान ब्यूटी प्रोडक्ट्स का है। वे खूबसूरती के झूठे स्टैंडर्ड सेट करते हैं, ताकि उनका प्रोडक्ट आसानी से बिक सके। इसके अलावा इसे बढ़ाने में सोशल मीडिया का योगदान भी है।' सपना परमार का मानना है कि गोरी त्वचा को खूबसूरत समझने की सोच इतनी मजबूत और विकसित हो गई है कि इस पर बात या बहस होती ही नहीं। अगर कोई जन्म से गोरा है तो वो पैदाइशी खूबसूरत है, लेकिन अगर कोई जन्म से काला होता है तो उसे खूबसूरत बोलने की बजाय गोरा करने के नुस्खों पर काम शुरू कर दिया जाता है।

दरअसल, दुनियाभर में खूबसूरती कोई कॉन्स्टैंट चीज नहीं है। इसके अलग-अलग मानक हैं... इथियोपिया में मुर्सी और सूरी जनजातियों में जो महिला होठ में जितना बड़ी प्लेट लगती है, वो उतना ही खूबसूरत और समृद्ध मानी जाती है। म्यांमार की कायन जनजाति की महिलाएं अपने गले को लंबा करने के लिए पीतल के बने छल्ले पहनती हैं। लंबी गर्दन ज्यादा खूबसूरती का संकेत है। समाज में महिलाओं को सुंदर दिखने के लिए बहुत दबाव होता है। महिलाएं हमेशा खूबसूरत दिखें और इसके लिए कई बार वे अपने सेहत, सुरक्षा और खुशी को भी दांव पर लगा देती हैं।

सर्जरी और कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट: कुछ महिलाएं अपने चेहरे या शरीर को ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए सर्जरी करवाती हैं। जैसे बोटॉक्स, फिलर्स या होंठों की सर्जरी। ये ट्रीटमेंट तुरंत निखार तो ला सकता है, लेकिन इनमें खतरा भी बहुत है। सर्जरी के बाद इन्फेक्शन, दर्द या स्वास्थ संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

बालों के लिए हानिकारक ट्रीटमेंट: घने और लंबे बालों के लिए महिलाएं केमिकल प्रोडक्ट्स और कई उपकरणों का इस्तेमाल करती हैं। बालों को रंगने, स्ट्रेट करने या स्टाइल करने में जो केमिकल्स यूज होते हैं, वे बालों को कमजोर और बेजान कर देते हैं। ज्यादा गर्मी से बाल झड़ने लगते हैं और इनकी प्राकृतिक चमक खो जाती है। त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले प्रोडक्ट्स: गोरी और चमकदार त्वचा पाने के लिए महिलाएं ब्लीचिंग क्रीम या सस्ते स्किन प्रोडक्ट्स यूज करती हैं। इनमें मौजूद केमिकल्स त्वचा को जला सकते हैं, एलर्जी पैदा कर सकते हैं, जिससे प्राकृतिक सुंदरता खत्म हो जाती है।

सख्त डाइटिंग और वजन घटाने के तरीके: पतला दिखने के लिए महिलाएं खाना कम खाती हैं या बहुत सख्त डाइट फॉलो करती हैं। कुछ तो जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करती हैं। इससे शरीर में ताकत कम हो जाती है, थकान रहती है, मूड खराब रहता है और हार्मोन भी बिगड़ सकते हैं। कम खाने से दिमाग पर भी असर पड़ता है, जिससे तनाव और उदासी बढ़ती है। ये सब सिर्फ परफेक्ट बॉडी के लिए किया जाता है। मेंटल प्रेशर और कॉन्फिडेंस की कमी: सोशल मीडिया पर हर तरफ पतली कमर, गोरा चेहरा, परफेक्ट स्किन की पोस्ट दिखती हैं। इन्हें देखकर महिलाएं अपनी असली शक्ल-सूरत से निराश हो जाती हैं। उन्हें लगता है कि वे सुंदर नहीं हैं, जिससे उनका कॉन्फिडेंस कम होता है। ये दबाव उन्हें उदास कर देता है और कई बार वे अपनी जिंदगी से ही नफरत करने लगती हैं।



ॐ पूर्णमद पूर्णमिन्द पूर्णिया पूर्णमुदच्यते।

धर्म-दर्शन-ज्योतिष-अध्यात्म

पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।



रविवार, 30 मार्च -2025 8

स्वतंत्र वार्ता, हैदराबाद


# देवी शैलपुत्री



वन्दे वांछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखरम्।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्।।

## अर्थ

मनोवांछित लाभ के लिए, सिर पर अर्धचंद्र धारण करने वाली देवी जो हाथों में त्रिशूल लिए और जो बैल पर सवार हैं, ऐसी यशस्विनी मां शैलपुत्री की वंदना करता हूं।

## पूजा विधि

जल, दूध, मौली, लाल चंदन, चावल, कुमकुम, हल्दी चढ़ाएं। कनेर के फूल और बिल्वपत्र चढ़ाएं। घी का दीपक और गुग्गल की धूप लगाएं। गाय के दूध की खीर, मखाने, और मौसमी फल का भोग लगाएं।

## चैत्र नवरात्रि पर विशेष

# घटस्थापना के लिए 2 मुहूर्त नौ देवियों की पूजा विधि



घटस्थापना का पर्व नवरात्रि के पहले दिन, जिसे प्रतिपदा कहते हैं, में होती है। इस दिन विशेष रूप से शक्तिपूजा की जाती है और देवी दुर्गा की उपासना प्रारंभ होती है। घटस्थापना का उद्देश्य घर में सुख, समृद्धि और शांति का वास करना है। यह दिन विशेष रूप से शक्ति, संकल्प और आरंभ का प्रतीक है।

नवरात्रि की शुरुआत में घटस्थापना के लिए विशेष मुहूर्त होते हैं, जिनका पालन करके पूजा की जाती है। इन मुहूर्तों का चुनाव ज्योतिषशास्त्र के आधार पर किया जाता है।

### घटस्थापना के लिए दो प्रमुख मुहूर्त

**अभिजीत मुहूर्त** – यह दिन के सर्वोत्तम मुहूर्त में से एक माना जाता है। यह समय लगभग 12:00 से 12:30 बजे के बीच होता है। विजय मुहूर्त – यह मुहूर्त प्रायः प्रदोष काल में पड़ता है, यानी सूर्यास्त के बाद का समय। यह समय लगभग चतुर्थी तिथि से लेकर रात 8:00 बजे तक होता है।

**घटस्थापना और पूजा विधिघट स्थापना** – सबसे पहले एक स्वच्छ स्थान पर मिट्टी का एक कलश रखा जाता है। कलश में जल, सुपारी, पत्तियाँ, सिक्का और दूर्वा (घास) डाले जाते हैं। फिर उस पर एक चुनरी या कपड़ा बांधकर उसे सजाया जाता है।

**देवी की पूजा** – उसके बाद देवी दुर्गा के चित्र या मूर्ति की स्थापना की जाती है। देवी की 9 स्वरूपों की पूजा की जाती है। प्रत्येक दिन एक विशेष देवी की पूजा होती है।

**व्रत का संकल्प** – इस दिन व्रति संकल्प लेते हैं कि वे नवरात्रि के नौ दिनों तक उपवास करेंगे और देवी की आराधना करेंगे।

**नौ देवियों की पूजा विधिप्रथम दिन (शैलपुत्री)** – इस दिन देवी शैलपुत्री की पूजा की जाती है। यह देवी शक्ति, साहस और उर्जा की प्रतीक हैं।

द्वितीय दिन (ब्रह्मचारिणी) – इस दिन देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है, जो तपस्या और साधना की देवी हैं।तृतीय दिन (चन्द्रघंटा) – इस दिन देवी चन्द्रघंटा की पूजा की जाती है, जो शांति और सामर्थ्य की देवी हैं।

**चतुर्थ दिन (कुष्मांडा)** – देवी कुष्मांडा की पूजा होती है, जो सृष्टि की उत्पत्ति और पालन करती हैं।

**पञ्चम दिन (स्कंदमाता)** – देवी स्कंदमाता की पूजा होती है, जो युद्ध और विजय की देवी हैं।

**षष्ठम दिन (कात्यायनी)** – देवी कात्यायनी की पूजा होती है, जो राक्षसों का वध करने वाली देवी हैं।

**सप्तम दिन (कालरात्रि)** – देवी कालरात्रि की पूजा होती है, जो कलियुग के राक्षसों का संहार करती हैं।

**अष्टम दिन (महागौरी)** – देवी महागौरी की पूजा होती है, जो सर्वगुण सम्पन्न और शांति की देवी हैं।

नवम दिन (सिद्धिदात्री) – देवी सिद्धिदात्री की पूजा होती है, जो सिद्धि और शक्ति की देवी हैं।व्रत का विज्ञाननवरात्रि का व्रत केवल धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और मानसिक रूप से भी व्यक्ति को शुद्ध करने का एक उपाय है। उपवास से शरीर को आराम मिलता है और शरीर में विषाक्त पदार्थों का निस्तारण होता है। इसके अलावा, ध्यान और साधना के जरिए मन को भी एकाग्र किया जाता है।

**नवरात्रि व्रत का वैज्ञानिक पक्षःपाचन तंत्र पर प्रभाव** – व्रत के दौरान हल्का और संतुलित आहार लेने से पाचन तंत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है।

**मानसिक शांति** – उपवास के दौरान मानसिक शांति और एकाग्रता प्राप्त करने की संभावना होती है।

**सकारात्मक ऊर्जा** – देवी की उपासना से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो जीवन में खुशहाली लाती है।इस प्रकार, घटस्थापना के दौरान पूजा विधि, देवी की पूजा, व्रत और उसका वैज्ञानिक महत्व सभी मिलकर नवरात्रि के इस पर्व को खास बनाते हैं।

## प्रकृति और ब्रह्मांड की शक्तियों की पूजा है घट स्थापना

### जानिए इसकी विधि

पटिए पर एक मुट्ठी धान रखते हैं। उस पर मिट्टी के कलश में पानी भरकर रखते हैं। कलश को आम या अशोक पेड़ के पत्तों के साथ नारियल से ढंक देते हैं।



गणेशजी को प्रणाम करें। फिर जहां कलश स्थापित करना है, उस भूमि को प्रणाम करें। चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर धान रखें।

कलश में शुद्ध पानी और गंगाजल भरें।




कलश स्थापना करते वक्त ॐ नमश्चण्डिकायै मंत्र बोलें।

### क्यों करते हैं कलश स्थापना

मिट्टी का कलश पृथ्वी तत्व का होता है। इसमें वायु और जल तत्व होते हैं। कलश के पास दीपक में अग्नि तत्व होता है। इस कलश में आकाश तत्व यानी ब्रह्मांड की सकारात्मक ऊर्जा का आव्हान करना ही घट स्थापना है।



जल से सृष्टि की उत्पत्ति हुई और जल में ही सभी देवी-देवताओं का निवास माना जाता है, इसलिए कलश में शक्ति आव्हान करते हैं।

# चैत्र नवरात्रि में करें 9 दुर्गा के मंत्रों का जाप



चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा की जाती है. नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना के साथ मां दुर्गा की पूजा करते हैं. पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है. मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए उनके प्रिय भोग अर्पित करते हैं. मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मंत्रों का जाप करते हैं. 9 दुर्गा के बीज मंत्र और स्तुति मंत्र अलग-अलग हैं. उज्जैन के महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के ज्योतिषाचार्य डॉ. मृत्युञ्जय तिवारी बता रहे हैं 9 दुर्गा के बीज मंत्र, स्तुति मंत्र और मां दुर्गा के पूजा मंत्र के बारे में.

चैत्र नवरात्रि 2025: मां दुर्गा के पूजा के मंत्र

1. या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
2. ओम जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।

### नवरात्रि में 9 दुर्गा के बीज मंत्र

1. देवी शैलपुत्री का बीज मंत्रः ह्रीं शिवायै नमः
2. देवी ब्रह्मचारिणी का बीज मंत्रः ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः
3. देवी चंद्रघंटा का बीज मंत्रः ऐं श्रीं शक्तयै नमः
4. देवी कूष्मांडा का बीज मंत्रः ऐं ह्री देव्यै नमः
5. देवी स्कंदमाता का बीज मंत्रः ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः
6. देवी कात्यायनी का बीज मंत्रः क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः
7. देवी कालरात्रि का बीज मंत्रः क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः
8. देवी महागौरी का बीज मंत्रः श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः
9. देवी सिद्धिदात्री का बीज मंत्रः ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः

### 9 दुर्गा के स्तुति मंत्र

1. शैलपुत्री स्तुति मंत्रः या देवी सर्वभूतेषु मां शैलपुत्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
2. ब्रह्मचारिणी स्तुति मंत्रः या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
3. चंद्रघंटा स्तुति मंत्रः या देवी सर्वभूतेषु मां चन्द्रघण्टा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
4. कूष्मांडा स्तुति मंत्रः या देवी सर्वभूतेषु मां कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
5. स्कंदमाता स्तुति मंत्रः या देवी सर्वभूतेषु मां स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
6. कात्यायनी स्तुति मंत्रः या देवी सर्वभूतेषु मां कात्यायनी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
7. कालरात्रि स्तुति मंत्रः या देवी सर्वभूतेषु मां कालरात्रि रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
8. महागौरी स्तुति मंत्रः या देवी सर्वभूतेषु मां महागौरी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
9. सिद्धिदात्री स्तुति मंत्रः या देवी सर्वभूतेषु मां सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

# इस नवरात्रि पर घर में अपनाएं यह वास्तु टिप्स



इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से शुरू होने जा रही है. जिसका समापन 7 अप्रैल को होगा. यह मां दुर्गा का आशीर्वाद पाने का सबसे सर्वोत्तम समय होता हैं. इन 9 दिनों में सभी लोग पूरे श्रद्धा के साथ मां दुर्गा के 9 रुपों का पूजा करते हैं. इसके अलावा, नवरात्रि के पहले दिन से ही हिंदू नववर्ष की शुरुआत मानी जाती है।

नवरात्रि के दौरान घर में साफ-सफाई रखना बहुत जरूरी होता है. यह वह दिन होता है जब मां लक्ष्मी आपके घर में वास करती हैं. जिस घर में गंदगी रहती है वहां कभी भी खुशी का माहौल नहीं रहता है साथ ही उस घर में हमेशा धन की कमी और दरिद्रता छाई रहती हैं।




### इन पत्तों और फूलों से सजाएं घर

वास्तु के अनुसार नवरात्रि के समय आप अपने घर को गेंदे और आम पत्तों से सजाते है तो इससे मां दुर्गा आपके घर में खुद चलकर आती हैं. आम पत्ते को हिंदू धर्म में बहुत ही शुभ माना जाता है. कहा जाता है कि यह आपके घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करके सकारात्मक ऊर्जा लाने में मदद करता हैं.

### मुख्य द्वार पर रंगोली बनाएं

नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है. वास्तु के मुताबिक आपको हर दिन अपने घरों में अलग-अलग प्रकार की रंगोली बनानी चाहिए. इससे देवी मां का अशीर्वाद आपके जीवन और घर में हमेशा के लिए बना रहता हैं।

### यहां लगाएं मां दुर्गा की मूर्ति

नवरात्रि के समय मां दुर्गा की मूर्ति को सही दिशा में लगाना बहुत जरूरी होता है. अगर सही दिशा नहीं होगी, तो घर में नकारात्मक ऊर्जा फैल जाती है. वास्तु शास्त्र के अनुसार मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित करने की सही दिशा उत्तर-पूर्व होती है. यहां स्थापित करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती है और उनका आशीर्वाद घर में बना रहता है।

# महाभारत में भीम के अंदर कैसे आया 10,000 हाथियों का बल मृत्यु को हराने के बाद मिली थी दिव्य शक्ति





महाभारत में भीम का नाम सबसे शक्तिशाली योद्धाओं में शामिल किया जाता है। भीम के बारे में कहा जाता है कि भीम में इतना बल था कि एक साथ कई योद्धाओं को परास्त कर सकता था। वहीं, महाभारत की कथा अनुसार यह भी कहा जाता है कि भीम में 10 हजार हाथियों का बल था। आइए, जानते हैं महाबली भीम को कैसे मिला 10 हजार हाथियों का बल।

बचपन में कौरवों के साथ खेल रहे थे भीम दुर्योधन ने पांडवों को मारने के लिए एक चाल चली। उसने गंगा किनारे उदकक्रीडन नाम का एक शिविर लगाया। भीम दुर्योधन सहित कौरवों के साथ खेल रहे थे। मौका पाते ही दुर्योधन ने भीम के खाने में जहर मिला दिया। जहर खाने के बाद भीम बेहोश हो गए। तब दुर्योधन ने दुशासन के साथ मिलकर उन्हें गंगा नदी में फेंक दिया।

### वासुकी के पास कैसे पहुंचे भीम

भीम मूर्छित अवस्था में पानी के मार्ग से नागलोक पहुंच गए। वहां उन्होंने भयंकर सांपों का सामना किया। सांपों ने भीम को खूब डसा, जिससे कि उनका विष का प्रभाव कम होने लगा। और होश में आने पर उन्होंने सांपों को मारना शुरू कर दिया। भीम से डरकर सांप नागराज वासुकि के पास गए और उन्हें सारी बात बताई। भीम बचपन से बलवान थे लेकिन इतने सांपों द्वारा डसे जाने के कारण उनका शरीर कमजोर पड़ने लगा।

8 कुंडों का पानी पीने से भीम को मिला हजार हाथियों का बल

नागराज वासुकि, आर्यक नाग के साथ भीम के पास गए। आर्यक नाग, भीम के नाना के नाना थे। उन्होंने भीम को नागलोक ले जाकर, नागराज वासुकि से भीम को शक्तिशाली रस पिलाने की अनुमति मांगी। नागराज ने अनुमति दी। भीम ने 8 कुण्डों का रस पिया। इससे उनमें बहुत ताकत आ गई और वे दिव्य शय्या पर सो गए। संक्षेप में, भीम को उनके पूर्वज आर्यक नाग ने नागलोक में शक्ति प्रदान की।

भीम 8 दिनों तक नागलोक में सोते रहे

भीम नागलोक में 8 दिन तक सोए रहे। जब वे जागे तो उनमें 10 हजार हाथियों की शक्ति आ गई। इसके बाद वे हस्तिनापुर गए। उन्होंने अपनी मां कुंती और भाइयों को बताया कि दुर्योधन ने उन्हें विष देकर गंगा में फेंक दिया था। उन्होंने नागलोक की सारी बातें भी बताईं। युधिष्ठिर ने भीम को यह बात किसी को भी बताने से मना किया।

# नवरात्रि में गृह प्रवेश करना शुभ है या नहीं



चैत्र नवरात्रि चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की पहली तिथि से शुरू होती है। इस बार यह तिथि 30 मार्च को है। इस बार चैत्र नवरात्रि 9 की बजाय 8 दिनों की होगी। नवमी 6 अप्रैल को मनाई जाएगी। नवरात्रि के दिनों को बहुत शुभ माना जाता है।

कई लोग नवरात्रि के दौरान ही नया व्यापार शुरू करते हैं। ऐसे में कई लोगों के मन में सवाल उठता है कि क्या इस साल नवरात्रि के दौरान गृह प्रवेश कर सकते हैं? आइए, विस्तार से जानते हैं कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नियम।

### नवरात्रि में नया काम करना होता है शुभ

नवरात्रि में कई शुभ काम किए जाते हैं। जैसे कि नया व्यापार शुरू करना, नौकरी जॉइन करना, घर खरीदना या गहने खरीदना। ऐसा माना जाता है कि ये सब काम नवरात्रि में करना अच्छा होता है। क्योंकि नवरात्रि माता दुर्गा के खास दिन होते हैं। अगर आप इन दिनों में नए घर में जाते हैं, तो माता दुर्गा की कृपा आप पर बनी रहती है।

### इस साल नवरात्रि में गृह प्रवेश करें या नहीं

गृह प्रवेश के लिए नवरात्रि को शुभ माना जाता है लेकिन इस साल चैत्र नवरात्रि का पर्व गृह प्रवेश के लिए शुभ नहीं है क्योंकि इस साल नवरात्रि के दौरान खरमास चल रहे हैं। खरमास की शुरुआत 14 मार्च से शुरू हुई थी। खरमास 14 अप्रैल को समाप्त होंगे। खरमास के दौरान कोई भी मांगलिक कार्य करना शुभ नहीं माना जाता। खरमास में गृह प्रवेश नहीं किया जाता है इसलिए गृह प्रवेश का कार्यक्रम जो भी होगा वह 14 अप्रैल से होगा।

अप्रैल 2025 में गृह प्रवेश का मुहूर्त

इस साल अप्रैल में 14 अप्रैल से पहले कोई भी गृह प्रवेश का मुहूर्त नहीं है क्योंकि इन दिनों में खरमास चल रहे हैं लेकिन बहुत जरूरी होने पर दशमी तिथि को गृह प्रवेश कर सकते हैं क्योंकि दशहरा का दिन सर्वसिद्ध मुहूर्त के रूप में माना जाता है। इसलिए अप्रैल में 14 अप्रैल, 21, 24, 25, 30 को गृह प्रवेश का दिन है। अन्य दिनों में गृह प्रवेश का मुहूर्त नहीं है।

## भाजपा को बीसी विधेयक को मंजूरी दिलाने के लिए केंद्र पर दबाव बनाना चाहिए : एमएलसी कविता

कामारेड्डी, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी की एमएलसी कलवकुंतला कविता ने आज कहा कि भाजपा को राज्य के बीसी विधेयकों को मंजूरी दिलाने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। तेलंगाना जागृति और यूनाइटेड फुले फ्रंट के तत्वावधान में शनिवार को कामारेड्डी में बीसी गोलमेज बैठक आयोजित की गई। एमएलसी कविता ने गोलमेज बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए कविता ने गोलमेज बैठक में महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं। उन्होंने केंद्र सरकार से राज्य विधानमंडल द्वारा पारित बीसी विधेयकों की स्थिति पर घोषणा करने को कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दलों को केंद्र द्वारा इन विधेयकों को मंजूरी देने पर जवाब देना चाहिए। एमएलसी कविता ने याद दिलाया कि पूर्व सीएम केसीआर द्वारा किए गए व्यापक पारिवारिक सर्वेक्षण से पता चला है कि राज्य में बीसी आबादी 52 प्रतिशत थी। वह इस बात से नाराज थीं कि कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा किए गए जाति सर्वेक्षण के माध्यम से बीसी आबादी कम हो गई और ओसी आबादी बढ़ गई। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार जातिवार, गांव-वार जनगणना का खुलासा करे। उन्होंने सवाल किया कि राज्य द्वारा समर्पित आयोग की रिपोर्ट का खुलासा क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एमबीसी जातियों के लिए एक मंत्रालय स्थापित करने का वादा किया था और सवाल किया कि एमबीसी मंत्रालय अब तक क्यों नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कामारेड्डी घोषणापत्र में केवल राजनीतिक आरक्षण बढ़ाने का वादा किया था। कविता ने याद दिलाया कि सरकार ने शिक्षा और नौकरी के क्षेत्रों में भी बीसी के लिए आरक्षण बढ़ाने वाले कानून बनाए हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस पार्टी के दस साल के शासन के दौरान बीसी पर 1.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जातिगत व्यवसायों के मजबूत होने का मजाक उड़ाते हैं और कहा कि तथ्य यह है कि कांग्रेस पार्टी के पिछले 15 महीनों के शासन में जातिगत पेशे कमजोर हो गए हैं। उन्होंने याद दिलाया कि पिछड़ा वर्ग नेतृत्व को मजबूत करने के लिए उनकी पार्टी के शासन में पांच लोगों को राज्यसभा सांसद, आठ लोगों को एमएलसी और 58 लोगों को निगम अध्यक्ष का पद दिया गया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बीआरएस पार्टी ने पिछड़ा वर्ग को बड़ा पद दिया है। एमएलसी कविता ने कहा कि उस्मानिया विश्वविद्यालय के कुलपति का पद कभी पिछड़ा वर्ग के पास नहीं गया। उन्होंने कहा कि पहली बार रविंदर यादव को पूर्व सीएम केसीआर ने कुलपति नियुक्त किया था। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग समुदाय के व्यक्ति बीएस प्रसाद को राज्य का महाधिवक्ता नियुक्त करने का श्रेय केसीआर को जाता है।

# हैदराबाद में भीषण गर्मी

## शुष्क हवाओं के कारण रेगिस्तान जैसी स्थिति



हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जिलों की तुलना में हैदराबाद में अधिकतम तापमान हमेशा एक या दो डिग्री कम रहता है। फिर भी, हैदराबाद में लोगों को ऐसा लगता है जैसे वे उच्च आर्द्रता होने पर प्रेशर कुकर में हैं और कभी-कभी हमें 'लू', गर्म और बहुत शुष्क हवाओं के कारण रेगिस्तान जैसी स्थिति का भी सामना करना पड़ता है, भले ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास हो। हैदराबाद में इस तरह के मौसम का अनुभव वेट-बल्ब तापमान और शहरी गर्मी द्वीपों की दोहरी घटना के कारण होता है। हैदराबाद में कई लोग वेट-बल्ब तापमान के बारे में जानते भी नहीं होंगे, जो एक अनोखी स्थिति है जिसमें हवा का तापमान (गर्मी) और आर्द्रता दोनों ही मानव शरीर को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं।

जब वेट बल्ब तापमान उच्च आर्द्रता के साथ 35 डिग्री सेल्सियस की महत्वपूर्ण सीमा तक पहुंच जाता है, तो मानव शरीर अब प्रभावी रूप से खुद को ठंडा नहीं कर सकता है, जिससे हीट स्ट्रोक और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। कभी-कभी, गर्म हवाएं (लू) समग्र गर्मी को और बढ़ा देती हैं, जिससे लोगों के लिए अपने सामान्य जीवन को जीना और भी मुश्किल हो जाता है।

वेट बल्ब तापमान मानव शरीर की पसीने के माध्यम से खुद को ठंडा करने की क्षमता को दर्शाता है। ऐसी स्थितियों में जब आर्द्रता और तापमान दोनों अधिक होते हैं, तो पसीना नहीं निकलता है और शरीर पर्याप्त रूप से ठंडा नहीं हो पाता है। ज्यादातर मौकों पर, यह स्थिति हीट स्ट्रोक और मृत्यु का कारण बनती है।

इन सबके अलावा शहरी ऊष्मा द्वीप (यूएचआई) प्रभाव भी है, जो स्थानीय तापमान में वृद्धि करके इन स्थितियों को और भी बदतर बना देता है। शहरी स्वास्थ्य द्वीप तब बनते हैं जब शहरी क्षेत्रों में उनके आसपास के ग्रामीण समकक्षों की तुलना में काफी अधिक तापमान होता है। तापमान में अंतर मुख्य रूप से मानवीय गतिविधियों द्वारा भूमि की सतह में परिवर्तन के कारण होता है। हैदराबाद में ऊंची कंक्रीट की इमारतों, संकरी गलियों, सीमेंट की सतहों और घटते हरे आवरण के कारण हमेशा बहुत गर्म तापमान की धारणा बनी रहती है, हालांकि, जिलों में दिन का तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक होता है।

इस तरह के विविध मौसम पैटर्न से निपटने के लिए, सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक (डीपीएच) ने हाल ही में एक स्वास्थ्य सलाह जारी की थी, जिसमें लोगों से दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर न निकलने का आग्रह किया गया था।

डीपीएच, डॉ.बी रविंदर नाइक ने सलाह में कहा कि अगर आपको चक्कर आ रहा है, शरीर का तापमान 104 एफ है, आपकी हृदय गति तेज़ है, सांसें उथली हैं, पूरी तरह से भ्रमित हैं, अटैक्सिया (मांसपेशियों में समन्वय की कमी) है, तो आपको हीट स्ट्रोक हो सकता है। आपको तुरंत इलाज के लिए डॉक्टर के पास जाना चाहिए। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर न निकलना ही सबसे अच्छा है।

## नि:शुल्क बढ़िया चावल वितरण योजना के शुभारंभ के लिए पूरी तैयारी : उत्तम

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार की महत्वाकांक्षी नि:शुल्क बढ़िया चावल वितरण योजना के भव्य शुभारंभ के लिए हुजूरनगर में व्यापक व्यवस्था की गई है, जिसका औपचारिक उद्घाटन रविवार को उगादी के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी द्वारा किया जाएगा। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को हुजूरनगर के राजीव गांधी मैदान में तैयारियों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की, जो शुभारंभ के लिए केंद्रीय स्थल के रूप में काम करेगा। उन्होंने औपचारिक उद्घाटन के बाद होने वाली मेगा सार्वजनिक बैठक के लिए मंच, सार्वजनिक व्यवस्था और रसद तैयारियों का निरीक्षण किया। शुभारंभ से पहले, मंत्री ने हुजूरनगर और कोडाद निर्वाचन क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया और कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की। इसका उद्देश्य इस कार्यक्रम का निर्बाध क्रियान्वयन सुनिश्चित करना और जन भागीदारी को संगठित करना था, ताकि इसे ऐतिहासिक अवसर के रूप में वर्णित किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य की लगभग 84 प्रतिशत आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाई गई यह योजना जन कल्याण में ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है और इसे देश में पहली बार शुरू किया जा रहा है। समीक्षा बैठकों के दौरान बोलते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि बढ़िया चावल योजना का शुभारंभ केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक क्रांतिकारी कल्याणकारी पहल है, जिसका गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के जीवन पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक प्रतिबद्धता के साथ इस योजना के कार्यान्वयन का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं से हर घर को योजना के लाभों के बारे में जागरूक करने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि हर पात्र लाभार्थी शुभारंभ कार्यक्रम में भाग ले। उन्होंने कहा, हर नागरिक को यह महसूस होना चाहिए कि वे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा हैं। वर्तमान में तेलंगाना में 89.73 लाख सफ़ेद राशन कार्ड हैं, जो 2.8 करोड़ लोगों को कवर करते हैं, और सभी पात्र परिवारों को कार्ड जारी करने की सरकार की घोषणा के बाद, 30 लाख नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। नए लाभार्थियों को शामिल करने के साथ, कुल संख्या बढ़कर 3.10 करोड़ होने की उम्मीद है।

## राचकोंडा आयुक्त ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा पुलिस आयुक्तालय में कार्यरत, सेवानिवृत्त विशेष शाखा एससीआई पी. अचैया, उप्पल ट्रैफिक एसआई अकबर शरीफ, सीएआर अंबरपेट एआरएसआई रविकुमार, भुवनगिरी हेड क्वार्टर एआरएसआई जी सौभाग्य राव और मीरपेट पुलिस स्टेशन के एएसआई वाई. अंजैया, जिन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी। उनको सीपी सुधीर बाबू राचकोंडा ने सम्मानित किया। इस मौके पर सीपी ने कहा कि पुलिस की नौकरी चुनौतियों से भरी है और उन्होंने कर्तव्य पालन में कई उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए लंबे समय तक पुलिस विभाग में प्रभावी और अनुशासित तरीके से अपनी सेवाएं देने के लिए उन्हें बधाई दी. सेवानिवृत्ति के बाद शांतिपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन जीने, स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने और पेंशन और अन्य वित्तीय पहलुओं के संबंध में अनुशासित रहने की सलाह दी जाती है। अधिकारियों को उचित कदम उठाने का निर्देश दिया गया ताकि उन्हें मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ शीघ्र प्रदान किये जा सकें।

## हेलीपैड के लिए अधिकारियों ने किसानों को की उनकी ही जमीन से हटाने की कोशिश

सूर्यापेट, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सूर्यापेट जिले के नेरेदुचेरला मंडल में अधिकारियों ने शनिवार को उन किसानों को करारा झटका दिया, जिन्होंने अपनी ताजा धान की फसल खुले में फैला रखी थी। धान सुखाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली जमीन भी उनकी अपनी थी और वह कोई सार्वजनिक स्थान नहीं था। अधिकारियों ने उन्हें धान का स्टॉक उठाने और नागरिक आपूर्ति मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी के दौरे के लिए हेलीपैड के निर्माण की सुविधा के लिए तुरंत जगह खाली करने के लिए मजबूर करने का एक व्यर्थ प्रयास किया। उनके व्यवहार से स्थानीय किसानों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने इसकी निंदा की।

जब किसानों ने 'तत्काल' मौखिक आदेशों पर सवाल उठाया, तो अधिकारियों ने कथित तौर पर प्रदर्शनकारी किसानों को डांटा, जिसमें से एक अधिकारी ने कथित तौर पर उन्हें धमकाते हुए कहा कि आपको तुरंत आदेशों का पालन करना होगा। वीडियो बनाने से कुछ नहीं बदलेगा। किसान अपनी बात पर अड़े रहे और सवाल किया कि हेलीपैड के लिए उनके काम में बाधा क्यों डाली जाए। उन्होंने अधिकारियों पर जानबूझकर उन्हें परेशान करने का आरोप लगाते हुए कहा, यह हमारी अपनी जमीन है। हम इसके लिए अपना धान क्यों हटाएं?

## सड़क दुर्घटना में मामला दर्ज

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को नगर कर्नूल जिले के डोमलापेंटा के पास बीएचईएल दीपोना की एक सुपर लग्जरी बस को एक कार ने टक्कर मार दी। जब आरटीसी बस श्रीशैलम से हैदराबाद जा रही थी, तो वह गलत दिशा में तेज गति से चल रही थी और एक कार से टकरा गई। आरटीसी अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों का आकलन किया गया। इस बात की पुष्टि हो गई है कि इस घटना में आरटीसी ड्राइवर की कोई गलती नहीं थी और वह नियमों के मुताबिक गाड़ी चला रहा था. स्थानीय थाने में भी शिकायत दर्ज करायी गयी है।

## सीपीएम ने सरकार को चेतावनी दी

### वादे पूरे नहीं किए गए तो जन आंदोलन जाएगा

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सीपीआई(एम) के राज्य सचिव जॉन वेस्ले ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि अगर कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव में किए गए वादों को लागू नहीं करती है तो जन आंदोलन अपरिहार्य है। उन्होंने मांग की कि छह गारंटियों के कार्यान्वयन पर एक स्पष्ट नीति की घोषणा की जाए। जॉन वेस्ले ने शनिवार को हैदराबाद में आरटीसी क्रॉसरोड्स स्थित सीपीआई(एम) के राज्य कार्यालय एमबी भवन में पार्टी केंद्रीय समिति के सदस्य जी नागैया और राज्य सचिवालय सदस्य टी ज्योति के साथ आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बात की। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 11 दिवसीय विधानसभा सत्र बजट आवंटन पर व्यापक चर्चा के बिना समाप्त हो गया।

उन्होंने बताया कि सरकार ने छह गारंटियों को कैसे लागू किया जाएगा और धन कैसे आवंटित किया जाएगा, इस बारे में कोई स्पष्ट नीति घोषित नहीं की है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में प्रश्न और उत्तर सत्र को छोटा कर दिया गया और शून्यकाल के दौरान भी सार्वजनिक मुद्दों का ज्यादा उल्लेख नहीं किया गया। उन्होंने आलोचना की कि हालांकि कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में शिक्षा क्षेत्र को 15 प्रतिशत धन आवंटित करने का वादा किया था, लेकिन बजट का केवल 7.57 प्रतिशत शिक्षा क्षेत्र को आवंटित किया गया था। उन्होंने दावा किया कि सरकार सार्वजनिक शिक्षा क्षेत्र को कमजोर करने के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों को निजी स्कूलों में जाने के अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने समझाया कि यदि कम बजट आवंटित किया जाता है और उचित बुनियादी ढांचा प्रदान नहीं किया जाता है, तो छात्र सरकारी स्कूलों में शामिल नहीं होंगे, जिससे ये बंद हो जाएंगे।

## पति के उत्पीड़न से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। अत्तापुर स्थित अपने घर में शुक्रवार रात एक गृहिणी ने कथित तौर पर अपने पति के उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, महिला पिंकी (29) ने एक साल पहले अमीश लोया से शादी की थी और दंपति अत्तापुर में रहते थे। शुक्रवार की रात महिला ने अत्तापुर स्थित अपने घर के कमरे में पंखे से फांसी लगा ली। महिला के परिजनों ने पुलिस को बताया कि पारिवारिक मुद्दों को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे। पुलिस को संदेह है कि महिला अपने वैवाहिक जीवन में आए बदलावों से अवसाद में चली गई होगी और उसने आत्महत्या कर ली। मामला दर्ज कर लिया गया है।

## विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन




हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानिया विश्वविद्यालय छात्र संयुक्त कार्रवाई समिति के सदस्यों ने परिसर में विरोध प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने के विश्वविद्यालय प्रबंधन के फैसले के खिलाफ अपना प्रदर्शन जारी रखा। शनिवार को बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्रों ने आर्ट्स कॉलेज में धरना दिया और परिपत्र को वापस लेने की मांग की। 13 मार्च के परिपत्र को अलोकतांत्रिक बताते हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उस्मानिया विश्वविद्यालय में एकतरफा और अन्यायपूर्ण निर्णयों के लिए कोई जगह नहीं है। समाजशास्त्र विभाग की छात्रा स्वाति ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से उनके विरोध करने के लोकतांत्रिक अधिकार को कुचलना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्रों को छात्रवृत्ति और सुविधाओं के समय पर जारी होने सहित वास्तविक मांगों पर अपनी चिंताओं को व्यक्त करने का अधिकार है।

उन्होंने परिपत्र को अलोकतांत्रिक बताया तथा इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।

### बच्ची टैंक में डूबी

करीमनगर, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। करीमनगर शहर के बाहरी इलाके रेकुर्थी की सिम्हाद्रि कॉलोनी में एक लड़की, श्रीनिधि, एक टैंक में डूब गई। ग्रामीणों के अनुसार, श्रीनिधि अपने पालतू कुत्ते को बाहर ले गई थी और गलती से टैंक में डूब गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है। जांच जारी है। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल भेज दिया गया।

## किसानों ने खरीद नियमों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात प्रभावित**



नलगोंडा, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। किसानों ने थिप्पर्थी मंडल केंद्र में 'रास्ता रोको' प्रदर्शन किया, जिससे शुक्रवार को नलगोंडा-अडानकी राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात जाम हो गया। उन्होंने क्रय केंद्र पर धान खरीद के लिए निर्धारित शर्तों की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि नए मानदंडों के बारे में पहले कभी नहीं सुना गया था और इन परिस्थितियों के कारण उन्हें अपनी धान की उपज कम कीमत पर बेचने के लिए निजी मिल मालिकों के पास जाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

पुलिस द्वारा सड़क यातायात को खुलवाने के लिए हस्तक्षेप करने के बाद किसान शांत हुए। जिले भर में रबी की फसल की कटाई जोर पकड़ रही थी और आवक में तेजी आने की उम्मीद थी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि किसानों के विरोध प्रदर्शन के साथ फसल सीजन के लिए धान की खरीद शुरू होना सरकार के लिए अच्छा संकेत नहीं होगा।

## टीडीपी नेताओं ने 43वां स्थापना दिवस मनाया

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलुगु देशम पार्टी ने आज यहां एनटीआर भवन में अपना 43वां स्थापना दिवस मनाया। मुख्य अतिथि रहे टीडीपी पोलित ब्यूरो सदस्य अरविंद कुमार गौड़ ने तेलुगु देशम पार्टी का झंडा फहराया। बाद में पार्टी नेताओं ने एनटीआर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए अरविंद कुमार गौड़ ने कहा कि एनटीआर ने सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण के साथ हैदराबाद में नए एमएलए क्वार्टर में तेलुगु देशम पार्टी की घोषणा की थी और कहा कि तेलुगु देशम पार्टी का गठन हुए 43 साल हो गए हैं। उन्होंने कहा, अगर हम कल्याण, विकास और सामाजिक न्याय के बारे में बात करना चाहते हैं, तो हमें अपनी पार्टी के योगदान के बारे में चर्चा करनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि दिवंगत एनटीआर, चंद्रबाबू नायुडू और तेलुगु देशम पार्टी ने 2 रुपये किलो चावल, आधी कीमत पर जनता वस्त्रालू, पक्के घर, अदाराना, वेलुगु और मुंडाडुगु योजना जैसे कई कल्याणकारी कार्यक्रम लागू किए थे। गौड़ ने याद किया कि एनटीआर ने पटेल-पटवारी प्रणाली को समाप्त कर दिया और पिछड़े वर्गों को राजनीतिक प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि तेलुगु देशम पार्टी ने ड्वाकरा समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से स्थिर बनाने का काम किया है। आज, तेलंगाना राज्य में आने वाली अधिकांश आय हैदराबाद से आती है। इसका मुख्य कारण चंद्रबाबू और तेलुगु देशम पार्टी का काम है। तेलंगाना में आयोजित तेलुगु देशम पार्टी का हालिया सदस्यता पंजीकरण कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि लोग तेलुगु देशम पार्टी की ओर देख रहे हैं। आज सामाजिक न्याय शब्द का जन्मदिन है।

उन्होंने कहा कि वह तेलुगु देशम पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को अपनी शुभकामनाएं दे रहे हैं। टीडीपी नेता अजमीरा राजुनायक ने कहा कि तेलुगु देशम पार्टी स्वर्गीय एनटीआर द्वारा दिए गए नारे की भावना के साथ आगे बढ़ेगी कि समाज ही मंदिर है और लोग ही भगवान हैं। टीडीपी नेता पोलमपल्ली अशोक कुमार ने कहा कि एनटीआर तेलुगु देशम पार्टी की स्थापना के नौ महीने के भीतर सत्ता में आए और इतिहास रच दिया।

## विश्वविद्यालय ने 43.15 करोड़ रुपये के घाटे के साथ पेश किया बजट



हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार से अपर्याप्त अनुदान मिलने के कारण, उस्मानिया विश्वविद्यालय (ओयू) ने शनिवार को 2025-26 के लिए 43.15 करोड़ रुपये के घाटे के साथ बजट पेश किया। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट के प्रोफेसर डी. श्रीरामुलु द्वारा प्रस्तुत विश्वविद्यालय के वार्षिक बजट में व्यय 815.69 करोड़ रुपये अनुमानित किया गया है, जबकि उपयोग के लिए उपलब्ध कुल राशि 772.54 करोड़ रुपये है।

बजट का बड़ा हिस्सा (55.65 प्रतिशत) वेतन के लिए, 38 प्रतिशत पेंशन के लिए, 5.86 प्रतिशत आकस्मिकताओं के लिए और 0.49 प्रतिशत कर्मचारियों को ऋण के लिए है। प्रो. श्रीरामुलु ने कहा कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध सभी संसाधनों को एकत्रित करने के बावजूद भी 815.69 करोड़ रुपये के कुल व्यय के मुकाबले 43.15 करोड़ रुपये की कमी है। प्रोफेसर श्रीरामुलु ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय के लिए राज्य बजट में सरकार द्वारा आवंटित ब्लॉक अनुदान अपर्याप्त है, और विश्वविद्यालय सरकार से ब्लॉक अनुदान बढ़ाने का आग्रह करेगा। अपर्याप्त वित्त पोषण से जूझने के बावजूद, विश्वविद्यालय ने बुनियादी ढांचे के विकास की योजनाएं शुरू कीं, जिनमें 25 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ में कक्षा परिसर और मूट कोर्ट सुविधा का निर्माण, 10 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पूर्व छात्रों के सहयोग से एआईएमएल का उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना, तथा 2 करोड़ रुपये की लागत से सिविल इंजीनियरिंग विभाग में कम्प्यूटेशनल लैब का निर्माण शामिल है।

39.50 करोड़ रुपये की लागत से 300 क्षमता वाले छात्रावास (लड़कों) का निर्माण पूरा करना, नए प्रशासनिक भवन के लिए आंतरिक साज-सज्जा और विश्वविद्यालय भवनों के रखरखाव का भी प्रस्ताव रखा गया है। 30 करोड़ रुपये के सरकारी कोष से लड़कों और लड़कियों के लिए एक-एक छात्रावास का निर्माण भी किया जाएगा। ओयू के कुलपति, प्रो. एम कुमार ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास के काम सरकार द्वारा आवंटित विशेष अनुदानों से किए जाएंगे।

## एयरलाइन केबिन क्रू सदस्य ने होटल में पीछा करने का लगाया आरोप

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। संजीव रेड्डी नगर स्थित एक होटल में एक एयरलाइन की महिला चालक दल सदस्य का एक व्यक्ति द्वारा कथित तौर पर पीछा किया गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना 25 मार्च की रात को हुई, जब केरल की 29 वर्षीय क्रू मेंबर डिनर के बाद होटल में अपने कमरे में लौट रही थी। तभी संदिग्ध व्यक्ति, जो डिनर के लिए रेस्तरां में आया था, उसका पीछा करने लगा। जैसे ही वह होटल में लिफ्ट के पास पहुंची, संदिग्ध भी उसके साथ अंदर घुस गया। अपनी मंजिल पर पहुंचकर, जब महिला अपने कमरे की ओर बढ़ी, तो संदिग्ध भी उसके पीछे-पीछे चला गया और कुछ मिनट तक गलियारे में रुका, फिर उसके दरवाजे की घंटी बजाई। जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो वह वहां से चला गया। महिला ने होटल के सुरक्षाकर्मियों को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने एसआर नगर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच की जा रही है।

## ईद-उल-फितर के लिए हैदराबाद तैयार

### आखिरी समय में बाजारों में खरीदारी करने वालों की भीड़



हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। ईद-उल-फितर का त्यौहार आने में बस कुछ ही घंटे बचे हैं, शहर भर में चहल-पहल देखी जा रही है और लोग अंतिम दौर की खरीदारी करने के लिए बाजारों की ओर दौड़ रहे हैं। चारमीनार, अबिड्स, टोलीचौकी, मुशीराबाद, अमीरपेट और दिलसुखनगर के आसपास के बाज़ार खरीदारों से भरे हुए हैं जो पारंपरिक परिधान, फुटवियर, क्रॉकरी, चूड़ियाँ और अन्य सामान खरीद रहे हैं। ईद-उल-फ़ितर सोमवार को मनाई जाने की संभावना है।

पुराने शहर में खरीदारी करने वालों की भीड़ देर रात तक जारी रहती है। लाड बाजार सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाला बाज़ार है, जहां महिलाएं और लड़कियां लाख और कांच की चूड़ियां खरीदने के लिए उमड़ती हैं। बाजार में करीब 100 दुकानें हैं। पात्तरगट्टी और मूसा बाउली पुरुषों के लिए पारंपरिक कुर्ता पायजामा, पठानी सूट और शेरवानी के अलावा टोपी, इत्र और सुरमा की खरीदारी के लिए दो महत्वपूर्ण स्थान हैं। स्थानीय व्यापार संघ के सदस्य आबिद मोहिउद्दीन ने कहा कि दुकानें अब बिना रुके 24÷7 कारोबार कर रही हैं। पूरे दक्षिण भारत से लोग कपड़े और अन्य सामान खरीदने के लिए बाजार में आ रहे हैं।

शहर में शॉपिंग मॉल खरीदारों से गुलजार हैं। ईद की खरीदारी के लिए सबसे पुराने स्थलों में से एक, अबिड्स में लोग आधुनिक परिधान और जूते खरीद रहे हैं। यहां कई बड़े मॉल हैं जो छूट पर सामान बेच रहे हैं। मुशीराबाद में बांग्लादेश बाजार, शहर के मध्य भाग में एक और लोकप्रिय स्थान है। बाजार में स्थित 100 से अधिक दुकानों पर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के कपड़े खरीदे जा सकते हैं। कढ़ाई वाले सूट, साड़ियां, बच्चों और पुरुषों के पारंपरिक और आधुनिक कपड़े, जूते, हीना और क्रॉकरी इस बाजार में बेचे जाते हैं, जिसे शहर के सबसे पुराने व्यापारिक केंद्रों में से एक माना जाता है।

इस बीच, बेगम बाज़ार और मंडी मीर आलम में ड्राई फ्रूट की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। लोग शीर खुरमा बनाने के लिए सूखे मेवे जैसे कि खजूर, पिस्ता, बादाम, किशमिश, काजू और सेवइयां खरीद रहे हैं। त्यौहार से पहले शहर में दूध और कंडेंस्ड मिल्क के टेट्रा पैक की मांग कई गुना बढ़ गई है। मंडी मीरालम के व्यापारी मोहम्मद उस्मान खान ने बताया कि दुकानों पर दूध की कीमतों में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। पिछले साल के मुकाबले सूखे मेवों की कीमतों में कुछ बढ़ोतरी दर्ज की गई है।



# ट्रंप टैरिफ से निपटने का क्या है इंडिया का प्लान?

## डब्लूआईटीटी 2025 में पीयूष गोयल ने कही बड़ी बात



नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को दुनिया में चल रहे 'टैरिफ वॉर' से निपटने को लेकर भारत की तैयारियों के बारे में बात की। पीयूष गोयल डब्लूआईटीट 2025 ग्लोबल समिट में 'नेविगेटिंग टैक्सिंग टाइम्स' सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भारत की दुनिया के साथ ट्रेड और मैन्यूफैक्चरिंग में बढ़ती ताकत की एक तस्वीर पब्लिक प्लेटफॉर्म पर सामने रखी। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद कनाडा और मेक्सिको समेत कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा टैरिफ) लगाने का काम किया है। वह भारत पर भी 2 अप्रैल से टैरिफ इंपोज करने वाले हैं। इसे ही 'ट्रंप टैरिफ' या 'टैरिफ वॉर' की संज्ञा दी गई है। पीयूष गोयल ने इससे निपटने की ही भारत की तैयारियों के बारे में बताया।

**भारत की ट्रेड डील्स सही रास्ते पर**

पीयूष गोयल ने कहा कि किसी देश के लिए व्यापारिक रिश्तों को बनाना एक जटिल विषय होता है। भारत की दुनिया के कई देशों के साथ व्यापारिक चर्चा चल रही है, लेकिन इन बातचीत को लेकर वह पब्लिक फोरम में ज्यादा बोल नहीं सकते हैं। हालांकि देश की ट्रेड डील्स एकदम सही रास्ते पर हैं, इसका वह पूरा भरोसा दिला सकते हैं। जब ट्रेड डील फाइनल हो जाएगी, सरकार इसकी जानकारी देगी।उन्होंने कहा कि जब भी व्यापारिक रिश्तों को लेकर बातचीत होती है, तो ये बड़ा धैर्य का काम होता है। आपको अपनी प्राथमिकता और सामने वाले देश की भावना का ख्याल रखकर संतुलन बनाना होता है। उस हिसाब से भारत की बातचीत हमेशा ट्रैक पर है और सरकार की कोशिश है कि ये कभी बेपटरी ना हो।

उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि एक एयरक्राफ्ट को जब कोई कमांडर चलाता है तो छोटे-मोटे ट्रबुलेंस आने पर आपको सीटबेल्ट पहनने की हिदायत देता है। जैसे ही सब नॉर्मल होता है तो आपको रेस्ट रूम यूज करने की परमिशन दे देता है, क्योंकि कमांडर की प्रायोरिटी 'सेफ लैंडिंग' होती है। ठीक ट्रेड टॉक्स में भी कभी-कभी ऐसे ट्रबुलेंस आते हैं, लेकिन अभी भारत का जो कमांडर (पीएम नरेंद्र मोदी) है, उसे पता है कि देश के लिए सेफ लैंडिंग (प्रायोरिटी) क्या है।

**मैन्यूफैक्चरिंग के लिए दुनिया का भरोसेमंद साथी है भारत**

इसी दौरान पीयूष गोयल ने भारत की ग्लोबल लेवल पर बढ़ती मैन्यूफैक्चरिंग ताकत की भी बात की। उन्होंने कहा कि आज मैन्यूफैक्चरिंग के लिए दुनिया भारत को एक भरोसेमंद साथी के तौर पर देख रही है। भारत के पास युवा आबादी है जिसका औसत करीब 28 साल है, ये भारत की डेमोग्राफिक ताकत है। 140 करोड़ की आबादी के चलते हमारे पास डोमेस्टिक डिमांड है और इसने हमें लार्ज स्केल पर प्रोडक्शन के लिए तैयार किया है। इसके अलावा डेमोक्रेसी और डायवर्सिटी भी हमारी ताकत हैं। ऐसे में दुनिया मैन्यूफैक्चरिंग के लिए भारत की ओर डिपेंडिबिलिटी की नजर से देख रही है।

## इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी:सोना 995 रुपए महंगा होकर 89,164 रुपए पर पहुंचा, चांदी 1 लाख 892 रुपए प्रति किलो बिक रही



नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 22 मार्च को सोना 88,169 रुपए पर था, जो अब (29 मार्च) को 89,164 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 995 रुपए बढ़ी है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 97,620 रुपए पर थी, जो अब 1,00,892 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 3,272 रुपए बढ़ी है। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए और सोने ने 89,306 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 83,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 91,350 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 83,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 91,200 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 83,600 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 91,200 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 83,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 91,200 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 83,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 91,250 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 89,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 82,360 रुपये है।

## न चीन, न कनाडा: अमेरिका के टैक्स से भारत समेत इन देशों को ज्यादा खतरा, फिच की रिपोर्ट का इशारा समझिए



नई दिल्ली,29 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका 2 अप्रैल से भारत समेत कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ यानी बदले का टैक्स लगाने को तैयार है। रेटिंग एजेंसी फिच का कहना है कि भारत, ब्राजील और वियतनाम जैसे देशों पर अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ लगने का खतरा ज्यादा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये देश अमेरिका से आने वाले सामान पर ज्यादा टैक्स लगाते हैं, जबकि अमेरिका इन देशों से आने वाले सामान पर कम टैक्स लगाता है।फिच ने कहा है कि भारत, ब्राजील, थाईलैंड, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की और कुछ हद तक वियतनाम और इंडोनेशिया, अमेरिका से आने वाले सामान पर ज्यादा टैक्स लगाते हैं। जबकि अमेरिका इन देशों से आने वाले सामान पर कम टैक्स लगाता है। इसका मतलब है कि इन देशों को अमेरिका से बदले में ज्यादा टैक्स लगने का डर है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिनों पहले कहा था कि जो देश अमेरिका से ज्यादा टैक्स वसूलते हैं, उन पर अमेरिका भी ज्यादा टैक्स लगाएगा। उन्होंने कहा था कि कुछ देश अमेरिका को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अमेरिका अब 2 अप्रैल से भारत समेत कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने जा रहा है। अगर अमेरिका भारत से अमेरिका जाने वाले सामानों पर ज्यादा टैक्स लगा देगा, तो ये सामान महंगे हो जाएंगे। ऐसे में अमेरिका में लोग इन्हें कम खरीदेंगे। इससे भारत समेत उन देशों की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ सकता है जो अमेरिका को सामान बेचते हैं, क्योंकि सामान महंगे होने से अमेरिका में इनकी डिमांड कम हो जाएगी। फिच की रिपोर्ट के अनुसार, इन देशों में टैक्स की दरें ज्यादा हैं। ये दरें औसत के हिसाब से भी ज्यादा हैं और व्यापार के हिसाब से भी। फिच ने कहा कि ब्राजील, भारत और तुर्की में टैक्स का अंतर सबसे ज्यादा है। अगर हम व्यापार के हिसाब से देखें तो भारत और अमेरिका के बीच टैक्स का अंतर 3.8% है। वहीं सामान्य औसत के हिसाब से यह अंतर 8.7% है। इसका मतलब है कि भारत, अमेरिका से आने वाले सामान पर औसतन 8.7% ज्यादा टैक्स लगाता है। इसका मतलब है कि चीन और कनाडा भी अमेरिका पर औसतन उतना टैक्स नहीं लगाते जितना भारत और कुछ दूसरे देश लगाते हैं।अमेरिका के छह सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार (कनाडा, मेक्सिको, ऑस्ट्रेलिया, चिली, जापान और दक्षिण कोरिया) के साथ अमेरिका का फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है।

## पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे बैंक: आरबीआई की मीटिंग से पहले देश के सबसे अमीर बैंकर उदय कोटक ने क्यों कहा ऐसा?



नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की अगले कुछ दिनों में मीटिंग होने वाली है। माना जा रहा है कि इसमें रेपो रेट में फिर कटौती हो सकती है। इस बीच एशिया के सबसे अमीर बैंकर उदय कोटक ने बैंकों के सामने आ रही एक बड़ी समस्या के बारे में बताया है। उन्होंने कहा है कि बैंकों के पास जमा राशि कम होती जा रही है। इससे बैंकों को नुकसान हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी है कि कम लागत वाली रिटेल जमा की वृद्धि धीमी होने से, बैंक महंगे बल्क डिपॉजिट का सहारा ले रहे हैं और नेगेटिव मार्जिन पर उधार दे रहे हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अगर डिपॉजिट की कमी जारी रहती है, तो यह बैंकिंग बिजनस मॉडल के लिए खतरा बन जाएगी।' इसका मतलब है कि अगर बैंकों के पास जमा करने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं होंगे, तो उनका काम करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़े बैंक अभी 8% ब्याज दर पर थोक जमा स्वीकार कर रहे हैं, जिससे मामूली जमा लागत 9% से अधिक हो जाती है। इसका मतलब है कि बैंकों को थोक जमा पर 8% ब्याज देना पड़ रहा है, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि बल्क डिपॉजिट पर 8% के अलावा और भी खर्चे हैं। जैसे कि सीआरआर (कैश रिजर्व रेशियो)। सीआरआर का मतलब है कि बैंकों को अपनी जमा राशि का कुछ हिस्सा रिजर्व बैंक के पास रखना होता है, जिस पर उन्हें कोई ब्याज नहीं मिलता। इसके अलावा, एसएलआर (स्टैचुटरी लिक्विडिटी रेशियो), डिपॉजिट इंश्योरेंस और प्रायोरिटी सेक्टर के लक्ष्य भी हैं। एसएलआर का मतलब है कि बैंकों को अपनी जमा राशि का कुछ हिस्सा सरकारी बॉन्ड में निवेश करना होता है। डिपॉजिट इंश्योरेंस का मतलब है कि अगर बैंक डूब जाता है, तो जमाकर्ताओं को उनकी जमा राशि का कुछ हिस्सा वापस मिल जाएगा। प्रायोरिटी सेक्टर के लक्ष्य का मतलब है कि बैंकों को अपनी लोन का कुछ हिस्सा कुछ खास सेक्टरों को देना होता है। इनमें कृषि और छोटे बिजनस शामिल हैं। कोटक ने कहा कि इन खर्चों के बावजूद बैंक 8.5% की फ्लोटिंग रेट पर होम लोन दे रहे हैं, जबकि उनकी उधार लागत 9% है। इससे उन्हें 0.5% का नुकसान हो रहा है। इसका मतलब है कि बैंक होम लोन पर जितना ब्याज ले रहे हैं, उससे ज्यादा उन्हें उधार लेने पर देना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे बैंकिंग सिस्टम में रिटेल डिपॉजिट धीरे-धीरे बढ़ रही है और रेपो रेट के और गिरने की उम्मीद है। रेपो रेट वह दर है जिस पर रिजर्व बैंक बैंकों को उधार देता है। इससे लागत और उधार दरों को मैनेज करने की चुनौती बनी रहेगी। यानी बैंकों के लिए अपनी लागत को कम रखना और उधार दरों को बढ़ाना मुश्किल होगा।

## $44 अरब में खरीदा और $33 अरब में बेच दिया एलन मस्क ने इस कंपनी के साथ कर दिया बड़ा खेला



नई दिल्ली,29 मार्च (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स यानी ट्विटर को अपनी ही आईएनसी कंपनी एक्सएआई को बेच दिया है। यह डील पूरे 33 अरब डॉलर में हुई है। यह डील शेयरों में हुई है। मस्क ने कुछ साल पहले ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदा था और इसका नाम बदलकर एक्स कर दिया था। इसके बाद उन्होंने एक्स को प्राइवेट कंपनी बना दिया था। दोनों ही कंपनियां प्राइवेट हैं। इसलिए उन्हें अपनी कमाई के बारे में सबको बताने की कोई जरूरत नहीं है। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। मस्क ने लिखा कि इस कदम से एक्स एआई की आईएनसी तकनीक और एक्स के बड़े नेटवर्क को मिलाकर बहुत फायदा होगा। इस डील में एक्स एआई की वैल्यू 80 बिलियन डॉलर और एक्स की वैल्यू 33 बिलियन डॉलर आंकी गई है। मस्क दुनिया के सबसे बड़े रईस हैं। वह टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ हैं और साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार भी हैं। उन्होंने 2022 में ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था। फिर उन्होंने कंपनी के कई कर्मचारियों को निकाल दिया। साथ ही, हेट स्पीच, गलत जानकारी और यूजर वेरिफिकेशन से जुड़े नियमों में भी बदलाव किए। इसके बाद ट्विटर का नाम बदलकर एक्स कर दिया गया। मस्क ने एक्सएआई को 2023 में शुरू किया था। मस्क ने एक्स पर लिखा, 'एक्सएआई और एक्स का भविष्य एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। आज, हम डेटा, मॉडल, कंप्यूटिंग पावर, डिस्ट्रीब्यूशन और टैलेंट को मिलाने का कदम उठा रहे हैं। इस मेल से एक्सएआई की आईएनसी क्षमता और एक्स के बड़े नेटवर्क को मिलाकर बहुत फायदा होगा।' इसका मतलब है कि दोनों कंपनियां मिलकर काम करेंगी। इससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। मस्क ने आगे कहा कि यह कंपनी अरबों लोगों को बेहतर और ज्यादा उपयोगी अनुभव देगी। साथ ही, हमारा मुख्य लक्ष्य सच्चाई की खोज और ज्ञान को बढ़ाना है।

## ट्रंप के टैरिफ से पहले अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी गूगल को भारी राहत! घट गया जुर्माना



नई दिल्ली,29 मार्च (एजेंसियां)। अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी गूगल पर लगाए गए जुर्माने को घटा दिया। कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने गूगल पर प्ले स्टोर पॉलिसी के जरिए अपनी दबदबे वाली स्थिति का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। एनसीएलएटी ने सीसीआई के फैसले को सही तो माना, लेकिन जुर्माने की रकम 936.44 करोड़ रुपये से घटाकर 216 करोड़ रुपये कर दी। एनसीएलएटी ने शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा आयोग सीसीआई के इस निष्कर्ष को बरकरार रखा कि कंपनी की ऐप स्टोर नीति डेवलपरों के लिहाज से अनुचित और प्रतिबंधात्मक है। हालांकि एनसीएलएटी ने सीसीआई की तरफ से गूगल पर लगाए गए 936.44 करोड़ रुपये के जुर्माने में भारी कटौती कर 216 करोड़ रुपये कर दिया। एनसीएलएटी ने 104 पन्नों के अपने आदेश में कहा कि गूगल ने बाजार में अपनी प्रमुख स्थिति का दुरुपयोग किया है और कानून की धारा का उल्लंघन किया है। हालांकि इसने यह भी कहा कि विभिन्न मापदंडों के आधार पर मोबाइल ऐप्स से 15 से 30 प्रतिशत सेवा शुल्क वसूलने में गूगल ने कोई उल्लंघन नहीं किया था। ट्रिब्यूनल के प्रमुख न्यायमूर्ति अशोक भूषण और तकनीकी सदस्य बरुण मित्रा की दो-सदस्यीय पीठ ने कहा कि कुछ धाराओं में गूगल का उल्लंघन साबित नहीं हुआ, लेकिन उल्लंघन के सबूत पर जुर्माना लगाया जा सकता है। एनसीएलएटी के मुताबिक इस आदेश के पैरा 105 में निहित गणना के अनुरूप गूगल पर लगाया गया जुर्माना संशोधित किया गया है। इस तरह पिछले तीन वर्षों के कारोबार के लिए गूगल पर लगाए गए 936.44 करोड़ रुपये के जुर्माने को संशोधित कर 216.69 करोड़ रुपये किया गया है।

## सिंधिया : दूरसंचार तकनीक बनाने में टॉप 5 देशों में भारत बीएसएनएल लगाएगा एक लाख स्वदेशी 4जी टावर

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)।भारत दुनिया के शीर्ष-5 देशों में शामिल हो गया है, जिनके पास अपनी दूरसंचार तकनीक है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, भारत से पहले यह तकनीक सिर्फ चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया के पास है। हमारा लक्ष्य भारत के वैश्विक 6जी मानकों में कम-से-कम 10 फीसदी योगदान देना है। सिंधिया ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, दुनियाभर में दूरसंचार कंपनियों का विलय हो रहा है। लेकिन, हमारे यहां चार कंपनियां हैं। 2014 में देश में 90 करोड़ मोबाइल ग्राहक थे। आज यह संख्या 1.2 अरब से ज्यादा हैं। तब 25 करोड़ लोग इंटरनेट से जुड़े थे और अब 97 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं। 2014 में 6 करोड़ लोगों के पास ब्रॉडबैंड इंटरनेट था, जिनकी संख्या आज 94 करोड़ पहुंच गई है। यह अमेरिका की कुल आबादी से ज्यादा है। मंत्री ने कहा, भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) देशभर में ऐसे एक लाख स्वदेशी 4जी मोबाइल टावर लगा रही है, जिन्हें 5जी में बदला जाएगा। यह काम जून तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। यह आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत किया जा रहा है। एजेंसी सिंधिया ने बताया, सरकार की ओर से डायरेक्ट-टू-डिवाइस (डीटीडी) सैटेलाइट मैसेजिंग सेवाएं शुरू की गई हैं। इस तकनीक में स्मार्टफोन से तब भी मैसेज भेजे जा सकते हैं, जब वह नेटवर्क से कनेक्ट न हो। तब कनेक्टिविटी सीधे सैटेलाइट से मिलने लगती है, न कि मोबाइल टावर से। हमारे पास 100 5जी टेस्ट बेड, 6जी टेस्ट बेड और भारत 6जी अलायंस है, जो अमेरिका, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के साथ सहयोग कर रहा है।

## टैक्स, टैक्स, टैक्स... एटीएम से पैसा निकालने के चार्ज पर एक्सपर्ट का फूटा गुस्सा, 'बेतुका' बता उठा दिए सवाल



नई दिल्ली,29 मार्च (एजेंसियां)। विजडम हैच के संस्थापक अक्षत श्रीवास्तव ने भारत में बढ़ते टैक्स पर सवाल उठाया है। डायरेक्ट इनकम पर 30% टैक्स, इनडायरेक्ट टैक्स 18% और अब एटीएम से पैसे निकालने पर टैक्स। श्रीवास्तव का कहना है कि यह एक ऐसी आर्थिक व्यवस्था है जहां अपने ही पैसे निकालने पर ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। श्रीवास्तव के अनुसार, बैंक विदेशी मुद्रा ट्रांसफर पर 1-1.5% कमीशन लेते हैं। इससे उन्हें लगता है कि भारत की आर्थिक व्यवस्था समझ से परे होती जा रही है। यह सब 1 मई 2025 से लागू होगा। दरअसल, बैंक ग्राहकों को एटीएम से फ्री निकासी की मासिक सीमा खत्म होने के बाद पैसे निकालने पर एक मई से प्रति ट्रांजैक्शन 23 रुपये देने होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों को एटीएम से पैसा निकालने पर वसूले जाने वाले शुल्क को दो रुपये बढ़ाकर 23 रुपये प्रति लेनदेन करने की मंजूरी दे दी। यह चार्ज महीने में फ्री निकासी की सीमा खत्म होने के बाद एटीएम से पैसा निकालने पर लगेगा। फिनफ्लुंएसर की प्रतिक्रिया इसी पर आई है।आरबीआई ने एक सर्कुलर में कहा, 'फ्री लेनदेन के अलावा ग्राहक से प्रति ट्रांजैक्शन अधिकतम 23 रुपये का शुल्क लिया जा सकता है। यह एक मई 2025 से प्रभावी होगा।' अभी बैंकों को ग्राहक से मुफ्त लेनदेन सीमा समाप्त होने के बाद प्रति लेनदेन 21 रुपये का शुल्क लेने की अनुमति है। यह नियम 1 मई 2025 से लागू होगा। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने इस फैसले को मंजूरी दी है। यह शुल्क घरेलू वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों तरह के लेनदेन पर लागू होगा।अक्षत श्रीवास्तव ने इस पर ट्वीट करके अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा है कि डायरेक्ट टैक्स 30% है, इनडायरेक्ट टैक्स 18% है और एटीएम टैक्स 19 रुपये प्रति ट्रांजैक्शन है। अगर आप विदेश में पैसे भेजते हैं तो बैंक एफएक्स पर 1-1.5% तक चार्ज करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत तेजी से एक बेतुकी अर्थव्यवस्था बनता जा रहा है।' एनपीसीआई के 13 मार्च के सर्कुलर में यह बताया गया है कि बैलेंस इंक्वायरी जैसी गैर-वित्तीय एटीएम सेवाओं पर भी अब 7 रुपये का शुल्क लगेगा। इस पर जीएसटी अलग से होगा। सर्कुलर में कहा गया है कि एनपीसीआई ने आरबीआई से इस बदलाव को लागू करने की अनुमति मांगी थी। आरबीआई ने 11 मार्च 2025 को एनपीसीआई को बताया कि एटीएम इंटरचेंज शुल्क एटीएम नेटवर्क की ओर से तय किए जा सकते हैं। हालांकि, कुछ लेनदेन ऐसे हैं जिन पर यह शुल्क नहीं लगेगा। माइक्रो-एटीएम, इंटरऑपरेबल कैश डिपॉजिट (कार्ड और यूपीआई दोनों से) और अंतराष्ट्रीय एटीएम लेनदेन पर पुराने नियम ही लागू रहेंगे। नेपाल और भूटान में बैलेंस इंक्वायरी चार्ज जीएसटी को छोड़कर 7 रुपये ही है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य- | मीन मे |
| चंद्र- | मीन मे |
| मंगल | मिथुन मे |
| बुध- | मीन मे |
| गुरु- | वृष मे |
| शुक्र- | मीन मे |
| शनि- | कुंभ मे |
| राहु- | मीन मे |
| केतु- | कन्या मे |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मीन.... | 05-27 बजे |
| मेष--- | 07-03 बजे |
| वृष--- | 08-48 बजे |
| मिथुन.. | 10-49 बजे |
| कर्क.... | 13-00 बजे |
| सिंह--- | 15-16 बजे |
| कन्या--- | 17-20 बजे |
| तुला--- | 19-24 बजे |
| वृश्चिक. | 21-34 बजे |
| धनु...... | 23-48 बजे |
| मकर... | 01-56 बजे |
| कुंभ.... | 03-45 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2082
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायण • ऋतु • बसंत
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय 06-15
सूर्यास्त 18-25
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- प्रतिपदा 12:49 तक उपरान्त द्वितीया
मास - चैत्र शुक्ल , रविवार 30 March
नक्षत्र - रेवती 16:34 तक उपरान्त अश्विनी
योग - ऐन्द्र 17:53 तक उप वैधृति
करण- बव 12-49 तक उप बालव
विशेष:- चांद्र संवत्सर प्रा २०८२
व्रत -त्योहार - नवरात्रि प्रा घट स्थापना

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 16:56 से 18:28 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा** मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:15 - 07:45 | अशुभ | शुभ | 18:25 - 19:56 | शुभ |
| चंचल. | 07:45 - 09:17 | शुभ | अमृत. | 19:56 - 21:24 | शुभ |
| लाभ. | 09:17 - 10:49 | शुभ | चंचल | 21:24 - 22:52 | शुभ |
| अमृत | 10:49 - 12:21 | शुभ | रोग | 22:52 - 00:20 | अशुभ |
| काल. | 12:21 - 13:52 | अशुभ | काल | 00:20 - 01:48 | अशुभ |
| शुभ. | 13:52 - 15:24 | शुभ | लाभ. | 01:48 - 03:16 | शुभ |
| रोग | 15:24 - 16:56 | अशुभ | उत्पात | 03:16 - 04:45 | अशुभ |
| उत्पात | 16:56 - 18:25 | अशुभ | शुभ. | 04:45 - 06:15 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आज का दिन समृद्धि के एक नए कार्यक्रम को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा है । अगर आप किसी नयी परियोजना के बारे में काफी सोचकर भी किसी नतीजे तक नही पहुंच पाए हैं तो आज शुरूकर लें,आज आप जो भी करना शुरू करेंगे ,सफलता जरुर मिलेगी । आज होने वाली घटनाओं से आपके वित्त सम्बन्धी नजरिये में भी बदलाव आएगा और नकारात्मकता कम होगी ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आप थोड़े से अभिमान में रहेंगे और उसी के प्रभाव में रहकर सोचेंगे और काम करेंगे । इसी के कारण आप किसी बड़े अधिकारी से बात करते हुए आँखें नही मिला पायेंगे । यह अच्छा होगा या बुरा,यह आज आपको सोचना है ,हमारी सलाह यह है की आज अपने दिमाग की सुनें ।व्यवहार कुशलता का परिचय दें।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज का दिन मौज मस्ती के नाम रहेगा । आज सगे सम्बन्धियों से मुलाकात हो सकती है ,फोन या मेल के द्वारा भी संपर्क हो सकता है । वर्त्तमान समय अपने सामाजिक कौशलों को निखारने तथा आने वाली पार्टियों के लिए खुद को तैयार करने का बिलकुल सही समय है । दिन के आगे बढ़ने के साथ साथ वित्तीय परेशानियां अपने आप दूर होती जायेंगी ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आपके लिए बहुत सारा काम है ,व्यस्त रहेंगे । जल्दी के चक्कर में अपने किसी शुभचिन्तक को नाराज ना करें । नम्र बने रहें । आपकी सकारात्मकता के कारण नए अवसर मिलेंगे । धीरज रखें ,परिवर्तन ही शाश्वत नियम हैविसिलिये बदलाव तो आपके जीवन में भी होना ही है । आपके लिए अब स्वास्थ्य सम्बन्धी मसले बहुत महत्वपूर्ण हैं।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज का दिन अलग अलग तरह के विचारों और दुनियाभर के नए पैदा हो रहे अवसरों के चलते थोडा सा उलझाने वाला रहेगा । विभिन्न शक्तियां आपको अपनी तरफ खीचेंगी ।अधिक सोचने और हर किसी को खुश करने की कोशिश न करें । इसके स्थान पर,अपने मन की ही सुनें.आपके लिए सर्वोत्तम होगा । भले ही आपको इस समय यह सही ना लग रहा हो ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
घर पर पवित्रता का वातावरण बना रहेगा और चिंताएं नही रहेंगी । इसीलिए अपने परिवार के साथ रहें और खुशियाँ बाँटें ।आपको जीवन में निराशा से दो दो हाथ करने का नया तरीका निकलना होगा ,जो आपके भीतर कई कारणों से भरी हुई है । आपकी भीतरी शक्ति समाधान तलाशने में मदद करेगी । आप आज अपच से जुडी समस्याओं से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज आपको गृहों की स्थिति के कारण हर भावना काफी गहन प्रतीत होगी । आपको प्यार और नफरत दोनों ही का बहुत गहनता से अनुभव होगा । आपको यह समझाने वाले अवसर भी आयेंगे कि आप किस कारण अब अपने करीबी दोस्तों से पुरानी भावना से बात नही कर पा रहे? हालाँकि तुरंत कोई भी फैसला लेने के स्थान पुर रूककर और सोच समझकर कदम उठाना ही सही होगा।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आप खुद को अधिक समर्पित अनुभव करेंगे और सारा लंबित काम निपटा लेंगे । ये सारा काम ख़त्म करके आपको एक तरह की संतुष्टि मिलेगी जिसे आपके अन्य करीबी भी नोट करेंगे । इसका नतीजा यह होगा की आपको घर और कार्यस्थल ,दोनों ही जगह अधिक सराहना मिलेगी । आज आपको वायरल ठंड या मौसमी बुखार से परेशान होना पड़ सकता है।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आप आज अनजाने तथ्यों के साथ सहज महसूस नही करेंगे । इसलिए आप प्रयोग ना करते हुए जानी –पहचानी राहों पर ही आगे बढने की कोशिश करेंगे । आपके सामने नए अवसर आयेंगे ,लेकिन आप उनमे से भी उसी को चुनेंगे जिससे आप भली-भांति परिचित हैं । इस समय का उपयोग अपना पिछला बचा हुआ काम निपटाने के लिए करें ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
इस समय आपके जीवन में अजीब ही घटनाएँ हो रही हैं । जिससे भी आप मिलते हैं,आपके मन में उसी के लिए कोमल भावनाएं पैदा हो जाती हैं ,विशेषत विपरीत लिंग को आप बहुत आकर्षित करेंगे । साथ ही आप उस काम के बारे में भी जागरूक रहेंगे जो आपको दूसरों के लिए घर और कार्यस्थल पर करना है ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आप अपने घर की साज सज्जा ,कपड़ों और सौंदर्य प्रसाधनों पर काफी खर्च कर सकते हैं । हालाँकि आप अपने खर्च को फिजूलखर्ची की सीमा तक पहुचने से पहले नियंत्रित कर पायेंगे । अपने किसी ख़ास को कोई कीमती उपहार दे सकते हैं,जो उसे बहुत अच्छा लगेगा । हालांकि अपनी भावनाओं को बोलकर व्यक्त करने से आपकी बात अधिक सार्थक लगेगी ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आप अन्दर से डरे हुए से हैं । यह जान लें कि इन मुद्दों से घबराने की जरूरत नही है। इन वर्तमान समस्याओं के कई कारण हैं और इनके लिए दुसरे जिम्मेदार हैं,आप नहीं । ये छोटी बातें जल्दी ही सुलझ जायेंगी । अपने आपको राहत देने के लिए किसी मनोरंजक कार्यकलाप की योजना बनाएं ।. आज आपके पूरा दिन ख़ुशी ,अच्छे स्वास्थ्य और सामान्यत बिलकुल अच्छे मूड में रहने की भावना से भरा होगा.।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# बीजेपी नेता ने कोयले की लड़ाई में कारोबारी को काट डाला

## भाई–भांजा समेत 20–25 लोगों ने धारदार हथियार से मारा, संरक्षण देने पर टीआई लाइन अटैच

कोरबा, 29 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में शुक्रवार की रात बीजेपी नेता, उसके भाई और भांजे समेत 20-25 लोगों ने कोल कारोबारी को धारदार हथियार से मार डाला। कोयला ट्रांसपोर्टिंग को लेकर 2 पक्षों में विवाद हुआ। इसके बाद खूनी झड़प हो गई है। इलाके में तनाव का माहौल है। मामला पाली थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक रोहित जायसवाल (36) की हत्या की गई है। रोहित के शरीर पर कई जगह कटने के निशान हैं। हत्या का मुख्य आरोपी रोशन सिंह ठाकुर है, जो पाली ब्लॉक का भाजपा मंडल अध्यक्ष है। वहीं आरोपियों को संरक्षण देने पर पाली थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया है।

दरअसल, 28 फरवरी की रात 10 बजकर 30 मिनट में अपने 3 साथियों के साथ रोहित जायसवाल सरायपाली एसईसीएल के बुड़बुड़ खदान में कोयला लोड कराने आए थे, तभी आरोपी रोशन सिंह भी अपने, भाई और भांजे



समेत 20-25 साथियों के साथ हथियारों से लैस पहुंचा। इस दौरान रोशन सिंह सरायपाली एसईसीएल खदान गेट के सामने विवाद करने लगा।

विवाद इतना बढ़ा कि रोशन सिंह ने पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद साथियों ने भी धारदार हथियारों से रोहित को मारने लगे।वारदात के बाद रोहित के साथियों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। रोहित जायसवाल और रोशन ठाकुर दोनों कोल ट्रांसपोर्टर्स हैं। इन दोनों के पास सरायपाली एसईसीएल बुड़बुड़ खदान में सी ग्रेड कोयला परिवहन करने की परमिट है, लेकिन रोशन ठाकुर ज्यादा पावरफुल है। खदान के अंदर लोगों से उसकी सेटिंग है। सी ग्रेड कोयले में कुछ अच्छा माल भी रहता है। ऐसे में रोशन ठाकुर खदान के अंदर मौजूद लोगों से साठगांठ कर अच्छे माल को अपनी गाड़ियों में लोड कराता था। खराब माल रोहित जायसवाल के लिए बचवा देता है। इससे रोहित को नुकसान और रोशन को मुनाफा होता था। इसी को लेकर दोनों के बीच में विवाद चल रहा था।

मृतक के भाई अनिल जायसवाल ने बताया कि रोशन सिंह ठाकुर के गुट ने उनके भाई को मारा है। पिछले 6 महीने से विवाद चल रहा है। पहले भी मारपीट की गई थी। विवाद की शिकायत पाली थाने में की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अनिल जायसवाल ने एसईसीएल के सब एरिया मैनेजर पर भी रोशन सिंह के साथ मिलकर कोयले की हेराफेरी में शामिल होने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद एसपी ने थाना प्रभारी विनोद सिन्हा को लाइन अटैच कर दिया है।

# छत्तीसगढ़ में 3000 रुपए तक सस्ती होगी शराब

## सालाना 8 हजार करोड़ की शराब गटक रहे लोग, इनमें 35% पुरुष और करीब 3% महिलाएं

रायपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से शराब सस्ती हो जाएगी। प्रदेश की 650 से अधिक शराब दुकानों में नए रेट लागू होंगे। आबकारी विभाग से मिली रेट लिस्ट की पड़ताल करने पर पता चला है कि प्रीमियम व्हिस्की की कुछ बोतलें 3 हजार रुपए तक सस्ती हो रही है। हालांकि ये राहत सबसे महंगे दाम की शराब पर लागू होगी।

आबकारी विभाग के मुताबिक रीटेल वाइन शॉप में अधिक बिकने वाली बोतलों में 20, 40, 150, 200 और 300 रुपए तक की कमी आई है। बार में भी शराब के दाम घटेंगे। हालांकि वहां मिलने वाले रेस्तरां सर्विस की वजह से कीमत में कोई खास फर्क महसूस होने के आसार कम ही हैं।

नई दरें लागू होने से सबसे सस्ती व्हिस्की प्रदेश में 480 रुपए से शुरू हो जाएगी। वहीं कुछ फैक्ट्स की बात करें तो प्रदेश में 8 हजार करोड़ से ज्यादा की शराब लोग पी रहे हैं, जिसमें 35.9 पुरुष और 2.8 प्रतिशत



महिलाएं शराब पीती हैं। इस रिपोर्ट में जानिए शराब के दाम घटने का असर और छत्तीसगढ़ में शराब से जुड़े कुछ दिलचस्प फैक्ट्स। छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग के मुताबिक नई रेट लिस्ट अगर जस की तस जारी होती है तो प्रदेश में बीयर, व्हिस्की, रम की कीमतें घटने के बाद सस्ते दामों पर शराब उपलब्ध होगी। हालांकि पीने वालों की चुनौती उन ब्रांड को हासिल करना होगा, जिनके रेट सबसे कम हैं।

**रेट कम करने के पीछे सरकार का लॉजिक**

शराब सस्ती करने का फैसला 3 मार्च को हुई छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट बैठक में लिया गया था, तब सरकार ने कहा था कि विदेशी मदिरा पर लगने वाला "अतिरिक्त आबकारी शुल्क", जो की छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के मदिरा क्रय के दर पर 9.5% राशि के बराबर होता है, इसे समाप्त किया गया है। इससे विदेशी मदिरा, विशेष कर मीडियम रेंज और हाई रेंज की शराब का रीटेल दाम कम होगा, जिससे दूसरे प्रांतों से शराब की स्मगलिंग पर रोक लगेगी। इस अतिरिक्त शुल्क में कमी से विभिन्न रेंज की विदेशी मदिरा के फुटकर विक्रय दरों में लगभग 40/- से 3000/- रुपए प्रति बोतल तक की कमी आएगी।

**कालाबाजारी पर रोक लगाने दाम घटाया गया**

विभागीय सूत्रों के अनुसार, जो शराब प्रदेश में 280 रुपए में मिलती थी, उसे एमपी से अवैध रूप से लाकर यहां 200 रुपए में बेचा जा रहा था। अब सरकार ने उन बोतलों की कीमत घटाकर 280 रुपए कर दी है, जो 200 रुपए में मिलती थीं। ऐसे में प्रदेश में कालाबाजारी कर शराब बेचने वालों का धंधा मंदा पड़ने की संभावना है।

# बस ट्रांसपोर्टर की लात-घूंसे से पिटाई

## अंबिकापुर में थार–कार की टक्कर, युवकों ने खंभे में मारा सिर, लहूलुहान होने पर भी पीटते रहे

सरगुजा, 29 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में कार और थार के बीच टक्कर हो गई। हादसे के बाद युवकों ने थार सवार बस ट्रांसपोर्टर (संचालक) की बेरहमी से पिटाई कर दी। सिर फूटने से वो लहूलुहान हो गया। मारपीट और गुंडागर्दी का लाइव वीडियो भी सामने आया है। मामला गांधीनगर थाना इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा शुक्रवार की रात करीब 10 बजे हुआ है। रिंग रोड पर गांधी चौक से प्रतापपुर नाका की ओर जा रहे थार की शिवधारी कॉलोनी मोड़ के पास हुंडई वर्ना कार से टक्कर हो गई। कार सवार गाड़ी मोड़ रहे थे। इसी दौरान थार से टकरा गई।

हादसे के बाद थार चला रहे सूरजपुर निवासी संजय सिंह गाड़ी रोककर यह देखने के लिए उतरा



की हादसे में किसी को चोट तो नहीं आई है। लेकिन कार सवार युवकों ने उसे पकड़कर पीट दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवकों ने संजय सिंह का सिर खंभे से टकरा दिया। वो लहूलुहान हो गया, तब भी उसे आधे घंटे तक बेदम पीटते रहे। मारपीट से संजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान किसी ने घायल युवक को बचाने की कोशिश नहीं की। हालांकि, मारपीट करने का वीडियो बना लिया। जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

घटना की सूचना मिलने पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल संजय को उनसे छुड़ाया गया। फिर इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद शनिवार दोपहर को संजय सिंह शिकायत करने गांधीनगर थाने पहुंचा।

घायल संजय ने वसीम कुरैशी और डॉ. मनू कुरैशी के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। संजय सिंह के अनुसार, कार सवारों ने एकाएक कार मोड़ दी। जिस कारण कार से उनकी थार टकरा गई थी। फिलहाल, गांधीनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छत्तीसगढ़ की पहली महिला अग्निवीर बनी फामेश्वरी

## पिता ट्रेनिंग देकर मजदूरी करने जाते थे, मां बोली– लोग कान भरते थे...हमने बेटी को देश सेवा में भेजा

गरियाबंद, 29 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले की 21 साल की फामेश्वरी यादव प्रदेश की पहली महिला अग्निवीर बनी है। फामेश्वरी फिंगेश्वर ब्लॉक के छोटे से गांव परसदा जोशी की रहने वाली है। फामेश्वरी की मां को कभी पड़ोस के लोग ताने दिया करते थे, लेकिन आज जब वह अग्निवीर बनी तो हर किसी ने उनका स्वागत किया।

फामेश्वरी ने बताया कि वर्दी देखकर मेरे अंदर जुनून पैदा हुआ। मैंने अग्निवीर बनने का फैसला किया। 5-6 महीने की ट्रेनिंग के बाद मेरा चयन हो गया। मुझे देश की सेवा करने का मौका मिला। लोगों के ताने सुनने के बाद भी मैंने हार नहीं मानी।

फामेश्वरी ने बताया कि वह बीएससी सेकेंड ईयर की छात्रा है। घर में हाथ बंटाने के साथ ही वह पढ़ाई भी करती थी। सेना में जाने की तैयारी भी करती थी। उसकी सफलता में परिवार का पूरा सहयोग रहा। पिता और भाई रोजाना 2 घंटे फिटनेस की ट्रेनिंग



देते थे। गांव की सड़कों में सुबह 4 बजे वे लोग दौड़ लगाने निकल जाते थे और फिर वार्मअप करते थे। पिता मजदूर हैं। उनके पास इतने पैसे भी नहीं थे कि उसे कोचिंग करा सके। इसके बावजूद मेहनत के दम पर उसने अपने जिले और माता का नाम रोशन किया।

फामेश्वरी के पिता हीरालाल ने बताया कि जब फामेश्वरी ने सेना में जाने की इच्छा जताई तो आसपास के लोग कान भरते थे। कहते थे दो बड़े बेटों के रहते घर की छोटी बेटी को नौकरी के लिए बाहर भेज रहे हो। ऐसी नौकरी जिसमें महिलाएं कम जाती हैं, लेकिन हमने उन सब बातों को अनसुना किया। बेटी को देश सेवा के लिए छोड़ दिया।

उन्होंने बताया कि वो अपनी बेटी को ट्रेनिंग देने के बाद मजदूरी पर निकल जाते थे। इस तरह से उनकी की मेहनत रंग लाई। 24 मार्च 2025 को अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस (डब्ल्यूएमपी) भर्ती का परिणाम घोषित होने पर फामेश्वरी का चयन हुआ।

उनके दो बेटे भी हैं। बेटी फामेश्वरी सबसे छोटी है। राजीव लोचन कॉलेज में उसकी पढ़ाई चल रही है। कॉलेज में एनसीसी ज्वाइन किया हुआ है। बुआ के बेटे और गांव में एक युवक अग्निवीर में भर्ती हुए हैं। उनकी वर्दी देखकर जुनून पैदा हुआ।

मजदूर पिता के पास इतने पैसे भी नहीं थे कि उसे कोचिंग करा सके। वो अपनी बेटी को ट्रेनिंग देने के बाद मजदूरी पर निकल जाते थे।

इस तरह से उनकी की मेहनत रंग लाई और 24 मार्च 2025 को अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस (डब्ल्यूएमपी) भर्ती का परिणाम घोषित होने पर फामेश्वरी का चयन हुआ।

# हाथी का उत्पात जारी एक की फिर ली जान

## झारखंड में हाथी ने दो दिनों में छह लोगों को कुचला, केवल गुमला में तीन की हुई मौत

गुमला, 29 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड में हाथी का उत्पात जारी है। शनिवार को एक बार फिर गुमला में हाथी ने एक वृद्ध को कुचल कर मार डाला। वहीं, शुक्रवार को हाथी ने गुमला के पालकोट में दो लोगों की जान ले ली थी। इस दो दिनों में हाथी गुमला, सिमडेगा और गढ़वा में कुल छह लोगों को मौत के घाट उतार चुका है। हाथी के हमले में केवल गुमला में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। शनिवार की घटना गुमला के रायडीह थाना क्षेत्र के सुगाकांटा गांव की है। यहां 65 वर्षीय फिरला नगेसिया की सुबह जंगली हाथी ने कुचलकर जान ले ली। मृतक के बेटे वीरेंद्र नगेसिया ने बताया कि उसके पिता सुबह 5 बजे महुआ चुनने अंबाकोना जंगल गए थे। इसी दौरान पालकोट की तरफ से आए एक जंगली हाथी ने उन्हें कुचल कर मार डाला। घटना के बाद रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार मौके पर पहुंचे।

# घुटनों के बल सड़क पर बैठे बर्खास्त शिक्षक

## बिलासपुर में पीएम मोदी के दौरे से पहले निकाली रैली

बिलासपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)। राजधानी रायपुर में पिछले 100 दिनों से प्रदर्शन कर रहे बीएड डिग्रीधारी बर्खास्त शिक्षकों ने बिलासपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले घुटनों के बल सड़क पर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को उन्होंने रैली निकालकर समायोजन की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।

इस रैली को बर्खास्त शिक्षकों ने न्याय गुहार यात्रा का नाम दिया। इसके चलते शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ गई, जिस चौक से रैली निकली वहां जाम की स्थिति बनी रही। रैली की वजह से लोग परेशान होते रहे। दरअसल, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राज्य शासन ने प्रदेश के करीब 3000 बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। अपनी बर्खास्तगी आदेश के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे है।

नेहरू चौक तक निकली शिक्षकों की यह रैली शहर के प्रमुख और व्यस्तम मार्गों से होकर गुजरी।

शिक्षकों की कतार करीब 500 मीटर लंबी थी। रैली गांधी चौक से शिव टॉकिज चौक, पुराना बस स्टैंड, इमलीपारा, वृहस्पति बाजार होते हुए नेहरू चौक पहुंची। इसके चलते शाम को पुराना हाईकोर्ट रोड से शिव टॉकिज के बीच रैली निकलते ही जाम लग गया। जिससे लोग परेशान होते रहे।

पुराना बस स्टैंड में भी रैली गुजरते ही सभी सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई, जिसे क्लियर होने में एक घंटा से ज्यादा समय लगा। इमलीपारा होते हुए जैसे ही रैली पुलिस लाइन पहुंची सत्यम चौक, मसानगंज रोड, वृहस्पति बाजार रोड, ईदगाह चौक समेत सभी रूटों पर वाहन सवार जाम में फंस गए।

रैली जैसे ही नेहरू चौक पहुंची। सभी शिक्षक घुटनों के बल सड़क पर बैठ गए। करीब 30 मिनट तक महिला-पुरुष सभी शिक्षक सड़क पर डटे रहे। इस दौरान पुलिस अफसरों ने उन्हें समझाइश देने का प्रयास किया। लेकिन, शिक्षक अपनी एकसूत्रीय समायोजन की मांग को पूरा कराने पर अड़े रहे।

प्रशासन और पुलिस की समझाइश के बाद शिक्षक उठे। इस दौरान नेहरु चौक में भी चारों तरफ जाम की स्थिति बनी रही। इस रैली के चलते शहर की ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त रही।

# कोल्हान जंगल में 28 जिंदा आईईडी बरामद

## 23 डेटोनेटर, गन पाउडर भी जब्त सुरक्षा बलों ने नक्सली कैंप में की कार्रवाई

चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम), 29 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों के एक पुराने डम्प को सुरक्षाबलों ने नष्ट कर दिया है। टोन्टो थाना क्षेत्र के वनग्राम जीम्कीइकीर के पास जंगली पहाड़ी इलाके में यह कार्रवाई की गई। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि नक्सली इस क्षेत्र में हथियार और विस्फोटक सामग्री छिपाकर रख रहे हैं। सर्चिंग अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने 28 आईईडी बरामद किए। इनके अलावा 23 डेटोनेटर, 25 किलोग्राम यूरिया, एक किलोग्राम गन पाउडर और 50 स्विच भी मिले।

साथ ही 250 मीटर कॉर्डेक्स वायर, 150 मीटर सेफ्टी फ्यूज और एक सिंटेक्स भी बरामद किया गया।

# कोयला घोटाला, पति के साथ मिलकर स्कैम करती थी रानू

## सप्लीमेंट्री चालान में आईएएस जयप्रकाश, एडवोकेट भाटिया समेत 9 नाम, ईडी ने सूर्यकांत को बताया किंगपिन

रायपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला मामले में शुक्रवार को ईडी ने 9 आरोपियों के खिलाफ पूरक चालान पेश किया है। इनमें रानू साहू के पति आईएएस जयप्रकाश मौर्य समेत 9 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

पेश किए गए चालान में बताया गया है कि आईएएस जयप्रकाश मौर्य रानू साहू के साथ मिलकर काम करते थे। निलंबित आईएएस रानू साहू पहले ही जेल में बंद है। इसके अलावा, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी भी इस केस में जेल में बंद हैं।

ईडी ने चालान में बताया है कि हेमंत और वीरेंद्र अवैध कोल लेवी वसूली में सक्रिय रहे। इसके अलावा पारिख और राहुल पर आरोप है कि दोनों कोल घोटाले मामले के किंग पिन सूर्यकांत तिवारी के साथ मिलकर काम करते थे। इन सभी पर आरोप है



कि कोयला लेवी के पैसों का कलेक्शन करते और उसे सिंडिकेट से जुड़े लोगों और अधिकारियों तक पहुंचाते थे। वहीं जोगिंदर सिंह, रामगोपाल और पीयूष भाटिया की भी घोटाले में विशेष भूमिका बताई गई है।

हेमंत और वीरेंद्र अवैध कोल लेवी वसूली में सक्रिय रहे हैं। इसके अलावा पारिख और राहुल पर आरोप है कि दोनों कोल घोटाले मामले के किंग पिन सूर्यकांत तिवारी के साथ मिलकर काम करते थे। इन सभी पर आरोप है कि कोयला लेवी के पैसों का कलेक्शन करते थे। उसे सिंडिकेट से जुड़े लोगों और अधिकारियों तक पहुंचाते थे। साथ ही जोगिंदर सिंह, रामगोपाल व पीयूष भाटिया की भी घोटाले में विशेष भूमिका बताई गई है।

कोयला घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 30 जनवरी को बड़ी कार्रवाई करते हुए घोटाले से जुड़े लोगों की संपत्ति कुर्क की थी। इनमें बैंक बैलेंस, वाहन, नगदी, जेवरात और जमीन सहित 100 से अधिक चल और अचल संपत्तियां शामिल थी। इसकी कुल कीमत 49.73 करोड़ रुपए है। ये संपत्तियां कोयला घोटाले के कथित मास्टरमाइंड सूर्यकांत तिवारी के साथ बाकी आरोपियों की भी है। ईडी की जांच में पता चला है कि कुछ लोगों ने पिछली सरकार में रहे नेताओं और वरिष्ठ राज्य अधिकारियों से छत्तीसगढ़ में अवैध कोल लेवी वसूली का मामला ईडी की रेड में सामने आया था।

# बोकारो में 29 अवैध कोयला खदानें ध्वस्त

## वन विभाग ने ब्लास्टिंग कर बंद कराया, दूर तक सुनी गई आवाज, सुरंगों में भर गई पूरी तरह मिट्टी

बोकारो, 29 मार्च (एजेंसियां)। बोकारो के बेरमो क्षेत्र में कोयला का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इस मामले को डीसी विजया जाधव ने गंभीरता से लिया है। गोमिया प्रखंड के रहावन, पचमो, दुरदाग और बगियारी में 29 अवैध खदानों को बारूद से ब्लास्ट कर ध्वस्त कर दिया। विस्फोट की आवाज तक दूर तक सुनी गई।

जिला प्रशासन ने सुरक्षित तरीके से सुरंगों को ध्वस्त किया। इसके बाद इन सुरंगों से कोयला खनन करना मुश्किल होगा। सुरंगों में पूरी तरह मिट्टी भर गई। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र होने के कारण इधर पुलिस और प्रशासन की सक्रियता



कम रहती है। इसका फायदा उठाकर कोयला माफिया यहां अवैध तरीके से सुरंग बनाकर कोयला खनन करते हैं।

दरअसल, कोयला माफिया वन विभाग की जमीन से कोयला निकाल कर साइकिल से जंगलों में जमा करने के बाद उसे ट्रकों से बाहर भेजते हैं। डीसी ने अवैध कारोबार बंद करने के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी संदी शिंदे के नेतृत्व में कमेटी बनाई।

कमेटी में एसडीओ मुकेश मछुआ, डीएमओ रवि कुमार, एसडीपीओ वशिष्ट नारायण सिंह, सीसीएल जीएम अजीत कुमार, थाना प्रभारी जेपी एक्का, वनपाल अजीत मुर्मू और वनरक्षी विकास महतो शामिल हैं। कमेटी ने गोमिया प्रखंड के रहावन, पचमो, दुरदाग और बगियारी में 29 अवैध खदानों को बारूद से ब्लास्ट कर ध्वस्त किया।

अवैध मुहानों को बंद करने के लिए ड्रिलिंग मशीन के माध्यम से 160 होल्स बनाए गए। इसके बाद उसमें विस्फोटक डालकर कंट्रोल ब्लास्टिंग के माध्यम से ध्वस्त किया गया।

# अलकतरा घोटाले में बिहार के पूर्व मंत्री इलियास को सजा

## सबूत के अभाव में 7 को किया गया बरी रांची सीबीआई कोर्ट ने सुनाया फैसला

रांची, 29 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त बिहार में हुए अलकतरा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व पथ निर्माण मंत्री इलियास हुसैन सहित 5 आरोपियों को सजा सुनाई गई है। शनिवार को रांची के सीबीआई कोर्ट ने सजा सुनाई है। वहीं 7 आरोपियों को सबूत के अभाव में बरी कर दिया है।

कोर्ट ने जिन 5 आरोपियों को सजा सुनाई है, उनमें बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन के अलावा उनके पीए शहाबुद्दीन, पवन कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल और विनय कुमार सिन्हा शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, सीबीआई कोर्ट ने 5 आरोपियों को सजा सुनाते हुए जुर्माना भी लगाया है। बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन समेत 5 आरोपियों को 3-3




साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही इन सभी पर 15-15 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

वहीं, जी रामनाथ, एसपी माथुर, तरुण गांगुली, रंजन प्रधान, सुबह सिन्हा और एमसी अग्रवाल समेत 7 आरोपियों को बरी कर दिया है। साल 1995 में आरसीडी की ओर से हजारीबाग में सड़क बनानी थी। इसके लिए हल्दिया ऑयल रिफाइनरी कोलकाता से अलकतरा आना था, लेकिन मंत्री और कंपनी के अफसरों ने साठगांठ कर सरकार को करोड़ों का चूना लगाया।

# जेजेएमपी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

## कटिया जंगल से पकड़ा गया मुरारी भुईयां बड़ी घटना को अंजाम देने की थी योजना

लातेहार, 29 मार्च (एजेंसियां)। लातेहार पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर मुरारी भुईयां को गिरफ्तार कर लिया है। मुरारी भुईयां उर्फ छोटू उर्फ पप्पू पलामू के बसरिया कला, चैनपुर का रहने वाला है।

सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट याद राम बुनकर ने बताया कि लातेहार एसपी और सीआरपीएफ पलामू रेंज के डीआईजी को गुप्त सूचना मिली थी।

छिपादोहर थाना क्षेत्र के कटिया जंगल में जेजेएमपी का एक दस्ता किसी बड़ी घटना की योजना बना रहा था।

पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर मुरारी भुईयां को पकड़ लिया। संगठन के सबजोनल कमांडर अखिलेश यादव, एरिया कमांडर बैजनाथ सिंह समेत अन्य उग्रवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले।

पूछताछ में मुरारी ने बताया कि जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा के निर्देश पर वे लातेहार और पलामू जिले में ठेकेदारों से लेवी वसूलते हैं।

साथ ही आगजनी, फायरिंग और हत्या जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं। इस अभियान में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर सुभाष दास समेत कई जवान शामिल थे।

# कभी किसानों की कर्जमाफी की बात नहीं कही

## अजित पवार के बयान पर भड़की कांग्रेस, पूछा क्या हुआ तेरा वादा?

मुंबई, 29 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में बजट सत्र के बाद अब किसानों की कर्जमाफी का मुद्दा गरमात दिखाई दे रहा है। महायुति सरकार द्वारा किसानों की कर्जमाफी पर अपना पक्ष साफ करने के बाद अब कांग्रेस ने इस मुद्दे पर हमला बोला है। शनिवार को महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष हर्षबर्धन सपकाल ने अजित पवार पर निशाना साधा और पूछा कि दादा क्या हुआ तेरा वादा? हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि कर्जमाफी नहीं होने वाला बयान किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और राज्य के वित्त मंत्री अजित पवार ने एक दिन पहले कहा था कि मैंने सदन में जवाब देते हुए भी कहा था कि सब कुछ पर ढोंग किया जा सकता है लेकिन पैसे के मामले में ऐसा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैंने अपने भाषण में कभी भी किसानों की कर्जमाफी के बारे में बयान नहीं दिया. मैं महाराष्ट्र के किसानों से साफ-साफ कह रहा हूं वे 31 मार्च तक अपने फसल लोन की राशि बैंकों में जमा करा दें। पवार ने यह



बयान शुक्रवार को पुणे जिले के दौंड में कही थी।

**क्या बोले थे अजित पवार?**

अजीत ने मालेगांव में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि लाडली बहना योजना की वजह से सरकार पर 40 हजार करोड़ का बोझ बढ़ गया है। ऐसे में अब राज्य की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी हम सब की है. उन्होंने कहा कि बतौर वित्त मंत्री मैंने 11 बार बजट पेश किया है। इस दौरान मैंने किसानों को बिजली बिल और फसलों के कर्ज पर माफ़ी दी है। अब अजित पवार के बयान पर कांग्रेस आक्रामक हो गई है। सपकाल ने कहा कि जिन लोगों को जनता ने भारी बहुमत से सत्ता में बिठाया था, वे अलग तरह की बातें करने लगे हैं। विधानसभा चुनाव में कर्जमाफी का वादा कर महायुति राज्य के किसानों के वोट जीतकर सत्ता में आई थी, लेकिन अब वे जोर देकर कह रहे हैं कि अगर आप 31 मार्च से पहले अपने फसल ऋण का भुगतान करें। कर्जमाफी नहीं मिलेगी।

**और क्या बोले सपकाल?**

उल्हासनगर में पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने आगे कहा कि चुनाव प्रचार और घोषणापत्र में महायुति ने किसानों की कर्जमाफी और 10 लाख रुपये देने का वादा किया था। प्यारी बहनों को 2,100 रुपये देने का वादा किया था, लेकिन आज भी केवल रु। 1,500 रुपये की राशि प्यारी बहनों को दी जा रही है। इसके विपरीत लाडली बहन योजना से 10 लाख बहनों के नाम काट दिए गए हैं।

बजट में किसान कर्ज माफी पर एक भी शब्द नहीं है। सपकाल ने यह भी कहा कि लगातार मोदी-शाह का गुणगान करने वाले ट्रिपल इंजन सरकार के नेताओं को दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से राज्य के लिए विशेष पैकेज लाना चाहिए।

# पाकिस्तान की बची इज्जत भी जाएगी

## बलूचिस्तान में चीनी सेना पर भड़के पाकिस्तानी कहा- बलूचों का साथ देने आ रहा भारत

इस्लामाबाद, 29 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान पिछले कुछ दिनों से जबर्दस्त हिंसा की चपेट में है। देश के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में सशस्त्र चरमपंथी संगठनों ने पाकिस्तानी सेना और सुरक्षाबलों के खिलाफ बड़े हमले किए हैं। इसमें इसी महीने बलूचिस्तान में ट्रेन हाईजैक की घटना प्रमुख है, जिसे अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने अंजाम दिया था। इस बीच बीएलए ने पाकिस्तानी सेना और चीन को बलूचिस्तान से निकल जाने की धमकी दी है। चीन की सीपीईसी परियोजना को अवैध कब्जा बताया और इसे बर्बाद करने की धमकी दी है। अब पाकिस्तान में चर्चा है कि चीन अपने हितों की रक्षा के लिए बलूचिस्तान में अपनी फोर्स तैनात करने करने जा रहा है।

**भारत की बताई राह पर न चलने का नतीजा**

चीन की इस योजना को लेकर पाकिस्तानी यूट्यूबर सना अमजद ने वहां के लोगों से बात की है। इस दौरान अली अकबर नाम के



एक पाकिस्तानी ने बताया कि आज भारत की बात साबित हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत पहले दिन से ही सीपीईसी का विरोध कर रहा है और उसने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी थी। भारत ने सुरक्षा चिंताओं को लेकर भी आगाह किया था, लेकिन पाकिस्तान नहीं माना और आज भुगत रहा है।

अकबर ने कहा कि पाकिस्तान ने बलूचिस्तान के ऊपर बहुत अत्याचार किया है और वो लावा धीरे-धीरे फूटकर ऊपर आ गया है। आज एक औरत (महरंग बलूच) ने पूरे पाकिस्तान में खलबली मचा दी है। जब एक बलूच औरत खड़ी होती है तो उसके पीछे सभी बलूच खड़े होते हैं। उन्होंने पाकिस्तानी सरकार को सलाह दी कि वह अभी भी जाग जाए और बलूचिस्तान के मसले को सही तरीके से हैंडल करे।

**भारत करेगा बलूचों की मदद**

उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान ने बलूचों के खिलाफ जंग शुरू की तो आज नहीं तो कल भारत उनका साथ देगा या फिर ईरान उनके साथ आएगा। अकबर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने चीन को भी धोखा दिया है। 'हमने उनसे झूठ बोला कि सुरक्षा का कोई मसला नहीं है, हम सब संभाल लेंगे। पाकिस्तान पर भरोसा करके चीन ने भारी निवेश कर दिया, लेकिन अब उनको समझ आ गया है कि वे यहां फंस गए हैं।' अकबर ने कहा कि बलूचिस्तान के लोग पाकिस्तान को अपना देश मानते ही नहीं हैं। बलूचिस्तान के स्कूलों में तो पाकिस्तान का राष्ट्रगान तक नहीं पढ़ाया जाता। जब उनसे भारत पर असर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि भारत पर कोई असर नहीं होगा, क्योंकि वो बहुत आगे की सोचकर चल रहा है। इसका असर पाकिस्तान पर ही होगा। आखिर हमें चीनी फोर्स की क्या जरूरत है। चीनी फोर्स का आना पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ी बदनामी होगी कि हमारे सुरक्षाबलों में क्षमता नहीं है। सरकार को पाकिस्तानी लोगों को ही सुरक्षा में रखना चाहिए।

इससे पाकिस्तानी लोगों को रोजगार भी मिलेगा और मुल्क की इज्जत भी बनेगी।

# इजरायल और तुर्की में बढ़ रहा तनाव

## यह मुस्लिम देश बन सकता है जंग का मैदान 'खलीफा' एर्दोगन के कदम से भड़के नेतन्याहू




तेल अवीव, 29 मार्च (एजेंसियां)। इजरायल और तुर्की के बीच तनातनी एक बार फिर बढ़ रही है। इसकी वजह दोनों का पड़ोसी देश सीरिया बन रहा है। इजरायली सैन्य अधिकारियों का कहना है कि तुर्की की ओर से सीरिया में एयरबेस पर उपस्थिति बढ़ाई जा रही है। इस पर इजरायली सेना और सरकार ने अपनी चिंता जताई है। इजरायल को लगता है कि सीरिया में तुर्की की बढ़ती सैन्य उपस्थिति उसकी सुरक्षा के लिए खतरे का सबब बन सकती है। दरअसल सीरिया में राजनीतिक अस्थिरता के बीच दोनों देश अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश में हैं, जो तनातनी की वजह बन रहा है।

द वॉर जोन ने इजरायली फोर्स (आईडीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया है कि तुर्की की सीरिया की नई सरकार के साथ एक सुरक्षा समझौते पर बातचीत चल रही है। इजरायल को लगता है कि इस समझौते के तहत तुर्की के F-16 जैसे फाइटर जेट सीरिया में आ सकते हैं। आईडीएफ अधिकारी के अनुसार सीरिया के पलमायरा में तुर्की वायु सेना का बेस बनने से क्षेत्रीय तनाव बढ़ेगा। पलमायरा जैसी रणनीतिक सजगह पर तुर्की की सैन्य उपस्थिति इजरायल की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है। आईडीएफ अधिकारी ने कहा कि हाल ही में इजरायल ने पलमायरा के पास टी-4 एयरबेस सहित क्षेत्र में सैन्य बुनियादी ढांचे पर हवाई हमले किए हैं। इस कार्रवाई का उद्देश्य सीरियाई शासन को निशाना बनाना नहीं बल्कि तुर्की को इन रणनीतिक क्षेत्रीय संपत्तियों का उपयोग करने से रोकना है। उन्होंने कहा कि इजरायली और तुर्की सेनाओं के बीच यहां सीधा टकराव नहीं हुआ है लेकिन स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। सीरियन नॉर्थ प्रेस एजेंसी ने बताया है कि तुर्की उत्तरी सीरिया में भी एक बेस बना रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तुर्की की सेना ने हाल के दिनों में उत्तरी अलेप्पो स्थित मेनाग सैन्य हवाई अड्डे के अंदर सैन्य बेस का निर्माण शुरू कर दिया है।

# रक्षा मंत्री महिलाओं के युद्धक्षेत्र में जाने के खिलाफ

## फिटनेस और सैन्य नियमों में समीक्षा की पहल

वाशिंगटन, 29 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना में लड़ाई के लिए जरूरी फिटनेस और शारीरिक बनावट के नियमों की समीक्षा करने का फैसला किया है। इससे अलग-अलग सेनाओं (थल, जल, वायु) के नियमों में अंतर को लेकर बहस शुरू हो सकती है। सवाल यह है कि क्या सभी के लिए एक जैसे नियम होने चाहिए या फिर भर्ती और समाज के बदलते नियमों के हिसाब से बदलाव होने चाहिए?

बता दें कि पूर्व सैन्य अधिकारी पीट हेगसेथ महिलाओं के युद्ध क्षेत्र में जाने के खिलाफ रहे हैं। उनका मानना है कि महिलाओं को शामिल करने के लिए सेना के फिटनेस मानकों को आसान बनाया गया।

वह चाहते हैं कि पुरुष और महिलाएं दोनों के लिए एक ही तरह के सख्त नियम लागू किए जाएं। रक्षा विभाग इस पर समीक्षा कर रहा है और आगे बदलाव



किए जा सकते हैं।

**अमेरिकी सेना को और मजबूत करने पर जोर**

बीते 12 मार्च को भेजे गए एक ज्ञापन में हेगसेथ ने इस मामले में इरादे पूरी तरह से साफ कर दिए। उन्होंने कहा कि सेना के शारीरिक फिटनेस, शरीर की संरचना से जुड़े सभी मानकों पर जानकारी इकट्ठा की जाए, जिसमें दाढ़ी भी शामिल हो, लेकिन केवल दाढ़ी तक ही सीमित नहीं। उनका कहना था कि हमें ऐसे मानक बनाए रखने चाहिए जो हमारी सेना को मजबूत बनाए रखें, ताकि सेना दुनिया की सबसे प्रभावी लड़ाकू सेना बनी रहे।

देखा जाए तो हेगसेथ की ये समीक्षा खासकर उन महिलाओं के लिए चिंता का कारण है जो फ्रंटलाइन पर वर्षों से काम कर रही हैं। ज्ञापन में 2015 के बाद हुए मानक परिवर्तनों की समीक्षा की गई है, जब महिलाओं के लिए सेना के सभी विभाग में नौकरियां खोल दी गई थी।

हालांकि रक्षा मंत्री हेगसेथ के सेना का समीक्षा करने के इस फैसले के बाद सवाल ये खड़ा हो रहा है कि क्या सभी सैन्य परीक्षणों को समान बनाया जाएगा या फिर लिंग और उम्र के आधार पर अलग-अलग मानक बनाए जाएंगे।

गौरतलब है कि अमेरिका में अभी के नियमों के अनुसार उम्र और लिंग के आधार पर फिटनेस परीक्षणों को नंबर दिया जाता है। इस बदलाव से भर्ती और सैनिकों को रखने में मुश्किल हो सकती है, क्योंकि उन्हें अचानक कठिन मानकों को पूरा करने के लिए कहा जा सकता है।

# चीन 'नाकारा' ओली और प्रचंड को कुर्सी से करेगा बर्खास्त

काठमांडू, 29 मार्च (एजेंसियां)। नेपाल की दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों के ऊपर से जनता का भरोसा हट गया है। जिसका फायदा नेपाली कांग्रेस और राजशाही का समर्थन करने वाली पार्टी को मिला है, जो देश मे संवैधानिक राजशाही और हिंदू राष्ट्र की वापसी चाहते हैं। जाहिर तौर पर चीन ऐसा नहीं चाहेगा। चीन ने पिछले कुछ सालों में लगातार नेपाल की दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों को एक करने की कोशिश की है। उसने नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी केंद्र (सीपीएन-एमसी) को फिर से एक साथ लाने के लिए कड़ी मेहनत की है। लेकिन दोनों पार्टियों के प्रमुखों खड्ग प्रसाद शर्मा ओली और सीपीएन-एमसी के पुष्प कमल दहल प्रचंड के बीच की अहंकार की लड़ाई ने चीन को कोशिशों पर हमेशा से पानी फेरा है। चीन की वजह से ही पहली बार 2017 में दोनों पार्टियों में संसदीय चुनावों से एक दिन पहले गठबंधन की घोषणा की थी और दोनों पार्टियों ने मिलकर चुनाव लड़ा था। जिससे उन्हें निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) और सात प्रांतीय विधानसभाओं में से छह में बहुमत हासिल हुआ। ये दोनों पार्टियों की प्रचंड जीत थी। इसके बाद मई 2018 में दोनों पार्टियों का औपचारिक रूप से एक नई इकाई, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) में विलय हो गया। ओली और दहल नई पार्टी के सह-अध्यक्ष थे जबकि ओली ने प्रधानमंत्री का पद भी संभाला हुआ था। कुछ ही समय में बाद दोनों नेताओं के बीच फिर से मतभेद शुरू हो गये। सत्ता के बंटवारे को लेकर तय किया गया था कि दोनों आधे आधे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। लेकिन ओली ने अपने कार्यकाल के बाद ऐसा करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद पार्टी टूट गई। मार्च 2021 में एनसीपी को भंग कर दिया गया।

# गाजा में जोरदार प्रदर्शन और इजरायल की जोरदार बमबारी के बाद झुका हमास

## बंदियों को रिहा करने को तैयार

तेल अवीव, 29 मार्च (एजेंसियां)। इजरायली सेना की जोरदार बमबारी और गाजा में हमास विरोधी प्रदर्शनों के बाद यह फलस्तीनी गुट इजरायल के कई बंदियों को ईद पर रिहा करने के लिए तैयार हो गया है। इन बंदियों में अमेरिकी नागरिक और इजरायली सेना का सैनिक इडान अलेक्जेंडर भी शामिल है। इसके बदले में हमास के आतंकी चाहते हैं कि अगले कुछ दिनों के लिए सीजफायर का ऐलान कर दिया जाए। इजरायली मीडिया कान ने इसकी जानकारी दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि हमास के खिलाफ गाजा में जोरदार विरोध प्रदर्शन चल रहा है और इसको कुचलने के लिए वह सीजफायर चाहता है। इस नए समझौते में कतर और अमेरिका से व्यापक बातचीत की भी शर्त रखा गया है।

इससे पहले अमेरिका ने कतर के जरिए हमास के पास कड़ा संदेश भेजा था और अलेक्जेंडर को रिहा करने के लिए कहा था। कतर




ने इसके बारे में हमास को ट्रंप का संदेश भेज दिया था। इससे पहले हमास ने आरोप लगाया था कि इजरायल अमेरिका के सीजफायर के प्रस्ताव से पीछे हट रहा है। उसने यह भी कहा था कि वह अलेक्जेंडर को रिहा कर देगा। अलेक्जेंडर को हमास ने किसी सुरंग में रखा है जहां न तो सूरज की रोशनी जा रही है और न समुचित हवा। अलेक्जेंडर की सेहत बहुत खराब है। इससे पहले दक्षिणी गाजा के निवासियों की एक सभा ने हमास शासन के खिलाफ एक व्यापक विरोध प्रदर्शन की अपील करते हुए 28 मार्च को 'आक्रोश का शुक्रवार' घोषित किया था। गुट ने हमास को चेतावनी दी कि अगर वे इस आंदोलन को दबाने की कोशिश करेंगे तो उसका कड़ा प्रतिरोध किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में हजारों फिलिस्तीनी गाजा की सड़कों पर उतर आए और हमास के खिलाफ अपना गुस्सा व्यक्त किया। यह विरोध प्रदर्शन उन क्षेत्रों में हुआ है, जहां युद्ध और तबाही की स्थिति बनी हुई है।

हमास की सैन्य शाखा की ओर से दी गई चेतावनियों के बावजूद, प्रदर्शनकारी अपनी सुरक्षा को जोखिम में डालकर खुलेआम विरोध कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शनों का मुख्य केंद्र गाजा के कई प्रमुख इलाके थे, जैसे जबलिया, बेत लाहिया, नुसेरत, खान यूनिस, गाजा सिटी और देइर अल-बलाह कैंप। इन प्रदर्शनों को दक्षिणी गाजा सभा ने अपना समर्थन दिया। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें प्रदर्शनकारी युद्धग्रस्त क्षेत्रों के मलबे से मार्च करते हुए और 'हमास बाहर', 'अल जजीरा बाहर', 'हमास आतंकवादी हैं' और 'लोग हमास को उखाड़ फेंकना चाहते हैं' जैसे नारे लगा रहे हैं। कुछ रिपोर्टों में यह भी कहा गया कि डंडों से लैस नकाबपोश लोग, (जो कथित हमास के कार्यकर्ता थे), विरोध प्रदर्शनों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

# टीएसपीसी के नाम पर लेवी वसूली करने वाले 3 गिरफ्तार

## क्रशर और माइंस संचालकों को धमकाते थे, देसी कट्टा और खिलौना बंदूक बरामद

पलामू, 29 मार्च (एजेंसियां)। गढ़वा जिले में पुलिस ने टीएसपीसी नक्सली संगठन के नाम पर लेवी वसूलने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य सरगना शाहीद अंसारी है, जो खुद को टीएसपीसी एरिया कमांडर पंकज बताता था। उसके साथ भंडरिया के नौका निवासी अशोक सिंह और डंडा छपरदागा के मकदस अंसारी को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपियों से एक देसी कट्टा, टॉय बंदूक, लूटे गए मोबाइल, नक्सली पर्चा, चितकबरा वर्दी और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। गढ़वा एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि रंका थाना क्षेत्र के गासेदाग क्रशर और माइंस के पास तीनों अपराधी मौजूद हैं।

# चीन में अच्छा दोस्त देखना हमारे लिए अहम

## मोहम्मद यूनुस बोले- रिश्ते और बेहतर होने की आस

बीजिंग, 29 मार्च (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर कहा कि उनके देश के लिए चीन को एक अच्छे मित्र के रूप में देखना 'महत्वपूर्ण' है और उन्हें उम्मीद है कि ढाका और बीजिंग के बीच संबंध एक नए चरण में प्रगति करेंगे। मोहम्मद यूनुस ने आगे कहा कि, 'हमारा रिश्ता वर्षों से बहुत मजबूत रहा है। हमारा व्यापारिक सहयोग अच्छा है और हम चीन के साथ साझेदारी से लाभान्वित हो रहे हैं।'

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए चीन से अधिक निवेश की मांग की। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है। मोहम्मद यूनुस और शी जिनपिंग



की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें आर्थिक और तकनीकी सहयोग, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में साझेदारी, जल संसाधन प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण में सहयोग शामिल है।

इसके अलावा, तीस्ता नदी प्रबंधन परियोजना में चीनी कंपनियों के शामिल होने का भी स्वागत किया गया। बता दें कि, पहले की शेख हसीना सरकार इस परियोजना को भारत के सहयोग से पूरा करना चाहती थी, लेकिन अब चीन इसमें भूमिका निभाने को तैयार है।

मौजूदा समय में एक हजार से अधिक चीनी कंपनियां बांग्लादेश में काम कर रही हैं। चीन से बांग्लादेश का आयात लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश के कई मरीज इलाज के लिए भारत जाते हैं, लेकिन अब चीन इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। वहीं चटगांव से चीन के कुनमिंग शहर के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि बांग्लादेशी मरीज चीन में इलाज करा सकें।

मोहम्मद यूनुस अब थाईलैंड में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की इच्छा जताई है, लेकिन अभी भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# एक शॉट और 100 दुश्मन ड्रोन राख

## अमेरिका ने बनाया 'क्रांतिकारी' एचपीएम वेपन, युद्ध के मैदान का बदल जाएगा नक्शा

वॉशिंगटन, 29 मार्च (एजेंसियां)। हालिया समय में युद्ध क्षेत्र में ड्रोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। ड्रोन को एक अचूक हथियार की तरह पेश किए जाने के बीच अमेरिकी कंपनी ने बड़ा दावा किया है। कैलिफोर्निया के टोरेंस शहर स्थित कंपनी एपिरस ने खास हथियार बनाया है। यह एक हाई-पावर माइक्रोवेव (एचपीएम) वेपन है, जिसे लियोनिडस नाम दिया गया है। यह हथियार ड्रोन को मार गिराने के लिए तैयार किया गया है। कंपनी का दावा है कि इससे एक बार में ही 100 ड्रोन के झुंड को गिराया जा सकता है। ये दावा सही साबित होता है तो दुनियाभर में युद्ध के तरीके में बदलाव देखने को मिल सकता है।

यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, लियोनिडस एक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक पल्स छोड़ता है, जिससे ड्रोन निष्क्रिय हो जाते हैं। यह हथियार अलग-अलग ड्रोन या एक साथ कई ड्रोन को निशाना बना सकता है। ड्रोन के खतरे से निपटने के लिए बना लियोनिडस सिस्टम को स्टार ट्रेक-स्टाइल शील्ड जैसा बताया जा रहा है। यह ना केवल ड्रोन को मार सकता है, बल्कि जमीन पर चलने वाले वाहनों और समुद्री जहाजों के इलेक्ट्रॉनिक्स को भी अटैक कर सकता है। अमेरिकी कंपनी का कहना है कि युद्ध के बदले तरीके में ड्रोन बड़ा खतरा बन गए हैं। मिसाइल या एंटी-एयरक्राफ्ट गन जैसे हथियार ड्रोन से निपटने में कारगर नहीं हैं क्योंकि ड्रोन बहुत तेजी से उड़ते हैं और उनकी संख्या ज्यादा होती है। लियोनिडस सिस्टम डायरेक्टेड एनर्जी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए ड्रोन से पार पाता है। इससे कई ड्रोन को एक साथ मारा जा सकता है। यह बार-बार और कम खर्च में काम कर सकता है।

# पुतिन ने लांच किया 'समुद्र में छिपा दैत्य'

## परमाणु पनडुब्बी की ताकत देख घबराई दुनिया, किसी भी देश में ला सकती है प्रलय

मॉस्को, 29 मार्च (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मरमंस्क के आर्कटिक बंदरगाह पर हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों से लैस और परमाणु ऊर्जा से चलने वाली यासेन-एम क्लास की पनडुब्बी को लॉन्च कर दिया है। इसके साथ ही रूसी नेवी की शक्ति कई गुना और बढ़ गई है। 27 मार्च को पनडुब्बी लॉन्च करने के बाद पुतिन ने कहा कि ये पनडुब्बी आवाज की रफ्तार से पांच गुना ज्यादा तेजी से हमला करने वाली जिरकॉन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस है। उन्होंने रूस की नौसेना के लिए इसे मील का पत्थर बताया



है। रूस ने यासेन-एम क्लास पनडुब्बियों के निर्माण की शुरूआत 2016 में शुरू की थी और ये पांचवीं पनडुब्बी रूसी सेना को सौंप दी गई है। व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि अगले साल से ये पनडुब्बी ऑपरेशनल हो जाएगी।

व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की है कि यासेन-एम क्लास की पनडुब्बियां आधुनिक नेविगेशन, कम्युनिकेशन और हाइड्रोएकॉस्टिक सिस्टम से लैस हैं। ये पनडुब्बी अत्यधिक सोफिस्टिकेटेड हथियार ले जा सकती है और रोबोट टेक्नोलॉजी को इसमें शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पनडुब्बी का नाम पर्म है, जो जिरकॉन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों को ले जाने वाली पहली बहुउद्देशीय पनडुब्बी बन गई है। रूसी नौसेना के लिए ये एक बेहतरीन डिजाइन और एडवांस क्षमताओं वाली मल्टीरोल पनडुब्बी है। यासेन-एम क्लास पनडुब्बी को सेंट पीटर्सबर्ग में समुद्री इंजीनियरिंग के मालाखित डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है और इसे सेवमाश शिपयार्ड में बनाया गया है।

पनडुब्बी में डबल-हल डिजाइन को भी रखा गया है, जिसमें बाहरी पतवार फोरबॉडी में और सुपरस्ट्रक्चर मिसाइल-पिट क्षेत्र में है। इसके अलावा शोर को कम करने और सोनार प्रतिबिंब को कम करने के लिए पनडुब्बी के बॉडी को रबर से ढका गया है। जिससे इससे निकलने वाली आवाज और समुद्र में फैलने वाली तरंग भी काफी कम हो जाती है।



# तेजाजी की मूर्ति तोड़े जाने पर भड़के हनुमान बेनीवाल
## एसपी ने प्रदर्शनकारियों को दी ये चेतावनी



जयपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर के सीएम भजनलाल के विधानसभा क्षेत्र में वीर तेजाजी मंदिर की मूर्ति तोड़ने की घटना के बाद बवाल मचा गया है। हजारों लोगों सड़को पर नारेबाजी की और टायर जलाकर विरोध जताया। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मूर्ति खंडित किए जाने के विरोध में शनिवार सुबह सैकड़ों श्रद्धालु और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने जयपुर-टोंक रोड पर जाम लगाया और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस और प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

### सांसद हनुमान बेनीवाल की सख्त चेतावनी

जयपुर में प्रताप नगर के सेक्टर 3 में लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ने की जानकारी संज्ञान में आई, मैंने जयपुर पुलिस कमिश्नर से मूर्ति को तोड़ने वाले बदमाशों का शीघ्रता से पता लगाकर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने के संदर्भ में बात की है, असामाजिक तत्वों द्वारा ऐसी हरकत करना जन -आस्था के साथ खिलवाड़ है, लाखों -करोड़ों लोगों की आस्था तेजाजी में है और आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### विश्व हिंदू परिषद ने पुलिस को दिया अल्टीमेटम

वहीं, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विष्णु शर्मा ने बताया कि यह तेजाजी का मंदरि वर्षों पुराना स्थान है, इसकी आस्था हिंदू समाज के लाखों लोगों में है। यहां हर साल मेला भरता है। उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने तेजाजी की मूर्ति को खंडित किया है। इससे लोगों की धार्मिक भावना आहत हुई है, इसलिए विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम किया है। जब तक पुलिस प्रशासन की ओर से ठोस आश्वासन नहीं मिलता, लोग सड़कों पर रहेंगे। हमने इसके लिए पुलिस प्रशासन को 12 घंटे का अल्टीमेटम दिया है, वहीं पुलिस ने भी 12 घंटे का समय दिया है।

### पुलिस खंगाल रही है आसपास के सीसीटीवी फुटेज

बताते चले कि स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस ने पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। जयपुर पुलिस ने कहा कि हम मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर भी सतर्कता बरती जा रही है।

एसपी तेजस्विनी गौतम ने धरनास्थल पहुंचकर लोगों से समझाइश की। उन्होंने कहा कि जिन्होंने भी यह कृत्य सोच-समझकर किया है या फिर असमाजिक तत्वों ने ऐसा किया है, उन्हें जल्द ही पकड़ा जाएगा। एसपी ने हंगामा कर रहे लोगों से कहा कि सबसे पहले आप धरनास्थल से हटो, जिससे हम आरोपियों को पकड़ने में पूरा ध्यान फोकस कर सकें। साथ ही लोगों की मांग पर उन्होंने कहा कि जल्द ही तेजाजी की ऐसी ही प्रतिमा की स्थापना की जाएगी।

### शहर में बढ़ा तनाव, सांगानेर में बाजार बंद

घटना के विरोध में सांगानेर क्षेत्र में कई संगठनों ने प्रदर्शन किया और प्रताप नगर सेक्टर-3 के बाजार भी बंद कर दिए गए। पिंजरापोल गौशाला के सामने से और सांगानेर पुलिया के नीचे से ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया है। स्थानीय लोगों ने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन लगातार प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास कर रहा है।

# सीएम भजनलाल की सुरक्षा में 'शहीद' को मिला सम्मान
## एएसआई के परिजनों को मिली 2.17 करोड़ की सहायता राशि

जयपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)। जयपुर में राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा के काफिले में हादसे के दौरान ASI सुरेंद्र सिंह शहीद हो गए थे। अब राजस्थान सरकार ने उनके परिवार को 2.17 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। परिवारजनों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार ने हरसंभव सहायता देकर उनके प्रति संवेदनशीलता दिखाई है।



### परिवार को मिला सरकार का साथ

भजनलाल सरकार ने शहीद ASI सुरेंद्र सिंह के परिवार को 2.17 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी है। परिवार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने न केवल भावनात्मक सहयोग दिया, बल्कि वित्तीय सहायता देकर भी उनका संबल बढ़ाया।

परिवारजनों ने जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ के माध्यम से मुख्यमंत्री को धन्यवाद संदेश भेजते हुए कहा कि हम इस कठिन समय में मुख्यमंत्री जी के सहयोग के लिए कृतज्ञ हैं। उन्होंने हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है और पुलिसकर्मियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता जाहिर की है।

### एनआरआई चौराहे पर कैसे हुई थी दुर्घटना?

बताते चलें कि घटना जयपुर के NRI चौराहे की है, जब राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का काफिला वहां से गुजर रहा था। तभी अचानक एक तेज रफ्तार टैक्सी काफिले के बीच घुस आई। इस दौरान ASI सुरेंद्र सिंह ने बिना अपनी जान की परवाह किए टैक्सी को रोकने का प्रयास किया, लेकिन इसी बीच काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गईं और उनकी चपेट में सुरेंद्र सिंह भी आ गए थे।

इस हादसे के बाद उन्हें तुरंत जीवन रेखा अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एसएमएस अस्पताल से डॉक्टरों की टीम भी पहुंची। लेकिन सिर पर लगी गहरी चोटों की वजह से उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### कौन थे जांबाज एएसआई सुरेंद्र सिंह?

सुरेंद्र सिंह राजस्थान पुलिस के ट्रैफिक विभाग में तैनात थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। उनकी पत्नी संस्कार स्कूल, वैशाली नगर में शिक्षिका हैं। बेटा हाल ही में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुका है। उनके पिता भारतीय सेना में कैप्टन रह चुके हैं और अब सेवानिवृत्त हैं। सुरेंद्र सिंह का पैतृक गांव अलवर जिले में स्थित है।

# गुजरात मॉडल को राजस्थान सरकार मानती है फेल
# आखिर अशोक गहलोत ने क्यों कही ये बात

जयपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार लगातार अशोक गहलोत सरकार की योजनाओं को रद कर रही है। भजनलाल सरकार ने कांग्रेस सरकार में गठित 12 नगर पालिकाओं को निरस्त कर फिर से ग्राम पंचायत में बदल दिया है। इन सभी नगर पालिकाओं का गठन जनजातीय उप योजना क्षेत्र में किया गया था। इस मामले पर पूर्व सीएम व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने राजस्थान की भाजपा सरकार पर तंज कसा। अशोक गहलोत ने कहाकि देश में संभवतः पहला उदाहरण होगा जिसमें विकास के क्रम में भजनलाल सरकार उल्टी दिशा में चल रही है।



### गुजरात में नए नगर निगम से शहरी विकास हुआ तेज

पूर्व सीएम व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट X पर लिखा कि जनवरी, 2025 में गुजरात सरकार ने वहां नगर निगमों की संख्या बढ़ाते हुए 9 नए नगर निगम बनाए। जिसकी वजह शहरी विकास को तेज करना बताया गया।

### गुजरात मॉडल को पूरी तरह फेल मानती है राजस्थान सरकार

अशोक गहलोत ने आगे लिखा कि गुजरात मॉडल को भाजपा सरकारें आदर्श मानती हैं। परन्तु राजस्थान की भाजपा सरकार इस गुजरात मॉडल को पूरी तरह फेल मानती है।

### विकास के क्रम में उल्टी दिशा में चल रही है भजनलाल सरकार

अशोक गहलोत ने लिखा कि इसलिए ही यहां सुनियोजित शहरी विकास के लिए जनसंख्या के अनुपात में हमारी सरकार के दौरान बनाए गए नगर निगमों, नगर पालिकाओं की संख्या को घटाया जा रहा है। ऐसा देश में संभवतः पहला उदाहरण होगा जिसमें विकास के क्रम में सरकार उल्टी दिशा में चल रही है।

# भाजपा सरकार पर भंवर जितेंद्र सिंह का तीखा हमला
## बोले- डबल इंजन सरकार का एक भी इंजन नहीं चल रहा

अलवर, 29 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में एक भी इंजन ठीक से नहीं चल पा रहा है। बीजेपी राज में पुलिस की एक नई दुकान खुल गई है, जो लोगों से जबरन पैसे वसूल रही है।

भंवर जितेंद्र सिंह ने अपने आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि जब सरकार में खुद बीजेपी के नेता ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता का क्या होगा? उन्होंने कहा कि जब से डबल इंजन की सरकार आई है, तब से अपराधों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। चोरी, बलात्कार और पुलिस-प्रशासन द्वारा खुली लूट जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि अब तो बिजली कनेक्शन लेने तक के लिए रिश्वत देनी पड़ रही है। उन्होंने कहा- ऐसा भ्रष्ट शासन मैंने पहले कभी नहीं देखा। भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा में बीजेपी सरकार की पोल खोलने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सिर्फ जाति और धर्म की राजनीति कर रही है और समाज को बांटने के लिए अलग-अलग मुद्दे खड़े किए जा रहे हैं। जब जरूरत होती है तब बीजेपी नेताओं को अपने राजनीतिक फायदे के लिए जाति और धर्म की याद आती है।



उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि वर्षों पहले घोषित की गई ईआरसीपी योजना अब तक धरातल पर क्यों नहीं आई? उन्होंने कहा कि बीजेपी सिर्फ जुमलेबाजी में लगी हुई है लेकिन जनता अब उनके झूठे वादों को पहचान चुकी है।

भू-माफियाओं के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि विधानसभा में कांग्रेस नेताओं ने बीजेपी सरकार को घेरने का काम किया है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कई अहम मुद्दे उठाए हैं लेकिन बीजेपी के कुछ प्रभावशाली नेताओं की वजह से आम जनता को न्याय के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है।

साइबर ठगी को लेकर उन्होंने कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और उन्हें सख्त सजा मिलनी चाहिए लेकिन सरकार में अब एक नई दुकान चल पड़ी है, जिसमें साइबर ठगों से मिलकर निर्दोष लोगों से अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने मांग की कि इस तरह की गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाई जाए।

## पड़ोसी से वाहन पार्किंग के विवाद में टैक्सी ड्राइवर की हत्या

अजमेर, 29 मार्च (एजेंसियां)। चौरसियावास ईदगाह कॉलोनी में वाहन पार्किंग को लेकर पड़ोसी से हुए विवाद में टैक्सी ड्राइवर की हत्या कर दी गई। हमलावरों ने बीच बचाव में आए मृतक की पत्नी व बेटे के साथ भी मारपीट की। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर पड़ताल में जुटी है। पुलिस के अनुसार चौरसियावास रोड ईदगाह निवासी साजन काठात विद्युत वितरण निगम में टैक्सी चालक था। पड़ोसी सांवरा काठात ने पहले से रास्ते में वाहन खड़ा कर रखा था। साजन ने उसे वाहन हटाने के लिए कहा तो विवाद बढ़ गया। कहासुनी में सांवरा के परिजन ने साजन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव में आए साजन के बेटे सिकन्दर के साथ भी हमलावरों ने मारपीट की। मृतक की पत्नी रशीदा ने बताया कि हमलावरों ने उसके पति के सिर में लकड़ी के फंटे, सरिए और पत्थर से हमला किया।

# महाराजा सूरजमल बृज विवि के कुलपति रमेश चंद्र को राज्यपाल ने किया निलंबित

भरतपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश चंद्र को राजकीय परामर्श और जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित कर दिया गया है। इस निर्णय के पीछे विश्वविद्यालय में नियुक्तियों में फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं।



संभागीय आयुक्त भरतपुर द्वारा 18 मार्च 2025 के प्रेषित जांच रिपोर्ट में प्रो. रमेश चंद्र के विरुद्ध प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाए गए। जांच रिपोर्ट के अनुसार, कुलपति पर यह आरोप था कि उन्होंने बृज विश्वविद्यालय में नियुक्तियों के संबंध में अवैध और अनुचित प्रक्रिया अपनाई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि विश्वविद्यालय में चल रहे कार्यों में भ्रष्टाचार की कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिन पर छात्र संगठन द्वारा निरंतर विरोध प्रदर्शन और राज्यपाल को लिखित में शिकायतें दर्ज कराई जा रही थीं।

राजस्थान राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से इस मामले में आवश्यक कदम उठाते हुए कुलपति प्रो. रमेश चंद्र को निलंबित कर दिया। यह कदम उन आरोपों की पुष्टि के बाद उठाया गया, जिनका संबंध बृज विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार और अवैध नियुक्तियों से था। गत दिनों राज्यपाल हरिभाऊ किशन राव बागडे, डीग स्थित विश्वविद्यालय का निरीक्षण करते समय घटना स्थल पर मौजूद थे, जहां कुलपति और एक पूर्व छात्र नितेश चौधरी के बीच विवाद हो गया। इस दौरान एबीवीपी के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी।

प्रो. रमेश चंद्र को आठ मार्च 2023 को राजभवन के आदेशानुसार कुलपति नियुक्त किया गया था। हालांकि, छात्र संगठनों द्वारा बार-बार उठाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद स्थिति ऐसी हो गई कि इस विषय पर विस्तृत जांच की आवश्यकता महसूस की गई। एक जनवरी 2025 को संभागीय आयुक्त भरतपुर को एक निर्देशित पत्र के आधार पर संबंधित शिकायतों की जांच हेतु कार्रवाई शुरू की गई।छात्र संगठन लगातार कुलपति पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

इन आरोपों के आलोक में राज्यपाल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रो. रमेश चंद्र को निलंबित कर दिया है, जिससे विश्वविद्यालय में चल रही प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर भी प्रश्न चिह्न लग गया है। अभी इस मामले में विस्तृत जांच चल रही है और आगे की कार्रवाई हेतु संबंधित जांच समिति की कार्रवाई भी प्रासंगिक मानी जा रही है।

# 3 शहरों में बनेगी रिंग रोड, अप्रेल में होंगे डीपीआर के आदेश

जयपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की। दिया कुमारी ने बताया कि जयपुर, जोधपुर और उदयपुर रिंग रोड की डीपीआर के आदेश अगले महीने हो जाएंगे। आगामी वर्ष में 5 हजार करोड़ रुपए के कार्य वार्षिक योजना में लिए जाएंगे। सीआरआइएफ में भी 1500 करोड़ रुपए की राशि मिलेगी। भरतपुर रिंग रोड, एलिवेटेड रोड, ब्रज चौरासी परिक्रमा, जयपुर-जोधपुर-पचपदरा रोड की डीपीआर का कार्य शुरू होगा। खाटूश्यामजी रिंग रोड एवं सुविधा विकसित करने के लिए डीपीआर के कार्य आदेश जल्द दिए जाएंगे।

### नितिन गड़करी से मिलीं दिया कुमारी



डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने बताया कि बैठक में जयपुर रिंग रोड, जोधपुर रिंग रोड, उदयपुर रिंग रोड आदि की डीपीआर के आदेश अगले महीने जारी किए जाएंगे। जैसलमेर और बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-70 और राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के मौजूदा कनेक्शन को मजबूत और चौड़ा किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के म्याजलार-जैसलमेर खंड और मुनाबाव-तनोट के सुंदरा म्याजलर अंबासिंह की ढाणी रोड भाग को पक्की सड़क के साथ 2-लेन का मजबूत और चौड़ा करने के लिए 1237.71 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष में राजस्थान के 5 हजार करोड़ के कार्य वार्षिक योजना में शामिल किए जाएंगे। सीआरआईएफ. योजना में प्रदेश को 1500 करोड़ रुपए मिलेंगे। भरतपुर रिंग रोड, एलिवेटेड रोड, और ब्रज चौरासी परिक्रमा तथा जयपुर-जोधपुर-पचपदरा रोड की डीपीआर के कार्य अगले महीने शुरू होंगे।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने आगे बताया कि जयपुर-सीकर रोड का कार्य तेज गति से पूर्ण किया जाएगा तथा खाटू श्याम जी रिंग रोड एवं अन्य सुविधा विकसित करने के लिए डीपीआर के कार्य आदेश जल्द दिए जाएंगें। जयपुर—किशनगढ़ हाईवे के सुदृढ़ीकरण के लिए डीपीआर तैयार की जाएगी।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने बताया कि जयपुर से दिल्ली और दिल्ली से जयपुर आने जाने वाले यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जुलाई तक पुराने हाईवे के कार्य को पूरा कर दिया जाएगा।

# साइक्लोनर टीम को मिली बड़ी सफलता
## मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त 2 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

जोधपुर, 29 मार्च (एजेंसियां)। जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम ने ऑपरेशन टटपुंजिया के तहत दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये तस्कर इतने शातिर थे कि झारखंड से राजस्थान तक मादक पदार्थों की आपूर्ति में उनका कभी नाम तक सामने नहीं आया। पुलिस ने एक तस्कर को गुजरात पुलिस के हवाले किया गया है तो वहीं दूसरे को मध्यप्रदेश पुलिस के हवाले किया जा सकता है।

जोधपुर पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के किंगपिन एवं बड़े सूत्रधार दिनेश कुमार और मांगीलाल को गिरफ्तार करने में कामयाबी प्राप्त हुई है। आरोपी दिनेश कुमार पिछले 4 वर्षों से पश्चिमी राजस्थान में डोडा पोस्त का बड़ा किंगपिन रहा लेकिन कभी पकड़ा नहीं गया। आरोपी मांगीलाल गुजरात राज्य में 28 क्विंटल डोडा पोस्त के मामले में फरार चल रहा था, जबकि दिनेश करवट थाने में 2 साल वांछित चल रहा था।

एनसीबी नीमच, मध्यप्रदेश में भी एक मामले में दिनेश की गिरफ्तारी शेष है। दिनेश इतना शातिर था कि पिछले 4 साल से नशे के कारोबार में कभी अपना नाम तक आने नहीं दिया और तमाम सबूत सामने नहीं आने दिए और अब तक मात्र तीन प्रकरणों में ही वांछित रहा। वह पहले अपनी शौक-मौज के लिए इस इस धंधे में पड़ा और फिर छोटे से बड़ा व्यापारी बन गया। मादक पदार्थों की बड़ी खेप झारखंड से मंगवाकर सीधे पंजाब के तस्करों को आपूर्ति कर देता था।

# सरकार ने नगरपालिका को किया रद्द, ग्रामीणों के टूटे सपने

सिरोही, 29 मार्च (एजेंसियां)। राज्य सरकार ने करीब चार वर्ष पूर्व गठित सिरोही जिले की जावाल नगर पालिका सहित प्रदेश की 12 नगरपालिकाओं को फिर से ग्राम पंचायत बना दिया है। इस संबंध में स्वायत्त शासन विभाग ने गुरुवार को आदेश जारी किए हैं। इधर, सिरोही में जावाल नगरपालिका के फिर से पंचायत बनाने को लेकर क्षेत्र के लोगों में निराशा छा गई। हालांकि जावाल कस्बे को सरकार ने दूसरी बार नगर पालिका से ग्राम पंचायत में बदला है। जनवरी 2020 में यहां पंचायत सरपंच पद के चुनाव हुए थे। इसके बाद तत्कालीन सरकार ने अगस्त 2020 में पहली बार जावाल को चतुर्थ श्रेणी की नगर पालिका घोषित की थी, लेकिन तीन माह बाद ही नगर पालिका को फिर ग्राम पंचायत बना दिया। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने अप्रेल 2021 में ग्राम पंचायत से फिर नगर पालिका बनाई। जिसे अब गुरुवार को फिर से ग्राम पंचायत बना दिया। फर्जी पट्टों को लेकर चर्चा में रही जावाल पालिकाजावाल ग्राम पंचायत से लेकर नगरपालिका में तब्दील होने तक फर्जी पट्टों को लेकर काफी चर्चा में रही है। पहले पंचायत के समय फर्जी पट्टे उजागर हुए।

# भीषण सड़क हादसा, ड्यूटी से लौट रहे डॉक्टर और मेडिकल स्टूडेंट की मौत

बाड़मेर, 29 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के बाड़मेर जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, 4 लोग घायल हो गए। जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा देर रात नेशनल हाइवे 68 पर बाड़मेर मेडिकल कॉलेज के पास हुआ। सूचना पर ग्रामीण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस के मुताबिक बाड़मेर जिला अस्पताल में ड्यूटी के बाद एक डॉक्टर सहित 6 मेडिकल स्टूडेंट्स कार में सवार होकर मेडिकल कॉलेज जा रहे थे। तभी रात करीब 12 बजे मेडिकल कॉलेज से कुछ ही दूर पहले बाड़मेर-जैसलमेर हाईवे पर सामने से आ रही गाड़ी ने कार को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

भीषण सड़क हादसे में डॉक्टर अशोक कुमार और मेडिकल स्टूडेंट रमेश विश्नोई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में सवार इनके 4 साथी घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे उपचार के लिए गुजरात के अहमदाबाद रेफर किया है। बाकी तीन युवकों का बाड़मेर के जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से बाड़मेर जिला अस्पताल भिजवाया। हादसा इतना जबर्दस्त था कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और आगे की सीट पर बैठे दोनों युवकों के शव बुरी तरह फंस गए। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला। शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। आज परिजनों के आने के बाद शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव सौंप दिए है।

# बंडी संजय ने संविधान के खिलाफ असदुद्दीन की टिप्पणी पर नाराजगी जताई



करीमनगर, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने प्रतिद्वंद्वी एमआईएम पार्टी के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की इस टिप्पणी पर कड़ी आलोचना की है कि भविष्य में आरएसएस की विचारधारा से भारतीय संविधान को खतरा है। उन्होंने ओवैसी की टिप्पणियों पर नाराजगी जाहिर की और आरोप लगाया कि मजलिस पार्टी असली राष्ट्र विरोधी पार्टी है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि वक्फ बोर्ड विधेयक को पूरे देश से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक बहुत जल्द संसद में पारित हो जाएगा। उन्होंने कहा, हमने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर सभी की राय ली है। हमने पूरे देश से राय एकत्र की है। संसद समिति ने बैठक कर एक रिपोर्ट पेश की है। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक बहुत जल्द पारित हो जाएगा। इसे धर्म के नजरिए से सोचना और इसे रोकना ठीक नहीं है। ऐसा करने से लोगों के खिलाफ होने का खतरा है। मैं जानता हूं कि वक्फ बोर्ड के नाम और शैली के कारण गरीबों को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मोदी सरकार देश के लोगों के लिए और भी कड़े फैसले लेने से नहीं हिचकिचाएगी। बंडी संजय ने करीमनगर के जिला न्यायालय परिसर में वकीलों की डिजिटल लाइब्रेरी के लिए 15 लाख रुपये मंजूर किए। इस अवसर पर सभी वकीलों ने बंडी संजय को सम्मानित किया।



सत्यम शिवम सुंदरम गगन पहाड़ स्थित गौशाला में गौ सेवा करते गौ भक्त

## परिवार के साथ ईद मनाने का इंतजार कर रहे तेलुगु एनआरआई की मौत

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। एक तेलुगु एनआरआई श्रमिक की मृत्यु हो गई, तथा उसका शव त्यौहार से ठीक पहले उसके परिवार के पास पहुंचा। सऊदी अरब के अबहा शहर में ड्राइवर के रूप में काम करने वाले 60 वर्षीय शेख मोहम्मद अकबर की 19 फरवरी को अस्पताल ले जाते समय अचानक तबीयत बिगड़ गई और उनकी मृत्यु हो गई। गुरुवार को उनका शव उनके देश वापस भेज दिया गया। उनके भाई सत्तार ने बताया कि आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के चंद्रगिरी के मूल निवासी अकबर अपने परिवार के साथ रमजान बिताने की योजना बना रहे थे। इलाके के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता इब्राहिम पट्टांबी ने शव को वापस लाने के लिए कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने में परिवार की मदद की। पट्टांबी के मुताबिक, उसी समय तेलंगाना के एक एनआरआई का शव भी घर वापस लाया गया। पट्टांबी ने बताया कि सिद्दीपेट जिले के कोहेड़ा मंडल के जलागम अशोक की 8 फरवरी को दक्षिणी प्रांत के एक सुदूर स्थान पर मृत्यु हो गई थी और उनका शव भी गुरुवार को वापस घर भेज दिया गया।

# जलविद्युत परियोजनाओं के लिए हिमाचल प्रदेश के साथ समझौता




हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। अक्षय ऊर्जा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, तेलंगाना जेनको, राज्य सरकार ने तेलंगाना को बिजली आपूर्ति के लिए दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ज्ञापन हिमाचल प्रदेश की समृद्ध जलविद्युत क्षमता और तेलंगाना की स्थायी ऊर्जा समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता का लाभ उठाते हुए दोनों राज्यों के बीच एक रणनीतिक सहयोग को दर्शाता है। प्रस्तावित परियोजनाएं, सेली (400 मेगावाट) और मेयार (120 मेगावाट), स्वच्छ ऊर्जा के लिए तेलंगाना की बढ़ती मांग में योगदान देंगी और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करने में मदद करेंगी। शनिवार को शिमला में हस्ताक्षर समारोह में बोलते हुए, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा, हमारी सरकार तेजी से बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए राज्यों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। तेलंगाना की स्वच्छ और हरित ऊर्जा नीति 2025 के अनुरूप, यह समझौता ज्ञापन पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करते हुए हमारे ऊर्जा पोर्टफोलियो में विविधता लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हिमाचल प्रदेश के साथ साझेदारी करके, हम अपने भविष्य के लिए स्वच्छ, हरित और अधिक विश्वसनीय बिजली हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। हाइडल पावर विश्वसनीय अक्षय ऊर्जा का सबसे अच्छा स्रोत है। थर्मल पावर की तुलना में, हाइडल पावर उत्पादन की परिवर्तनीय लागत बेहद कम है। इसके अलावा, थर्मल पावर उत्पादन की लागत हर साल बढ़ती है, जबकि हाइडल पावर उत्पादन की लागत कम होती है। हिमाचल प्रदेश में बारहमासी हिमालयी नदियां हैं, जहां दक्षिण भारतीय नदियों पर हाइडल पावर उत्पादन की सीमित अवधि की तुलना में साल में 9-10 महीने हाइडल पावर पैदा करने की क्षमता है।

भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके तेलंगाना राज्य हिमाचल प्रदेश में हमारे देश के इस प्राकृतिक संसाधन का उपयोग करना चाहता है, ताकि तेलंगाना के लोगों को सस्ती, विश्वसनीय और हरित बिजली उपलब्ध कराई जा सके। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं को नामांकन के आधार पर तेलंगाना जेनको को सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी अक्षय ऊर्जा हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है और यह समझौता भारत के ऊर्जा क्षेत्र में अंतर-राज्यीय सहयोग के महत्व को उजागर करता है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में प्रमुख सचिव, ऊर्जा और सीएमडी टीजीजेनको संदीप सुल्तानिया, सीएमडी टीजीएसपीडीसीएल के मुशर्रफ फारुकी, निदेशक हाइडल टीजीजेनको सचिदानंद, मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश प्रबोध सक्सेना, सचिव विद्युत, (हिमाचल प्रदेश) राकेश कंवर और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस साझेदारी से तेलंगाना की बिजली उत्पादन क्षमताओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, साथ ही हिमाचल प्रदेश के अपने जलविद्युत संसाधनों का इष्टतम उपयोग करने के प्रयासों को भी समर्थन मिलेगा।

# भगवान भरोसे को टूटने नहीं देते : संत मदनमोहन दास



हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। पहाडी हनुमान मंदिर महेंद्रा हिल्स में सनातन संघ द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में पूज्य महाराज संत श्री मदन मोहन दास ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान पर भरोसा करो वह कभी भी भरोसे को टूटने नहीं देंगे। भगवान की कृपा जिस पर हो जाए फिर उसको किसी की कोई परवाह नहीं रह जाती। इसका उदाहरण भगवान की सुदामा से दोस्ती है। जिसकी अमर गाथा आज भी हर जुबान पर रहती है। भगवान का स्वभाव है कि वे हर सज्जन प्रेमी के लिए सदैव मदद को तैयार रहते हैं।

बता दें कि महाराजश्री निर्मोही अखाड़े के अध्यक्ष हैं। वृंदावन से पधारे संत मोहनदास की उनकी सरल भाषा, विद्वता और व्रजवासी व्यक्तित्व से भक्तजन काफी प्रभावित दिखे।

सनातन संघ के अनुसार स्वामी जी के तीन आश्रम हैं। वे अधिक समय तक वृंदावन में आश्रम में ही रहकर भगवद्भजन में लगे रहते हैं। गिरिराज जी के पास मांसी गंगा के किनारे भी उनका एक और आश्रम है। इसके अलावा उज्जैन में महाकाल की शरण में भी एक आश्रम संचालित है। ऐसे महान संत के मुख से श्रीमद् भागवत कथा सुनने का अवसर संजीवनी मंडल द्वारा पहाड़ी हनुमान मंदिर, महेंद्र हिल के लोगों को मिला। यह एक अद्भुत अवसर था, जहां भक्तों ने संत श्री मदन मोहन जी की कथा सुनकर अपने जीवन को धन्य बताया।

कार्यक्रम में श्रीमद् भागवत कथा सनातन संघ के महेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, संदीप चौधरी, महेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र खेतान, राजेश गोयल, रमेश खेतान, संतोष कुमार, मनोज मिश्रा, विनीता खेतान, कुसुम अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, सुरुचि चौधरी, रेणु गोयल आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## 12 सेक्स वर्कर पकड़ी गईं

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बीती रात को केपीएचबी मेट्रो स्टेशन, कुकटपल्ली और माधापुर क्षेत्रों के अंतर्गत भाग्यनगर बस स्टॉप पर एक ऑपरेशन चलाया गया। यह साइबराबाद के डीसीपी, डब्ल्यू एंड सीएसडब्ल्यू की देखरेख में एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स (एएचटीयू) द्वारा संचालित किया गया था। ऑपरेशन के परिणामस्वरूप, 12 सेक्स वर्कर पकड़ी गईं और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 के तहत कुकटपल्ली, केपीएचबी, गच्चीबावली पुलिस स्टेशनों पर मामले दर्ज किए गए। पकड़े गए व्यक्तियों को डीसीपी, डब्ल्यू एंड सीएसडब्ल्यू, साइबराबाद द्वारा अच्छे व्यवहार को सुनिश्चित करने के लिए बाध्य किया गया।

## मारपीट करने के आरोप में 6 गिरफ्तार

आदिलाबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जिला मुख्यालय में एक ऑटो चालक सैयद जहीर को लोगों के एक समूह ने अगवा कर लिया, उसके कपड़े उतार दिए और उसकी पिटाई की। लोगों ने उसे चेतावनी दी कि वह एक महिला के साथ अपने रिश्ते को जारी न रखे। पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि तीन अन्य अभी भी फरार हैं।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में शेख एजास, शेख सोहेल, शेख मुजीब, हसीबुल्लाह, उमर चाओश और सैयद जुबैर शामिल हैं और फरार हमलावर शेख सलीम, राहेल और सलीम हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों ने शेख सलीम के निर्देश पर अपराध करने की बात कबूल की है, जो ड्राइवर सैयद जहीर के खिलाफ अपनी बेटी के साथ घूमने-फिरने की रंजिश रखता था।

उन्होंने 26 मार्च को ज़हीर की पिटाई करने और सलीम की बेटी के साथ संबंध जारी रखने पर उसे जान से मारने की धमकी देने की बात स्वीकार की। स्थानीय डीएसपी जीवन रेड्डी ने कहा कि सलीम और दो अन्य को पकड़ने के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं। नौ लोगों के खिलाफ पहले ही मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच शुरू कर दी गई है।

## बिजली गिरने से मारे गए लोगों के परिवारों को 6 लाख रुपये का मुआवजा

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने पिछले पांच वर्षों में विभिन्न जिलों में बिजली गिरने और आग लगने की घटनाओं में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के परिवारों को मुआवजे की घोषणा की है। आपदा प्रबंधन विभाग ने जिला कलेक्टरों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि प्रभावित परिवारों को आवश्यक सरकारी सहायता मिले। राजस्व और आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि बिजली गिरने से मारे गए प्रत्येक परिवार को 6 लाख रुपये की राशि दी जाएगी, जबकि आग लगने की घटना के पीड़ितों के परिवारों को 4 लाख रुपये मिलेंगे। मंत्री ने प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द यह मुआवजा देने के महत्व पर जोर दिया। विभिन्न जिलों में कई व्यक्तियों को मुआवजा दिया गया है : भद्राद्री कोत्तागुडेम में छह व्यक्ति, नागरकर्नूल में छह, कोमाराम भीम में चार परिवार, हनुमाकोंडा में तीन परिवार और नारायणपेट, जोगुलम्बा, महबूबाबाद और मेदक में दो-दो परिवार। इसी तरह, राजन्ना सिरसिला, जनगांव, यादाद्री, पेद्दापल्ली, वारंगल, आदिलाबाद, जगित्याल, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, नलगोंडा, कामारेड्डी, निर्मल और सूर्यपेट जिलों में एक-एक व्यक्ति को भी मुआवजा मिला। इसके अलावा, राज्य सरकार ने हैदराबाद के रेड हिल्स में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में जान गंवाने वाले दस व्यक्तियों के परिवारों के लिए 40 लाख रुपये के अनुदान को मंजूरी दी है, जिसमें प्रत्येक परिवार को 4 लाख रुपये मिलेंगे।

इसके अलावा, हैदराबाद में रूबी होटल में आग लगने की घटना के आठ पीड़ितों के परिवारों को 32 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।

## तेलंगाना के राज्यपाल ने उगादी त्योहार पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। उगादी के अवसर पर राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने दुनिया भर के सभी तेलुगु भाषी लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। शनिवार को यहां एक विज्ञप्ति में राज्यपाल ने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह तेलुगु नव वर्ष आपके और आपके परिवार के लिए आशीर्वाद और समृद्धि लेकर आएगा। उन्होंने उगादी को खुशी और उम्मीद से भरा उत्सव बताया और कहा कि नया साल नई खुशियों और उज्ज्वल भविष्य का वादा करता है। राज्यपाल ने सभी को उगादी की भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसका प्रतिनिधित्व पारंपरिक उगादी पच्चड़ी के विभिन्न स्वादों द्वारा किया जाता है, ताकि जीवन की चुनौतियों का सामना आशावाद की भावना के साथ किया जा सके।

उन्होंने उम्मीद जताई कि 'श्री विश्वावसु नाम संवत्सरम' सभी के लिए शांति, समृद्धि, सद्भाव, स्वास्थ्य और खुशी लेकर आएगा।

## बेल्लमपल्ली में 6 स्थानों पर चोरी

## 17 तोला सोना लूटा

मंचेरियल, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। छह अलग-अलग घटनाओं में अज्ञात व्यक्तियों ने शुक्रवार देर रात बेल्लमपल्ली में चार घरों से 17 तोला सोना, 1.5 किलोग्राम चांदी और चार मोटरसाइकिलें लूट लीं। बेल्लमपल्ली टू टाउन इंस्पेक्टर अफजलुद्दीन ने बताया कि पहली घटना में चोरों ने तड़के करीब तीन बजे कस्बे के कैलटेक्स इलाके में बीआरएस नेता श्रवण के घर में रखी लोहे की अलमारी तोड़कर सोना और डेढ़ किलोग्राम चांदी चुरा ली। दूसरी घटना में, चोरों ने सरकारी शिक्षक सुधाकर के घर से तीन तोला सोना चोरी कर लिया, जब वे तड़के सो रहे थे। इसी बीच बदमाशों ने उसी इलाके में चार घरों के सामने खड़ी चार बाइकें उठा लीं। पुलिस ने क्लूज टीम और खोजी कुत्तों की मदद से सुराग जुटाए। मामले दर्ज किए गए। जांच शुरू की गई।

# स्व. बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती की जयंती पर वृत्त चित्र का प्रदर्शन



हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट द्वारा स्व. बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती के 97वीं जयंती पर बंजारा हिल्स स्थित ताज डेक्कन में बदरी विशाल पित्ती-कला, करुणा और कर्मयोग पर वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया गया जिसको भारी संख्या में लोगों ने देखा।

ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल के संयोजक अजित गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के पश्चात स्व.बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती के चित्र पर माल्यार्पण ट्रस्ट के लक्ष्मीनिवास शर्मा, जी.विजय कुमार, अक्षय पित्ती ने किया। ट्रस्टी अक्षय पित्ती ने सभी का स्वागत किया। बदरी विशाल पित्ती-कला, करुणा और कर्मयोग पर वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से ट्रस्ट के सीएमडी शरद बी.पित्ती, गोपेश्वर सिंह, अरुण गारोडिया, प्रयाग शुक्ल, उषा गारोडिया, स्वप्न सुन्दरी, गोपाल सिंह द्वारा वृत्त चित्र के माध्यम से बदरी विशाल पित्ती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके राजनीतिक, कला, सांस्कृतिक, हिन्दी की प्रसिद्ध पत्रिका कल्पना, समाज सेवा, हिन्दी के प्रति सेवा का विशेष तौर पर उल्लेख किया गया। अवसर पर पित्ती परिवार उस समय के सुसम्पन्न परिवार द्वारा निज़ाम के समय में आर्थिक व वित्त के कार्यों में प्रमुखता, शरद पित्ती के प्रपितामह सेठ मोतीलाल को उनके सामाजिक योगदान के कारण राजा बहादुर की उपाधि से अलंकृत किया जाना, पितामह सेठ बंसीलाल को भी रायबहादुर की उपाधि प्रदत्त करना। इसके अतिरिक्त सेठ बंसीलाल को अपनी उदारता व परोपकारी प्रवृत्ति के कारण सर (नाइटहुड) की उपाधि से ब्रिटिश सरकार द्वारा अलंकृत किया जाना। राजा पन्नालाल पित्ती निज़ाम सरकार के मानद (ऑनररी) वित्त परामर्शदाता और हैदराबाद के भारत में विलय से पूर्व गठित अंतरिम सरकार के 6 मंत्रियों में से एक होना। भारतीय सेना के समक्ष निजाम के आत्मसमर्पण में प्रमुख भूमिका का निर्वाह करना। कई धर्मशालाओं, अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों की स्थापना करना। बदरी विशाल पित्ती का सम्पूर्ण जीवन जरूरतमंदों, निर्धनों व गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित करने व साहित्य, कला, संगीत, सांस्कृतिक, राजनीतिक व सामाजिक कार्यों में गहरी रुचि पर सभी ने अपने विचार रखे। साथ ही हिन्दी साहित्य की सेवा में साहित्यिक पत्रिका कल्पना प्रारम्भ करना। विश्वविख्यात चित्रकार एम.एफ. हुसैन में छिपी प्रतिभा की पहचान कर प्रोत्साहित करना। बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती के राजनीतिक जीवन समाजवादी नेता, डॉ. राममनोहर लोहिया से सम्पर्क कर आजीवन समाजवादी आंदोलन के प्रमुख स्तम्भ बने रहना।सन् 1967 में संयुक्त समाजवादी पार्टी के टिकट पर आंध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित होना।बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती के सामाजिक कार्यों, शैक्षणिक संस्थानों व मन्दिरों को संचालित करना, साहित्य का प्रसार करना और गरीब व जरूरतमंद लोगों को सहयोग करना आदि का उल्लेख किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि अजित गुप्ता ने किया।

अवसर पर लक्ष्मीनिवास शर्मा, ट्रस्टी विजय कुमार, अजीत गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेन्द्र केडिया, कैलाश केडिया, विनय सी. अग्रवाल, उर्मिला अग्रवाल, गोपाल सिंह, शंकर यादव, घनश्याम भाटी, निखिल राणासरिया, कवि वेणुगोपाल भट्टड़, नंदगोपाल भट्टड, ज्योतिनारायण, अनुराधा रेड्डी, इन्द्रचंद जैन सहित साहित्य, कला, समाज सेवा से जुडे गणमान्य लोग उपस्थित थे।



जियागुडा स्थित श्री समर्थ कामधेनु गोशाला में शानि अमावस्या पर गौसेवा करते गोशाला के प्रभु दत्त महाराज, हरि किशन मायच्छ, जगदीश प्रसाद वर्मा, सत्यनारायण सोनी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, पंकज वर्मा, शरद वर्मा, मनोज सोनी, महावीर प्रसाद कड़ेल, माणकचंद देवाल, गोविंद कड़ेल, शरद वर्मा, चंद्रप्रकाश मायच्छ, उमेश रोड़ा, ओमप्रकाश देवाल, हंसराज बैवाल एवं अन्य।

## भद्राचलम इमारत ढहने के मामले में 2 के खिलाफ एफआईआर

कोत्तागुडेम, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भद्राचलम कस्बे की पुलिस ने बुधवार को कस्बे में ढही एक निर्माणाधीन इमारत के मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, श्रीनिवास श्रीपति (शेख मौलाना) और श्रीनिवास स्वाति के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या के लिए सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ज्ञात हो कि भारतीय मानवाधिकार संरक्षण परिषद के पुनेम प्रदीप कुमार ने कस्बे में ग्राम पंचायत कार्यालय के पास सुपर बाजार केंद्र में अवैध निर्माण के खिलाफ जुलाई 2024 में जिला पंचायत अधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 30 साल पहले छह कमरों का मकान बनवाकर उसे मंदिर बना दिया गया था। बाद में श्रीपति ने श्रीपति सेवा ट्रस्ट के माध्यम से चंदा इकट्ठा करके ग्राम पंचायत की अनुमति के बिना पुराने मकान की नींव पर भवन का निर्माण शुरू कर दिया।



शवि मंदिर शमशेरगंज स्थित गौशाला में गौ सेवा करते हुए भक्त



आज शनि अमावस्या के अवसर पर इमलिबन गौशाला गौलिगुडा में गायों को हरा चारा एवं फल खिलाते हुये एएमसी बोइनपल्ली के वरिष्ट सरकारी सलहकार मेम्बर ए गौतम जैन। इस अवसर पर उपस्थित पी. राजेंद्र यादव, मनोज सुराणा, गजानंद चौधरी, श्रीकिशन शर्मा, प्रेमचंद मुनव्वर, रघुनंद गोपी, एम. नरसिंग राव, पूरब सुराना, अबर्ष मुनीत आदि इस अवसर पर गौ सेवा की।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, दंपति घायल

हैदराबाद, 29 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार रात अमीरपेट में एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे एक दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गए। दंपत्ति अमीरपेट से एसआर नगर जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दंपत्ति बाइक से गिर गए और उन्हें चोटें आईं। स्थानीय पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# शुभमन गिल ने डोनेट किए 35 लाख के मेडिकल उपकरण

## मोहाली सिविल अस्पताल में लगाए जाएंगे, पूरी हो सकेगी मरीजों की जरूरत

चंडीगढ़, 29 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज और आईपीएल में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने मोहाली के जिला अस्पताल को 35 लाख रुपये के मेडिकल उपकरण डोनेट किए हैं. इन उपकरणों में वेंटिलेटर, सीरिंज पंप, ओटी टेबल, सीलिंग लाइट्स, आईसीयू बेड और एक्स-रे सिस्टम शामिल हैं. सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन ने कहा कि शुभमन गिल की इस पहल से अस्पताल में मरीजों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी. इस समय शुभमन गिल आईपीएल 2025 में व्यस्त हैं.



गिल का जन्म जिला फाजिल्का के गांव जैमल सिंह वाला में हुआ था, लेकिन उनका मोहाली से गहरा नाता है. उन्होंने क्रिकेट की शुरुआत मोहाली में की थी और यहीं पर उन्होंने इसके सभी बारीकियों को सीखा. शुभमन ने मोहाली के फेज-10 के एक निजी स्कूल से अपनी पढ़ाई की है और अब वह मोहाली के नए सेक्टरों में अपना आलीशान घर बना रहे हैं.

क्रिकेट के प्रति गिल का प्यार बहुत गहरा था, जिसे जुनून में बदलने में उनके पिता लखविंद्र सिंह ने भरपूर मदद की. उन्होंने सबसे पहले खेतीबाड़ी छोड़कर मोहाली में शिफ्ट होने का फैसला किया. गिल ने स्कूल की क्रिकेट अकादमी में कोचिंग ली और बाद में पीसीए मोहाली की क्रिकेट अकादमी में दाखिला लिया.

### शुभमन गिल को पंजाब का 'स्टेट आइकन' बनाया गया

लोकसभा चुनाव से पहले शुभमन गिल को पंजाब का 'स्टेट आइकन' नियुक्त किया गया था. इसके तहत वह मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए नजर आए थे. पंजाब निर्वाचन आयोग ने उनके माध्यम से खासकर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया. उनके संदेश वाले वीडियो भी तैयार किए गए थे, ताकि मतदान की अहमियत को और बढ़ावा दिया जा सके. मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन ने कहा कि पंजाब के क्रिकेटर शुभमन गिल खेल प्रेमियों, विशेषकर युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय हैं, और उन्हें चुनावों के लिए 'स्टेट आइकन' बनाया गया है.

### गुजरात बनाम मुंबई के बीच मुकाबला आज

शुभमन गिल की टीम गुजरात टाइटंस आज यानि शनिवार 29 मार्च को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस की टीम के साथ शाम 7:30 बजे मुकाबले की शुरूआत करेगी. दोनों टीमों के लिए यह मैच अहम होगा क्योंकि दोनों टीमें अपना पहला पहला मुकाबला हारकर इस मैच में उतरेंगी.

# कोलकाता-लखनऊ आईपीएल मैच 6 की बजाय 8 अप्रैल को होगा

## पुलिस ने सुरक्षा देने से मना किया; पिछले साल भी बढ़ी थी तारीख

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर 19 को रीशेड्यूल किया गया है. यह मैच, जो मूल रूप से 6 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में आयोजित होने वाला था, अब मंगलवार, 8 अप्रैल को खेला जाएगा. यह फैसला कर्मियों की तैनाती के संबंध में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल से कोलकाता पुलिस द्वारा किए गए अनुरोध के कारण लिया गया है



### केकेआर बनाम एलएसजी मैच अब 8 अप्रैल को होगा

बीसीसीआई की ओर से जारी आधिकारिक रिलीज में कहा गया है, 'भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर 19 के पुनर्निर्धारण की घोषणा की है, जो मूल रूप से रविवार, 6 अप्रैल, 2025 को ईडन गार्डन, कोलकाता में होने वाला था'.

### कोलकाता पुलिस के अनुरोध पर बदला शेड्यूल

बीसीसीआई के अनुसार,'यह फैसला कोलकाता पुलिस द्वारा क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) से त्योहारों के कारण शहर भर में कर्मियों की तैनाती के संबंध में किए गए अनुरोध के बाद लिया गया है. अधिकारियों ने सिफारिश की है कि मैच को मंगलवार, 8 अप्रैल, 2025 को दोपहर 3:30 बजे स्थानांतरित किया जाए, और अनुरोध को तदनुसार समायोजित किया गया है. शेष शेड्यूल अपरिवर्तित रहेगा'.

### ईडन गार्डन्स पर ही खेला जाएगा मुकाबला

इस प्रकार, मैच के रिशेड्यूल होने के साथ, 6 अप्रैल, रविवार को सिंगल-हेडर मैच होगा जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद गुजरात टाइटन्स के खिलाफ खेलेगा. मंगलवार, 8 अप्रैल को अब डबल-हेडर मैच होगा, जिसमें केकेआर बनाम एलएसजी मैच भी शामिल है.

बता दें कि, पहले ऐसी खबरें थीं कि मैच का स्थान कोलकाता से बदला जा सकता है. हालांकि, नए अपडेट से यह साफ हो गया है कि वेन्यू में कोई बदलाव नहीं हुआ है, बल्कि केवल मैच की तारीख में बदलाव हुआ है. जो गत चैंपियन केकेआर के फैंस के लिए यह एक अच्छी खबर है.

# ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ बने नेपाल के हेड कोच

## भारत के मोंटी देसाई की जगह ली, 4 से ज्यादा टीमों को कोचिंग दे चुके

काठमांडू, 29 मार्च (एजेंसियां)। क्रिकेट जगत से जुड़ी हुई बड़ी खबर सामने आ रही है। इस दौरान नेपाल की क्रिकेट टीम को नया कोच मिल गया है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ को अगले दो साल के लिए नेपाल की पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह मोंटी देसाई की जगह लेंगे।



जिनका दो साल का कार्यकाल इस साल फरवरी में समाप्त हो गया था। ऐसे में यह जानकारी नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से 'एक्स' पर दी। पोस्ट में लिखा, "ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टुअर्ट लॉ अगले दो वर्षों के लिए नेपाल पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कमान संभालेंगे।" लॉ के पास कोचिंग का बहुत अनुभव है। इसके साथ ही उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय टीमों के साथ काम किया है।

बताया जा रहा है कि स्टुअर्ट लॉ बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के मुख्य कोच के साथ-साथ श्रीलंका और अफगानिस्तान के अंतरिम कोच भी रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कई कोचिंग पदों पर काम किया है, जिसमें राष्ट्रीय टीम के लिए बल्लेबाजी कोच की भूमिका और अंडर-19 टीम के साथ काम करना शामिल है। एक खिलाड़ी के रूप में, लॉ ने 54 वनडे और एक टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया।

आपको बता दें कि स्टुअर्ट लॉ से पहले मोंटी देसाई के नेतृत्व में नेपाल ने 2024 की शुरुआत में यूएसए (टी20आई) और कनाडा (वनडे) के खिलाफ जीत हासिल की। हालांकि, प्रमुख टूर्नामेंटों में उनका अभियान चुनौतीपूर्ण रहा। नेपाल ने 2024 में अपना दूसरा टी20 विश्व कप खेला, लेकिन एक भी मैच जीतने में कामयाब नहीं हो सका।

### महत्वपूर्ण बिंदु

स्टुअर्ट लॉ के शानदार अनुभव और नेपाल की युवा टीम के साथ, अगले दो साल टीम के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं। नेपाल की टीम का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विकास करना है।

# दक्षिण भारत के दो शहर करेंगे जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी, नवंबर-दिसंबर में होगा आयोजन

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई और मदुरै करेंगे। हॉकी इंडिया ने बताया कि इस टूर्नामेंट का आयोजन 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होगा। पहली बार खिताब के लिए इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी।



### तीसरी बार भारत में होगा टूर्नामेंट

यह तीसरी बार होगा जब भारत जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। इससे पहले, 2016 में लखनऊ और 2021 में भुवनेश्वर ने इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया के लिए आगामी एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करना गर्व की बात है। इस बार टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग ले रही हैं लिहाजा इसका आयोजन दो शहरों चेन्नई और मदुरै में किया जा रहा है। चेन्नई में 2023 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खेली गई थी, जबकि मदुरै में पहली बार इस स्तर का अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट हो रहा है। हमें खुशी है कि देश के विभिन्न इलाकों में हॉकी टूर्नामेंटों का आयोजन हो रहा है।

अर्जेंटीना ने 2021 में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप का खिताब जीता था, जबकि जर्मनी 2023 में कुआलालंपुर में हुए इस वैश्विक टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। भारत सेमीफाइनल और कांस्य पदक के प्लेऑफ में हारने के बाद चौथे स्थान पर रहा था।

# मनीषा ने एशियाई चैम्पियनशिप में पहला स्वर्ण जीता, अंतिम पंघाल को कांस्य

अम्मान (जॉर्डन), 29 मार्च (एजेंसियां)। अनुभवी भारतीय पहलवान मनीषा भानवाला ने यहां एशियाई चैम्पियनशिप में 2021 के बाद भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया जबकि अंतिम पंघाल को कांस्य से संतोष करना पड़ा। मनीषा ने महिलाओं की 62 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में कोरिया की ओक जे किम को 8 . 7 से मात दी । इससे पहले उन्होंने कजाखस्तान की टाइनिस डुबेक पर तकनीकी श्रेष्ठता से आसान जीत के साथ शुरुआत की और कोरिया की हनबिट ली को चित्त करके एक और शानदार जीत हासिल की।





मनीषा ने सेमीफाइनल में कलमीरा बिलिमबेक काजी के खिलाफ भी दबदबा बनाते हुए केवल एक अंक गंवाते हुए 5-1 से जीत दर्ज की। भारत को 2021 में अलमाटी में हुई चैम्पियनशिप में विनेश फोगाट और सरिता मोर ने पीला तमगा दिलाया था। वहीं पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक अभियान के बाद 20 साल की अंतिम अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल रही थी। उन्होंने 53 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग को शिकस्त दी लेकिन जापान की मो कियूका के की चुनौती का सामना करने में नाकाम रही। जापान की पहलवान ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत हासिल की।

कांस्य पदक के प्लेआफ में उन्होंने ताइपै की मेंग एच सियेह को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। नेहा शर्मा (57 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा) और ज्योति बेरीवाल (72 किग्रा) पदक दौर तक नहीं पहुंच सकीं। भारत ने अब तक टूर्नामेंट ग्रीको रोमन में दो पदक समेत एक स्वर्ण, एक रजत और छह कांस्य जीते हैं। पुरुषों की फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता शनिवार से शुरू होगी।

# आरसीबी से हार के बाद सीएसके का अजीबोगरीब बहाना

## कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने ये क्या कह दिया?

खेल डेस्क, 29 मार्च (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2025 के अपने दूसरे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों 50 रनों से हार का सामना करना पड़ा. इस मुकाबले में सीएसके का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और बल्लेबाजी तो पूरी तरह से फ्लॉप रही. ये चेन्नई सुपर किंग्स की अपने घर पर अभी तक की सबसे बड़ी हार भी थी. मुकाबले के बाद सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने हार की वजह खराब फिल्डिंग बताई. लेकिन टीम के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कुछ और ही बयान दिया.

### स्टीफन फ्लेमिंग ने किसे माना सीएसके की हार का जिम्मेदार?

चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग में मुकाबले के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वह चेपॉक की पिच को समझ नहीं पा रहे हैं. उनका कहना है कि हाल के सालों में सीएसके चेपॉक की पिच को पढ़ने में सक्षम नहीं है. बता दें, चेपॉक की पिच स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है. लेकिन इस बार कुछ अलग ही देखने को मिल रहा है. इस बार स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों के लिए ज्यादा मदद दिखाई दे रही है. आरसीबी के तेज गेंदबाजों ने इसका भरपूर फायदा उठाया. लेकिन सीएसके के पास स्पिनर्स ज्यादा है.





फ्लेमिंग ने कहा, 'जैसा कि हम आपको कई सालों से बता रहे हैं, चेपक में घरेलू मैदान पर खेलने का कोई फायदा नहीं है. हमने कई बार घर से बाहर जीत हासिल की है और हम इस पिच को पढ़ नहीं पाए हैं. हम आपके साथ बहुत ईमानदार रहे हैं. हम पिछले कुछ सालों में यहां विकेट को पढ़ नहीं पाए हैं. इसलिए, यह कोई नई बात नहीं है. हम हर दिन जो मिलता है, उससे निपटने की कोशिश कर रहे हैं, और हमें नहीं पता.'

### ओस ने भी बिगाड़ा सीएसके का खेल

स्टीफन फ्लेमिंग ने आगे कहा, 'यह पुराना चेपॉक नहीं है, जहां आप बस जाकर चार स्पिनरों को खेला सकते हैं. हमें हर पिच की प्रकृति को समझने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है, और यह काफी अलग है.' दूसरी ओर फ्लेमिंग को उम्मीद थी कि ओस पड़ने से उन्हें लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी. लेकिन ऐसा नहीं हुआ और दूसरी पारी में पिच और भी धीमी हो गई. उन्होंने कहा, 'नहीं, हम इसे सही से नहीं समझ पाए. इसे पढ़ना बहुत मुश्किल है, लेकिन हमें लगा कि यह ओस के साथ फिसल जाएगा, लेकिन यह वास्तव में थोड़ा चिपचिपा हो गया. इसलिए इसने निश्चित रूप से टारेगट को कठिन बना दिया.'

# बाबर-रिजवान भी आ गए, फिर भी पाकिस्तान को नहीं मिली जीत

## न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में कर दी मिट्टी पलीद

नेपियर, 29 मार्च (एजेंसियां)। टी20 सीरीज हारने के बाज वनडे सीरीज से पाकिस्तान की उम्मीदें बंधी थी. लेकिन, यहां भी कहानी ढाक के तीन पात जैसी रही. मैदान बदला, पाकिस्तान की टीम में बदलाव दिखा, मगर जो नहीं बदला वो रहा उनके हारने का सिलसिला. न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को नेपियर में खेले पहले वनडे में 73 रन से हरा दिया. मतलब ये कि बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के टीम में आने का भी पाकिस्तान को कोई फायदा नहीं हुआ.



न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के सामने जीत के लिए 50 ओवर में 345 रन का लक्ष्य रखा था. लेकिन पाक टीम 44.1 ओवर में 271 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और वो ये मुकाबला हार गए.पाकिस्तान की ओर से बाबर आजम टीम के टॉप स्कोरर रहे, जिन्होंने 83 गेंदों का सामना करते हुए 78 रन बनाए. बाबर के अलावा सलमान आगा ने भी 58 रन की पारी खेली. वहीं कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 34 गेंदों पर 30 रन बनाए. बाबर और रिजवान T20 सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थे, जिसे पाक टीम ने 1-4 से गंवाया था. लेकिन अब जब वो दोनों वनडे टीम का हिस्सा हैं, तब भी टीम का हाल ज्यादा बेहतर नहीं हुआ है. न्यूजीलैंड की ओर से नाथन स्मिथ सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने पाकिस्तान के 4 बल्लेबाजों को आउट किया. इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर मैच में पहले न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी के लिए उतारा था. जब उसने सिर्फ 50 रन पर न्यूजीलैंड के 3 विकेट गिरा दिए तो लगा कि फैसला सही है. लेकिन, उसके बाद मार्क चैपमैन और डैरिल मिचेल के बीच हुई साझेदारी ने बाजी पलट दी. दोनों के बीच हुई 199 रन की साझेदारी ने न्यूजीलैंड के स्कोर को 4 विकेट पर 249 रन तक पहुंचा दिया.

मिचेल के साथ पार्टनरशिप के दौरान ही चैपमैन ने अपना तीसरा वनडे शतक भी पूरा किया. उन्होंने 94 गेंदों पर शतक जमाया. उनकी कुल इनिंग 111 गेंदों की रही, जिस पर उन्होंने 132 रन बनाए, जो कि उनके करियर का सबसे बड़ा वनडे स्कोर है.

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 3 वनडे की सीरीज हैं, जिसमें नेपियर में खेला पहला मैच जीतकर न्यूजीलैंड ने 1-0 की बढ़त बना ली है. ऐसे में 2 अप्रैल को होने वाला दूसरा वनडे अब पाकिस्तान के लिए ज्यादा अहम हो गया है.

# 'हम बहुत अच्छा खेल रहे थे, लेकिन'

## करारी हार पर छलका मोहम्मद रिजवान का दर्द

खेल डेस्क, 29 मार्च (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड दौरे पर गई पाकिस्तान टीम के साथ कुछ भी ठीक नहीं हो रहा. पहले उसे टी20 सीरीज में 4-1 से हार मिली. अब वनडे सीरीज के पहले ही मैच में पाकिस्तान को 73 रनों से करारी हार झेलनी पड़ी है. इस मुकाबले में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह जैसे स्टार खिलाड़ी थे. इसके बाद भी टीम को करारी शिकस्त मिली. हार के बाद कप्तान रिजवान ने बताया कि आखिर कहां टीम से चूक हो गई.

पहले वनडे में मिली हार पर पाकिस्तानी कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा 'हम बहुत अच्छा खेल रहे थे, मामला ठीक चल रहा था, लेकिन हमने विकेट खो दिए और हम दबाव में आ गए. हमें सीखने और सुधार करने की ज़रूरत है.'



मोहम्मद रिजवान ने कहा 'हमने बल्लेबाजी में अच्छे इरादे से शुरुआत की, लेकिन अंत में दबाव बन गया. जब आप लक्ष्य के करीब होते हैं, तो दबाव अधिक होता है. 3-4 ओवरों ने गति बदल दी. सुबह पहले पिच पर बल्लेबाजी करना मुश्किल था. चैपमैन ने वास्तव में अच्छा खेला. हमें और सुधार करने की जरूरत है. टॉस का फायदा उठाना होगा. हमारे पास मध्य क्रम में कुछ नए खिलाड़ी हैं, इन परिस्थितियों में खेलना एक अच्छी चुनौती है.

### मैच का लेखा-जोखा

अगर मैच की बात करें तो न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए बोर्ड पर 9 विकेट खोकर 344 रन बनाए थे. मार्क चैपमेन ने 111 गेंदों पर 132 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और 6 छक्के शामिल थे. उनके अलावा डेरिल मिचेल ने 76 और मोहम्मद अब्बाज ने 26 गेंदों पर 52 रन ठोके. इसके बाद कीवी टीम के गेंदबाजों ने कमाल की बॉलिंग की. नाथन स्मिथ ने कीवी टीम के लिए 8.1 ओवर में सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके. 2 विकेट जैकब डफी को मिले.

### पाकिस्तान के लिए बाबर ने बनाए सबसे ज्यादा रन

पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने 83 गेंदों पर 78 रन बनाए. उनके अलावा दोनों ओपनर अब्दुल्ला शफीक (36) और उस्मान खान ने (39) रनों के साथ बढ़िया शुरुआत दिलाई थी. लेकिन मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज फ्लॉप रहे, सलमान अली आगा ने जरूरी 58 रन बनाए, लेकिन उन्हें किसी और बल्लेबाज का साथ नहीं मिला. लिहाजा पूरी टीम 271 रनों पर सिमट गई.

समाज बन्धुओं को चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत 2082 व उगादि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
मोहनलाल हाम्बड़
अध्यक्ष सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
C.Mohanlal Choudhary Jewellers
Kushaiguda ❊ Keesara, Hyderabad
P.Solankey

समाज बन्धुओं को चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत 2082 व उगादि की हार्दिक शुभकामनाएँ
अध्यक्ष सीरवी शिक्षा समिति तेलंगाना पारसीगुटा
एवं कार्यकारिणी सदस्या सीरवी महिला मंडल तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
लाडुराम पंवार
एल. राजेन्द्र ज्वैलर्स, सनतनगर, हैदराबाद
एल. राजेन्द्र ज्वैलर्स, के.पी.एच.बी. हैदराबाद
जीमनीबाई पंवार
P.Solankey

समाज बन्धुओं को चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत 2082, उगादि की हार्दिक शुभकामनाएँ
नारायणलाल काग
सचिव सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
Jai Ambe Jewellers Ram Nagar
9849722490
P.Solankey

समाज बन्धुओं व शुभचिंतक ग्राहकों को चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत 2082 व उगादि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
: सलाहकार :
जसवन्त देवड़ा
सलाहकार सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
Happy Ugadi
: अध्यक्षा :
सुशीला देवड़ा
अध्यक्षा सीरवी महिला मंडल तेलंगाना पारसीगुटा
J.N. Paints & Hardware TowliChoki
Mahalaxmi Marketing Manikonda

चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082, उगादि की समाज बन्धुओं को हार्दिक बधाई
कार्यकारिणी सदस्य
सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
एवं सीरवी महिला मंडल तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
सरस्वती ग्रूप (गोल्ड एंड सिल्वर शोरूम)
पॉट मार्केट सिकंदराबाद 9494252517
किशनलाल राठौड़
अनिता राठौड़
P.Solankey

चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक बधाई
मांगीलाल काग
सीरवी समाज जीडिमेटला
(कालूराम काग गौभक्त)
Bhavani Silver Palace - Raju Colony, Balanagar

सभी समाज बन्धुओं चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 व उगादि की हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएँ
प्रभुराम परिहारियां
संरक्षक, सीरवी समाज कोरेमुला
Mahalakshmi Jewellers, Ghatkesar Hyderabad

चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 व उगादि की हार्दिक बधाई
सोहनलाल परिहार
सीरवी समाज जीडिमेटला
श्री पद्मा ट्रेडर्स, चिंतल

चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 व उगादि की बधाई
धर्माराम कड़वा
कोषाध्यक्ष
वीर तेजा नवयुवक मंडल भोनगिरी
सलाहकार जाट समाज ट्रस्ट हैदराबाद
जय गणेश ज्वैलर्स मैन रोड़ भोनगिरी

सभी समाज बन्धुओं को चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 व उगादि की हार्दिक बधाई
कैलाश सारण
उपाध्यक्ष जाट समाज ट्रस्ट
दिव्या ज्वैलर्स एंड पॉन ब्रोकर्स एन.टी.आर.नगर हैदराबाद

हिंदू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
सभी समाज बन्धुओं को चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएँ
सतपाल ढाढिया
अ.भा.आर्दश जाट महासभा
यदाद्रि भुवनगिरी जिला अध्यक्ष
श्री धनलक्ष्मी ज्वैलर्स आलेर 9866942307

समाज बन्धुओं को चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 व उगादि की हार्दिक बधाई
विष्णु रामावत
अध्यक्ष तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल सिकंदराबाद
Vipul Electrical & Engineering Company
Old Bhoiguda Secunderabad

चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत 2082 व उगादि की हार्दिक बधाई
बाबूलाल वैष्णव
उपाध्यक्ष तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल सिकंदराबाद
बालाजी बाबूलाल पॉन ब्रोकर्स
सुभाषनगर हैदराबाद

चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 व उगादि की हार्दिक बधाई
संतोषकुमार वैष्णव
महासचिव: तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल
बालाजी संतोषकुमार ज्वैलर्स
येलम्माबंडा, कुकटपल्ली हैदराबाद

चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक बधाई
अमरचन्द अडाणीया
संरक्षक कुमावत समाज उप्पल काचवानी सिंगारम
श्री गुरुकृपा इलेक्ट्रीकल्स एंड हार्डवेयर
बंडलागुडा रोड़
नागोल एक्स रोड़

समाज बन्धुओं को चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 एवं उगादि की हार्दिक बधाई
पुसाराम काग
अमित काग, भरत काग
Balaji Jewellers & A.M.Fashions - Fathehnagar, Hyderabad

चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएँ
ढगलाराम सेपटा
सहसचिव
श्री आईजी गौशाला
:Distributor:
Orient Fans, Surya LED's
जय गणेश मार्केटिंग अशोकनगर

चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएँ
बोराराम सीरवी
( हेमन्त सीरवी )
गौभक्त 7032278144
चामुण्डा मार्केटिंग, चेरलापल्ली
P.Solankey

चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएँ
पुनाराम हाम्बड़
पूर्व सचिव सीरवी समाज पारसीगुटा
न्यु रामदेव इलेक्ट्रीकल्स
चकरीपुरम, नागारम

समाज बन्धुओं को चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएँ
प्रकाश आगलेचा
अध्यक्ष सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा
श्री भवानी मार्केटिंग बालापुर

चैत्र नवरात्रि एवं उगादि की शुभकामनाएँ
ashirvad by aliaxis
Water Storage Tank
Built on quality, trust, and a legacy spanning over two decades.
दुनिया के सबसे अधिक बिकने वाले
CPVC पाईप्स एवं फिटिंग्स uPVC कॉलम पाईप्स
:प्रबंधक:
: Ashirvad Distribution Partner :
SRI JAI BHAVANI MARKETING®
HYDERABAD & WARANGAL
महेन्द्र चौधरी, Ph.No: 94400 67447
96761 36053, 93984 75203

समाज बन्धुओं को चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक शुभकामनाएँ
पुखराज सोयल
सचिव सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा
हनुमान इलेक्ट्रीकल सरुरनगर

समाज बन्धुओं को चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2082 की हार्दिक बधाई
दौलतराम पंवार
कोषाध्यक्ष सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा
जय भवानी इलेक्ट्रीकल हार्डवेयर मीरपेट

समाज बन्धुओं को चैत्र नवरात्रि व उगादि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
नत्थाराम सोलंकी
राकेश सोलंकी
मुकेश सोलंकी
मुकेश प्लाईवुड
लक्ष्मीनगर, ईस्ट मारेडपल्ली सिकंदराबाद
Mobile No. : 9618468385, 9490439851
P.Solankey

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.